सचिवालय सेवा संघ के 1000 पदाधिकारी-कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर

# पदाधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर, सचिवालय व निदेशालयों में कामकाज ठप

- फाइलों का मूवमेंट रुका, कार्मिक सचिव के खिलाफ संघ ने जतायी नाराजगी
- 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे पदाधिकारी और कर्मचारी

प्रमुख संवाददाता । रांची



मंगलवार को सचिवालय (प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस) और निदेशालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा. सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी सामुहिक अवकाश में चले गए हैं. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि 12 सितंबर तक सचिवालय सेवा के पदाधिकारी और कर्मचारी सामुहिक अवकाश में रहेंगे. संघ ने कार्मिक सचिव के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा है कि जिन प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है, उसमें कार्मिक सचिव अड़ंगा लगा रहे हैं.

**तीन महीने से चल रहा है आंदोलन :** सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन महीने से आंदोलन कर रहे हैं. सचिवालय सेवा में लगभग 1000 पदाधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं. मंगलवार को सामुहिक अवकाश में रहने के कारण सरकारी विभागों में लगभग 3500 फाइलों का मूवमेंट रूक गया है. हर दिन एक विभाग में औसतन 100 से अधिक फाइलों का मूवमेंट होता है.

**महासचिव के विभागीय प्रमुखों को लिखा था पत्र :** संघ के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिख कर कहा था कि उनकी मांगे कई सालों से सरकार के पास लंबित है. इस उपेक्षापूर्ण रवैया की वजह से संघ के पास चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है. संघ की कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि आंदोलन के अगले चरण में 10 से 12 सितंबर तक सभी पदाधिकारी व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे.

### संघ की क्या है छह मांगे

- सचिवालय सेवा के पदाधिकारी व कर्मचारी की लंबित प्रोन्नति दी जाये.
- प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर पूर्व के प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ दें.
- प्रशाखा पदाधिकारियों को अकार्यात्मक वेतनमान की स्वीकृति दें.
- सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के पदों का सृजन हो.
- संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव व प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति मिले.
- शिशु शिक्षण भत्ता दें और सचिवालय सेवा के मूल कोटि के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती हो.

### उड़नदस्ता तैयार

सचिवालय सेवा संघ के निर्णय के खिलाफ सचिवालय सेवा का कोई पदाधिकारी या कर्मचारी काम न करे, इसके लिए संघ की ओर से छह उड़नदस्ता की टीम गठित की गई है. जो औचक निरीक्षण कर देखेगी कि सचिवालय सेवा के कौन पदाधिकारी और कर्मचारी संघ के निर्णय के खिलाफ काम कर रहे हैं.

## वाह भक्त जी वाह... खुद पार्टी के लतिया के भागे, लौटे तो दूसर के गद्दार बताइले हैं

संजय सिंह

पंजा पार्टिया में एगो नेताजी हैं. न... न... नेताजी न कहा जाए दिल्ली के बड़का हाउसवाले महोदय जी हैं. इ पहिले अफसर हुआ करते थे. अफसर थे, तभिए से राजनीति वाला पिलुआ काटले था. नौकरी छोड़ कर चल आए राजनीति में झूठ-साच करेला. किस्मत लहलहाया तो विधायक बन गए. पार्टिया में इनको ढेरे सम्मान मिला. ऊपरे तक पहुंचाया. लेकिन ई साहिब ऊ पार्टी के भी पंजा मरोड़ कर लतियाए में तनिको देरी न किए. फूल वाला पार्टिया ललचाया, तो निकल लिए. पुरनकी पार्टिया के ढेरे जोर से लात मार दीहिन. अंडबंड भी बोले लगे. लेकिन जनता ने ई साहिब को अईसा सबक सिखाया कि साहिब ढेरे दिन तक हबकुनिए गिरल-पड़ाइल रहे. फूलवा को तो मुरझाइए दीहिन, खुद भी मुरझाईल-मरुआईल मुंह छुपाइले फिरते रहे. चुनाव में छितराये, तो फूल वाले नेताजी भी मुंह मोड़ लिए. कहे लगे, अरे ई देखो दलबलुआ को. हमलोग के पार्टियां में भी आकर नाशिए दीहिस. अब अफसर से नेता बने ई नेताजी मुंह लटकाईले घूमते रहे. फूल पार्टिया में सफोकेशन होवे लगा, तो पुरनकी पार्टिया में फिरो से घुसियाए लगी हाथ-पैर मारे लगे. दिल्ली दरबार में नेताजी लोगन के सामने नाक रकड़े लगे. रोये, गिड़गिड़ाए लगे... कहे लगे हमसे भूल हो गई, हमका माफी देई दो. दिल्ली दरबार ने तो माफी दे दी, तो लगे अईंठाए. दिल्ली से सीना टाइट कईले लौटे, लगे हेंकड़ी बघारे.

**चुनावी चकल्लस**



अफसर से नेतई में इंट्री मारेवाले नेताजी का क्षुद्दरपन झारखंड के पार्टीवाला लोग के ठीक न लगा. लोकल नेता-कार्यकर्ता लोग इन्हें अजब तरीके वाली नजरों से देखे लगे. लेकिन भाई मूछ पर ताव देवेवाले नेताजी आव-भगत, गेटिंग सेटिंग के पुरनका खिलाड़ी थे, ईहां भी घिघिया के सेटिंग कर लीहिन. यहां भी पुरनका एलचा-बेलचा लोग फिर से इनके लिए पैडल मारे लगा. अब देखिए न, पार्टी ने इनको फिर से सम्मान दिया. चुनाव लड़वाया, जितवाया भी, तो लगे फुदुकने. बुझाया अकेले ही तीर मार लिए हैं. अब तो अफसर टर्नंड नेताजी तनिका ज्यादा ही फुदके लगे. अपनी पार्टिया के दूसर नेताजी लोगन को गद्दार का भी सर्टिफिकेट बांटे लगे हैं. बॉक्साइट खदानवाले इलाके के इनकी पार्टिया के नेताजी लोग कहे लगे- अरे भाई खुद जे लालच में पार्टी के ठीक चुनाव के समय लात मार कर, गच्चा देके भाग लिया, अब भला ओकरा बारे में का कहल जाए. अब तो लोग खुदे तय करलेवे कि गद्दार कौन? वइसे ई नेताजी पार्टी कृपा से दिल्ली का पहुंच गए, ईहांवाला नेताजी लोग को कीड़ा-मकोड़ा बुझे लगे हैं. नेताजी का पैरवा धरती पर पड़इए न रहिस है. चूंकि जनजाति समुदाय के स्मार्ट नेताजी हैं, तो झारखंड में पार्टिया में अपन मनमर्जी चलावे लगी तड़पड़ाईले रहे, लेकिन गेटी फिटे न हुआ. सोचे लगे, उपरेवाला नेताजी लोगन से जे चाहें से करा लेंगे. पार्टी के लोग भी दांत निपोरले है कि आखिर ई नेताजी एतना कलाकारी कइसे कर लेते हैं. अब देखिए विधानसभा चुनाव आया है, तो पार्टी के लतिया के भागेवाले नेताजी को पुत्र-पत्नी प्रेम ढेरे हो गया. वइसे भी नेताजी पत्नी-पुत्र से ढेरे प्रेम पहिले से ही करते रहे हैं. लेकिन अब नेताजी को तनिका ज्यादा प्रेम हो गया. बेटु को युवा लोगवाला संगठनवा के साथे एक्टिव कईले हैं. अब साहिब अपन पत्नी या पुत्तरजी के विधानसभा चुनाव में टिकट दिलावे लगी लार टपकाइले हैं. प्लेटफार्म तैयार कर रहे हैं. अकड़ तो नेताजी के अईसन है कि पूछिए मत. जानते ही हैं, दिल्ली में नाक रगड़ कर सेटिंग-गेटिंग करिए लेंगे. दिल्ली के नेताजी लोग पट गए तो फिर क्या कहना. अकेले नारा बुलंद कईले फिरेंगे...वंशवाद जिंदाबाद. वईसे ई नेताजी ढेरे चतुर-चालाक भी हैं. इनके लग्गू-भग्गू लोग को उम्मीद है कि अबकी भ से भउजी, न तो भ से भतीजवा को भ से भइया जी दिल्ली में दांत निपोर कर, नाक रगड़ कर टिकटवा झटकिए लेंगे. अब देखिए आगे-आगे होता है क्या. नेताजी लार टपकाईले रह जाएंगे या फिरो से बाजी मार लेंगे. लेकिन इनके पार्टिया के नेताजी लोग ईनके आव-भगत आउर कारस्तानी देख कर कहे लगे हैं, पहचान भाई पहचान, गद्दार कौन?

### ब्रीफ खबरें

#### यौन उत्पीड़न के दोषी कैफी खान को सजा

**रांची** । रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी कैफी खान को दोषी करार देते हुए सजा का ऐलान किया है. पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने कैफी खान को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर कैफी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. दोषी के खिलाफ घटना पीड़िता ने डोरंडा थाना में सात सितंबर 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

#### जयराम की पार्टी से संजय ने किया किनारा

**रांची**। जयराम महतो की पार्टी झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता ने पार्टी से किनारा कर लिया है. संजय ने समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि मैं क्रांतिकारियों और महापुरुषों के सपनों का झारखंड बनाने की सोच रखता हूं.अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए चिंतन-मनन की आवश्यकता महसूस हो रही है.

#### आजसू ने मारपीट करने वाले नेता को निकाला

**रांची** । आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने मुन्ना सिंह उर्फ ब्रजेश सिंह को पार्टी के तमाम पदों से पदमुक्त कर दिया है. मुन्ना सिंह जमशेदपुर के रहने वाले हैं. उन पर आरोप है कि उन्होंने एक महिला के साथ मारपीट की. मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद आजसू ने घटना की भर्त्सना की और आरोपी मुन्ना सिंह को पार्टी से निकालने का फैसला लिया. इसके बाद सुदेश महतो के हस्ताक्षर से पार्टी ने इससे संबंधित पत्र भी जारी कर दिया है.

#### चंपाई ने किया दुर्गा सोरेन को नमन

**रांची** । पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने दुर्गा सोरेन को उनके जन्मदिन पर नमन किया. उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक दुर्गा सोरेन झारखंड के वीर सपूत थे. झामुमो में जुझारू साथी के रूप में रहे, स्वर्गीय दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता रहे. वीर दुर्गा सोरेन अमर रहें.

# तमाड़, बड़कागांव व चंदनक्यारी आजसू के लिए छोड़ने को तैयार नहीं भाजपा

- जुगसलाई, लोहरदगा और टुंडी सीट देने को तैयार भाजपा

ब्यूरो प्रमुख। रांची

एनडीए गठबंधन के अंदरखाने से खबरें आ रही हैं कि भाजपा तमाड़, बड़कागांव और चंदनक्यारी सीट आजसू के लिए छोड़ने को तैयार नहीं है. क्योंकि एक सर्वे में यह बात सामने आयी है कि तीनों सीटों पर आजसू की जीत मुश्किल है. हालांकि भाजपा इन तीनों सीटों के बदले आजसू को जुगसलाई, लोहरदगा और टुंडी सीट देने को तैयार है. इन तीनों सीटों को लेकर भाजपा नेताओं का तर्क है कि वर्ष 2019 में तीनों जगह पर आजसू के प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे, जबकि भाजपा के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर. इस कारण इन तीनों सीटों पर भी आजसू का स्वाभाविक दावा बनता ही नहीं है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा और आजसू के बीच गठबंधन नहीं था.




### आजसू के लिए घर से लेकर बाहर तक दिक्कत

विधानसभा की इन तीनों सीटों को लेकर आजसू के लिए घर से बाहर तक दिक्कत वाली परिस्थिति बन गई है. अगर बड़कागांव सीट छोड़ते हैं, तो परिवार में नाराजगी बढ़ सकती है. पार्टी चंद्रप्रकाश चौधरी का विरोध संभालने की स्थिति में नहीं है. बात तमाड़ सीट की करें, तो वह सिल्ली के बगल का क्षेत्र है. सिल्ली के आदिवासी वोटरों पर भी तमाड़ का असर पड़ता है. और चंदनक्यारी की बात करें, तो अगर उमकांत रजक को टिकट नहीं मिलता है, तो उनका जयराम के साथ मिल जाने का खतरा है. यही कारण है कि आजसू पार्टी इन तीनों सीटों पर किसी तरह का खतरा मोल नहीं लेना चाहती है.

#### तमाड़

तमाड़ में आजसू के पास जीतनेवाला कोई मजबूत प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है और राजा पीटर भाजपा के संपर्क में हैं. जेल से निकलने के बाद राजा पीटर ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं. राजा पीटर ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता दी है. भाजपा को लगता है कि अगर तमाड़ में आजसू समर्थन दे, तो भाजपा के टिकट पर राजा पीटर को जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं होगी.

#### बड़कागांव

बड़कागांव सीट से आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के भाई और सुदेश महतो के मौसा रौशन लाल चौधरी पिछले तीन विधानसभा चुनावों में हार का सामना कर चुके हैं. वर्ष 2014 में भाजपा के साथ गठबंधन होने के बाद भी चुनाव हार गए और वर्ष 2019 में अलग-अलग लड़ कर भी. भाजपा वहां से कुशवाहा जाति के उम्मीदवार पर दाव खेलना चाहती है. हालांकि यह आसान नहीं होगा. बड़कागांव में पिछले तीन चुनावों से योगेंद्र साव, उनकी पत्नी निर्मला देवी और बेटी अंबा प्रसाद ने जीत दर्ज की है.

#### चंदनक्यारी

भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे है. वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर और उससे पहले वर्ष 2014 में झारखंड विकास मोर्चा (बाद में पार्टी से टूट कर भाजपा में शामिल हो गए) से. बाउरी पार्टी के लिए राज्य में दलित चेहरा हैं. आजसू चंदनक्यारी से उमाकांत रजक के लिए टिकट चाह रही है, लेकिन भाजपा इसके लिए तैयार नहीं है. हालांकि बीच में यह अफवाह उड़ी थी कि बाउरी कांके से चुनाव लड़ सकते हैं, जिसका उन्होंने खंडन किया था.

## आपराधिक गिरोहों को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का संरक्षणः सरयू





- शक्तिनाथ हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त ईश्वर सिंह बन्ना गुप्ता का खासमखास
- बन्ना गुप्ता के दबाव में गिरफ्तार ईश्वर सिंह को एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया

संवाददाता । रांची

निर्दलीय विधायक सरयू राय मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ और आक्रमक हो गए हैं. उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर शहर में आपराधिक घटनाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो गई हैं. राजनीतिक दबाव का माहौल बन जाने से पुलिस-प्रशासन पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है. नतीजा है कि शहर में अपराध नियंत्रित नहीं हो पा रहा है.

सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर के चुनिंदा अपराधिक गिरोहों को सत्ताधारी समूह का संरक्षण मिल रहा है. स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता की भूमिका इसमें अग्रणी है. इसी का नतीजा है कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के मामले में जमशेदपुर पुलिस-प्रशासन के सामने अक्सर असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है.

**शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड के आरोपियों को संरक्षण :** सरयू राय ने कहा कि मानगो में हुए शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड के आरोपियों को स्वास्थ्य मंत्री का सीधा संरक्षण प्राप्त है. मंत्री के साथ इन अपराधियों की बड़ी-बड़ी होर्डिंग मानगो के चौक चौराहों पर लगी हुई है. जिसे पुलिस ने शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मानकर गिरफ्तार किया है. ईश्वर सिंह मानगो मंडल कांग्रेस का अध्यक्ष है और बन्ना गुप्ता का खासमखास है. उनके दबाव में ही ईश्वर सिंह को जेल से अस्पातल भेजा गया. ईश्वर सिंह के स्वास्थ्य की जांच मेडिकल बोर्ड से होनी चाहिए.

**चंदन सिंह का नाम सूची से बाहर :** सरयू राय ने दावा किया कि शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड के एक अन्य आरोपी चंदन सिंह का नाम अभियुक्त सूची से बाहर कर दिया. इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं. वे अपराध का संरक्षण कर रहे हैं. मानगो का अपराधी सरगना अमरनाथ सिंह को आगे बढ़ाने और संरक्षण देने का काम भी स्वास्थ्य मंत्री ने ही किया था.

## जल जीवन मिशन के पैसे की बर्बादी, भ्रष्टाचार की अति और अन्याय की पराकाष्ठाः शिवराज

प्रमुख संवाददाता । रांची

केंद्रीय मंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हेमंत सोरेन के राजनीतिक गिद्ध वाले बयान पर पर तंज कसते हुए कहा कि हम इस तरह की भाषा नहीं बोलते, लेकिन सत्ताधारी दल के लोग झारखंड को चील कौवे की तरह नोच-नोच कर खा रहे हैं. जल जीवन मिशन के पैसे को बर्बाद कर दिया गया. यह भ्रष्टाचार की अति है और अन्याय की पराकाष्ठा. यहां सत्ताधारी दल के लोगों के पास से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं. वह मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे.



**झारखंड में कोई सुरक्षित नहीं :** शिवराज ने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कोई सुरक्षित नहीं है. रेत, बालू से लेकर खनिज तक में भ्रष्टाचार है. जल जीवन मिशन का पैसा पूरा बर्बाद कर दिया. प्रधानमंत्री ने हर घर जल नल योजना के लिए पैसा भेजा, एक गांव में भी पैसा नहीं पहुंचा. आखिर ये पैसा कहां गया?

#### पांच साल तक एक भी नौकरी नहीं दी

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पांच साल तक सरकार ने एक भी नौकरी नहीं दी और अब चुनाव के समय 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा रहे हैं. युवाओं की जान जा रही है. डेमोग्राफी चेंज होना भयावह है. इसलिए झारखंड को बचाना भारतीय जनता पार्टी का कर्तव्य है. पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया. दो हजार रुपए चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, अब चुनाव के समय केवल एक हजार रुपए पकड़ाकर जाल बिछा रहे हैं. हम इसे उजागर करेंगे. इस सरकार को भारतीय जनता पार्टी उखाड़ कर फैंकेगी.

#### सीएम ने दुर्गा सोरेन और शहीद अब्दुल हमीद को दी श्रद्धांजलि

**रांची** । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को लोवाडीह में दुर्गा सोरेन स्मारक में दुर्गा सोरेन की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसके बाद वह कांटाटोली चौक स्थित परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक में परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद को उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर सीएम ने अब्दुल हमीद चौक के जीर्णोद्धार काम का शिलान्यास भी किया. इस अवसर पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी सहित अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे.

## होल्डिंग सौरव ने कटवाया था, फोन पे पर मिले थे पैसे

- सेना की जमीन कब्जा मामला में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की

विनित आभा उपाध्याय । रांची

रांची पुलिस ने सेना के कब्जे वाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस में चार्जशीट दाखिल कर दी है. पुलिस की चार्जशीट में इस बात का खुलासा किया गया है कि सेना के कब्जे वाली जमीन का होल्डिंग सौरव बरनवाल ने 90 हजार रुपये लेकर कटवाया था और उसे यह राशि फोन पे के माध्यम से दी गई थी. दरअसल, रांची नगर निगम के कर संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा ने नगर आयुक्त के आदेश पर प्रदीप बागची के विरुद्ध जालसाजी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि प्रदीप बागची ने फर्जी आधार कार्ड, फर्जी बिजली बिल, फर्जी पोजेशन लेटर दिखाकर दो-दो होल्डिंग नंबर हासिल कर लिया था. आयुक्त की जांच में यह पता चला था कि सेना के कब्जे वाली जमीन का असली रैयत जयंत कर्नाड था. इस संबंध में बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज है. ईडी ने पिछले वर्ष जब अफसर अली के ठिकाने पर छापेमारी की थी, तब वहां से कई दस्तावेज और डीड भी बरामद हुए थे. ईडी भी सौरव बरनवाल से पूछताछ कर चुकी है. इस केस में तलहा खान, अफसर अली समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ मामला सत्य पाते हुए चार्जशीट दाखिल की गई है.

क्लासिफाइड

Aaither Infrastructure Pvt. Ltd.
Prop. Sharad Thakur
Harish Pandey path
Anand vihar colony
Main Road Dimna
Jamshedpur, Jharkhand - 831018

MAHAMAYA SWEETS
महामाया स्वीट्स
SHERE PUNJAB CHOWK, ADITYAPUR
प्रोपराइटर- तरुण घोष

MANOJ KUMAR DINESH KUMAR ENTERPRISES
Parsudih Market Near HDFC Bank
Mob. : 9234585332, 9263956400
GSTIN : 20AZCPK8472B1ZS
DISTRIBUTOR : CHAIR- NATIONAL (MUMBAI) ALMIRAH-DIAMOND AND MODI
ADDRESS : MAIN ROAD GAINTADIH, KARANDIH, TATA NAGAR, NEAR WASHING CENTRE

Yashvi RESTRO-BAR
YASHVI RESTRO-BAR
यशवी बार एंड रेस्टोरेंट
अपोजिट गंगौर स्वीट्स कालीमाटी रोड नियर बाय सागर होटल

SURYA NURSING COLLEGE
Affiliated by J.N.R.C. Ranchi & INC New Delhi
ADMISSION OPEN
GNM ANM
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
HOSTEL FOR GIRLS
CHAKRADHARPUR, W. SINGHBHUM, JH.
7004337155
9204381636

Hotel Rahul Palace
Family Restaurant
delicious dishes
Fooding & Lodging
Marriage And Party
Anniversary/Birthday Party
A/C Hall/A/C Room Classic
Home Delivery Facility
Veg
Non Veg
Contact No.
7667870045, 7209893445
NH-32, CHANDIL BAZAR


**अपराध**

इंटरनेट से आये कॉल व मैसेज को ट्रेस करने में पुलिस नाकाम

# रांची के कारोबारियों से मांगी जा रही रंगदारी

वरीय संवाददाता । रांची

राज्य में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई और आपराधिक संगठन के नाम पर रंगदारी मांगने का सिलसिला थम नहीं रहा है. बीते एक माह में रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई कारोबारियों से रंगदारी मांगने की घटनाएं सामने आयी हैं. किसी से पीएलएफआई के नाम पर तो किसी से अमन साहू गिरोह के नाम पर रंगदारी मांगी गयी है. पुलिस सिर्फ केस दर्ज कर रही है, लेकिन रंगादारी मांगनेवाले अपराधियों व उग्रवादियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है. नतजीजन कारोबियों में दहशत व्याप्त है.



**इंटरनेट के जरिये कॉल कर वर्चुअल नंबर का यूज कर रहे :** झारखंड के अलग-अलग जिलों में अपराधी इंटरनेट कॉल के जरिये कारोबारी को फोन कर रंगदारी मांग रहे और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. इंटरनेट के जरिये किये जाने वाले कॉल में वर्चुअल नंबर का यूज किया जाता है. इसे आसानी से ट्रेस नहीं किया जा सकता है. इसके लिए न तो मोबाइल की जरूरत होती है और न ही सिम कार्ड की. सिम कार्ड का इस्तेमाल न होने से पुलिस टावर लोकेशन सहित अन्य जानकारी ट्रेस करने में नाकाम रह जाती है. राजधानी में कई लोगों को धमकियां मिली हैं, लेकिन अपराधियों-उग्रवादियों को पुलिस ट्रेस करने में नाकाम रही है.

### जानिए कब किससे कितनी मांगी गयी रंगदारी

**07 अगस्त :** रांची के बिल्डर निशित केसरी से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी.

**28 अगस्त :** रांची के अरगोड़ा इलाके में रहने वाले हेमंत सिंह मुंडा से दो करोड़ रंगदारी मांगी गयी.

**28 अगस्त :** रांची में संजय कुमार से भी एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगी गयी.

**03 सितंबर :** रांची में कांग्रेस नेता ईश्वर आनंद से अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के नाम पर एक करोड़ रंगदारी मांगी गयी.

**05 सितंबर :** रांची के लापुंग में पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो के नाम पर एसएनजी बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार और उनके कर्मी से 50 लाख की रंगदारी मांगी गयी.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 11 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 154

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.5 | 25.7 |
| जमशेदपुर | 32.4 | 25.0 |
| डालटनगंज | 33.0 | 25.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



ओलंपिक खेलों के स्तर के लायक तो बनें सभी खिलाड़ी

> पेज 10

**झारखंड सरकार ने चुनाव आयोग को पत्र लिख कर शिकायत दर्ज कराई है**

# हिमंता व शिवराज फैला रहे नफरत, अफसरों को धमका रहे

रवि भारती। रांची

झारखंड सरकार ने चुनाव आयोग को पत्र लिख कर इस बात की शिकायत की है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान झारखंड के विभिन्न समुदायों के बीच में नफरत फैला रहे हैं. इसके साथ ही राज्य के शीर्ष अफसरों को धमकी दे रहे हैं. सरकार की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने दो सितंबर को लिखे पत्र में कहा है कि हिमंता बिस्वा सरमा ने झूठे बयान दिए. क्या यह राज्य, राज्य के शीर्ष अफसरों और सरकारी पदाधिकारियों का चरित्र हनन नहीं है ? शिवराज सिंह चौहान झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी हैं, जबकि हिमंता सह प्रभारी. दोनों नेता लगातार झारखंड आ रहे हैं. विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और लोगों से मिल रहे हैं. इस दौरान दोनों नेताओं की प्रेस कांफ्रेंस व सभाएं भी हो रही हैं.

## चुनाव आयोग ने कहा- आदर्श आचार संहिता लागू नहीं, ऐसे में हम कुछ नहीं कर सकते



**दोनों नेताओं पर हो कड़ी कार्रवाई :** झारखंड सरकार ने चुनाव आयोग से मांग की है कि दोनों नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए. साथ ही यह भी मांग की गई है कि शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी खर्चे पर राज्य सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था का दुरूपयोग न करने की सलाह दी जाए. इस बारे में अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस की खबर में चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया ली गई है. आयोग का कहना है कि झारखंड में आदर्श संहिता लागू नहीं है. लिहाजा वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते. राज्य सरकार की तरफ से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अभी तक राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं हुई है, लेकिन भाजपा ने 17 जून को शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है. इसके बाद से दोनों नेता हर हफ्ते झारखंड दौरे पर आते हैं. दोनों नेता जेड-प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति है. शिवराज सिंह केंद्रीय मंत्री हैं, जबकि हिमंता बिस्वा सरमा असम के मुख्यमंत्री. दोनों नेताओं की सुरक्षा में बड़े पैमाने पर पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की तैनाती की जाती है.

**प्रशासनिक अफसरों के खिलाफ लगातार बयानबाजी :** पत्र के मुताबिक दोनों नेताओं के दौरे के दौरान यह पाया गया है कि उनके भाषण व बयान उत्तेजक, शत्रुतापूर्ण, झारखंड राज्य के प्रशासन के खिलाफ होते हैं. डीजीपी, एसएसपी, एसपी जैसे शीर्ष अधिकारियों की गतिविधियों के खिलाफ उनके बयान होते हैं. दोनों नेता कई गांवों का दौरा कर रहे हैं, रैलियां कर रहे हैं और इस तरह के बयान देते रहते हैं. इस कारण सरकारी अधिकारी में प्रतिशोध का डर है, और वह कर्तव्य का पालन करने में हतोत्साहित हो रहे हैं. पत्र के साथ हिमंता बिस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान समेत अन्य भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी चुनाव आयोग को भेजा गया है. साथ ही कहा गया है कि भाजपा नेताओं के बयान सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाले हैं. पत्र में सरकार की तरफ से कहा गया है कि दोनों नेताओं की गतिविधियां और बयान गलत हैं. साथ ही गलत और जानबूझकर योजनाबद्ध तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों को बदनाम करने वाला है. ताकि झूठे आरोपों के आधार पर अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार की जा सके और जब आचार संहिता लागू हो, तब चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सके. ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा राज्य के अफसरों को डराने की कोशिश कर रही है. ताकि जब वह धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश करें, तो उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई ना हो.

### कई अफसरों के नामों का जिक्र

पत्र में देवघर के पूर्व डीसी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव ड्यूटी से हटाने वाली घटना का जिक्र उदाहरण के तौर पर किया गया है. साथ ही राज्य के तत्कालीन डीजीपी एमवी राव, देवघर के तत्कालीन एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग और एसपी पीयूष पांडेय के खिलाफ हुई शिकायतों का भी जिक्र किया गया है. भाजपा नेताओं के ऐसी और सोची समझी साजिश के तहत झारखंड में शीर्ष अफसरों पर सुनियोजित तरीके से हमले किये जा रहे हैं. जिससे अफसरों में भय पैदा हुआ है और उनके मनोबल पर असर पड़ा है. इसलिए राज्य के शीर्ष अफसरों के खिलाफ की गई शिकायतों की जांच करते समय निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,700 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### 21 को परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे साह

**रांची।** झारखंड भाजपा परिवर्तन यात्रा के जरिए ताकत दिखाएगी. प्रदेश भाजपा ने छह जगहों पर परिवर्तन यात्रा निकालेगी. इसके लिए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को संयोजक बनाया गया है. परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर मंगलवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 को आएंगे. गृह मंत्री के साथ यूपी, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीएम भी परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे. इस यात्रा की शुरुआत दुमका से होगी. परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य भ्रष्टाचार, घुसपैठ, बदली डेमोग्राफी से जनता को अवगत कराना है.

### केदारनाथ पैदल मार्ग पर हादसा, तीन मरे

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन होने से तीन श्रद्धालु की मौत हो गई. रास्ते में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. पुलिस ने बताया किपहाड़ दरकने से गिरे मलबे में श्रद्धालुओं के दबे होने की सूचना मिलने पर तत्काल बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया गया. बचाव दल ने मौके से मृतकों के शव को निकाला. शवों की पहचान नहीं हो पाई है.

### चार लड़कियों की तालाब में डूबने से मौत

**बांका।** बिहार के बांका जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक तालाब में नहाने गई चार लड़कियों की डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि बेहरार गांव के तालाब में करमा पर्व को लेकर नहाने के दौरान चार लड़कियां तालाब के अंदर गहरे पानी में चली गईं, जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई. सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची. सभी चार शवों को तालाब से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया.

### बाजार के लिए मंगल साबित हुआ मंगल

**मुंबई.** मंगलवार का कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद मंगल साबित हुआ है. शानदार ग्लोबल संकेतों के चलते भारतीय बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली है. और इसी तेजी में सबसे बड़ा योगदान आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मा और एनर्जी स्टॉक्स का रहा है. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 361 अंकों के उछाल के साथ 81,921 और निफ्टी 105 अंकों की तेजी के साथ 25,041 पर क्लोज हुआ है.

### बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर लगेगा बैन

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है. पीएम ने कहा कि सरकार सोशल मीडिया तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने का कानून पेश करेगी. प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि सोशल मीडिया सामाजिक नुकसान पहुंचा रहा है.

**कार्यक्रम : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निशाने पर भाजपा, कहा-**

# विधायकों को खरीदने के लिए थैली लेकर घूम रहे

रवि/सुनील। जमशेदपुर/रांची

झामुमो को तोड़ने व विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा के लोग थैली लेकर घूम रहे हैं, लेकिन हमारे कर्मठ लोग उनके झांसे में नहीं आ रहे. वे लोग अपने साथ पैसा गिनने की मशीन लेकर चल रहे हैं. उक्त गंभीर आरोप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लगाए हैं. सीएम मंगलवार को कोल्हान प्रमंडल स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा सरकार के पास गरीब, किसान, मजदूर को देने के लिए पैसा नहीं है, लेकिन सरकार को अस्थिर करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बैसाखी के सहारे चल रही है. गरीबों का कर्ज माफ करने की बजाय उस सरकार को पूंजीपतियों, अमीर व सेठ महाजनों की चिंता है. उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों को सबक सिखाने की अपील की. उन्होंने कहा कि झारखंड वीरों की कर्म भूमि है, जब हम गोली-बंदूक से नहीं डरे तो इतनी यातना, प्रताड़ना व जेल जाने से क्यों डरेंगे. डबल इंजन की सरकार के पास पेंशन का पैसा नहीं था, महिलाओं को देने के लिए कुछ नहीं. लेकिन बड़े-बड़े अरबपति व्यापारियों का दर्द इनको तुरंत दिखता है. सीएम ने कहा कि आने वाले पांच साल में हर घर में एक-एक लाख रुपया जाएगा. आपको किसी से उधार लेने की जरूरत नहीं होगी.

**हम योजनाओं की हकीकत देखने को कर रहे भ्रमण :** सीएम ने कहा कि हम योजनाओं की हकीकत देखने के लिए ही पूरे राज्य का भ्रमण कर रहे हैं. भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो नहीं चाहते हैं कि झारखंड समृद्ध हो. दिल्ली में देश के किसान भाजपा को घेर कर रखा. अनेक किसान शहीद हो गए. लेकिन ये लोग किसानों के आंसू पोंछने नहीं गए. लोकसभा चुनाव में इनका घमंड चूर-चूर हो गया. सरकार बनाने के लिए बैशाखी का सहारा लेना पड़ा.

**बोले सीएम**

- बोलते हैं इतने विधायक - सांसद हैं हमारे साथ
- जनता इनको नहीं चुनती, पैसे से बनाते हैं सरकार
- 1.36 लाख करोड़ बकाया के लिए दौड़ा रही केंद्र सरकार



प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

### बिना नाम लिए चंपाई पर भी साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन पर भी बगैर उनका नाम लिए निशाना साधा. कहा कि कोल्हान में भीड़ दिखाने के लिए उन्हें पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा से भाड़े पर लोगों को लाना पड़ रहा है. आने वाले दिनों में यह भीड़ गायब हो जाएगी. उन्होंने कहा कि जिसने भी यहां की माटी से धोखा किया, जनता ने उसे सबक सिखाया.

### कोरोना में उल्टा-सीधा दवा लगवा दिया

सीएम ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कोरोना में उल्टा सीधा दवा लगवा दिया. पूरा देश दुनिया में उसपर रोक लगा दी गयी थी. चंदा लेने के लिए देशभर में फर्जी दवा सप्लाई की गयी. हमलोगों को भी लगा दिया, पता नहीं कब मर जाएंगे. लोग चलते-फिरते मर जा रहे हैं. ये लोग सत्ता में आने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं.

### चील-कौओं की तरह मंडराने लगे हैं

सीएम ने कहा कि चील-कौओं की तरह नेता लोग मंडराने लगे हैं. अभी इनका गुरु आने वाला है. ये लोग इतने बड़े जादूगर हैं कि नोट छापने वाली मशीन घर पर रख लिया है. नोट के बल पर सोचते है कि पूरे देश में कब्जा कर लेंगे. पर देश की जनता ने ऐसे सामंती विचार वाले लोगों को करारा जवाब दिया है. अपना अधिकार मांगने पर जेल में डाल दिया जाता है. 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया है. मांगने पर भी नहीं दिया जा रहा.

### दो किमी पैदल चल कर पहुंचे कार्यक्रम में लाभुक

मुख्यमंत्री के सरायकेला-खरसावां जिले के डोबो काजू बगान में आयोजित सभा में लाभुक एवं आम लोग दो किमी पैदल चल कर पहुंचे. पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला खरसावां के लाभुकों की गाड़ियों को मरीन ड्राइव पुल के समीप पुलिस ने रोक दिया. जिसके कारण सभी लोग वहां से पैदल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. इस दौरान कई लोगों में नाराजगी भी दिखी. पुल के पास कई लोग पुलिस से बकझक करते दिखे.

### 555.83 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात



सीएम ने जमशेदपुर को 555 करोड़ 83 लाख 80 हजार की योजनाओं की सौगात दी. जिसमें पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर की 303 करोड़ 54 लाख 84 हजार की योजनाएं और पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा की 252 28 लाख 96 हजार की योजनाएं शामिल हैं.

# पांच दिन के लिए इंटरनेट हुआ बैन इंफाल समेत कई जिलों में कर्फ्यू

एजेंसी। इंफाल

मणिपुर में बिगड़े हालात के बीच सरकार ने मंगलवार को सरकार ने कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया है. साथ ही पांच दिनों के लिए राज्य में इंटरनेट और मोबाइल डेटा पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. सीएम एन बीरेने सिंह ने कहा, उप्रद्रवियों के नफरत फैलाने वाले भाषणों और सोशल मीडिया के जरिए हिंसा भड़कने से रोकने के लिए ही इंटरनेट पर बैन का फैसला किया है.

इससे पहले सरकार ने बेकाबू स्थिति पर आरएएफ को बुलाया था और कर्फ्यू लगाने का फैसला किया था. बीती रात महिलाओं ने ड्रोन हमले के विरोध में मशाल जुलूस निकाला. प्रदर्शनकारियों ने राजभवन पर पथराव किया. बिगड़ती कानून व्यवस्था और हमलों को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है. इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम के अलावा थौबल में कर्फ्यू लगा है. इन जिलों में बेमियादी कर्फ्यू लगा है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है. बीएनएसएस की धारा 162 (2) को लागू कर दिया गया है.

### मणिपुर में फिर बिगड़े हालात



### मणिपुर के घटनाक्रमों की बड़ी बातें

मंगलवार को प्रदर्शनाकिरयों ने राजभवन की ओर मार्च निकालने की कोशिश की. सुरक्षाबलों ने छात्रों और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में आंसू गैस के गोले दागे. प्रदर्शनकारी लगातार डीजीपी और मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाए जाने का मांग पर अड़े हैं. ख्वाइरामबंद महिला बाजार में सोमवार से डंटे हुए सैंकड़ो स्टूडेंट्स ने बीटी रोड के रास्ते राजभवन की ओर मार्च निकालने का प्रयास किया जिन्हें सुरक्षाबलों ने कांग्रेस भवन के पास रोका. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी ने मणिपुर में ड्रोन और हाई-टेक मिसाइल हमलों के बाद अत्याधुनिक रॉकेट के ढेर बरामद किए जाने की बात कही. उन्होंने असम राइफल्स के सेवानिवृत्त डीजी लेफ्टिनेंट जनरल पी सी नायर के उस दावे का भी खंडन किया जिसमें ड्रोन या रॉकेट का इस्तेमाल नहीं होने की बात कही गई थी. मणिपुर पुलिस को मैतेई पुलिस कहे जाने के सेवानिवृत्त अधिकारी के बयान पर काफी हंगामा हुआ.

**कांग्रेस ने सेबी अध्यक्ष पर नए आरोप जड़े, कहा-**

# बुच की सलाहकार फर्म ने महिंद्रा से भी लिया फायदा

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर नए आरोप लगाए हैं. मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि सेबी अध्यक्ष बुच ने महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज, पिडिलाइट, आईसीआईसीआई, सेंबकॉर्प और विसू लीजिंग एंड फाइनेंस समेत कई कंपनियों से पैसा कमाया है.

खेड़ा दावा किया कि बुच की कंपनी, अगोरा ने उनके पदभार संभालने के बाद परिचालन बंद कर दिया था. इसके बावजूद कंपनी ने काम करना जारी रखा और राजस्व अर्जित किया. इसके अलावा, कांग्रेस ने बताया कि अगोरा ने 2016 से 2024 के बीच 2.95 करोड़ रुपए से अधिक कमाए.

**सबसे ज्यादा भुगतान महिंद्रा ने किया :** खेड़ा कहा, अजीब बात यह है कि अगोरा को मिले कुल 2.95 करोड़ में से 2.59 करोड़ रुपए अकेले महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह से आए हैं. यह अगोरा



अगोरा को मिले कुल पैसे का 88% है. खेड़ा ने आरोप लगाया कि माधवी पुरी और उनके पति के पास अगोरा कंपनी में 90% से ज्यादा शेयर हैं. अगस्त में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया था कि बुच ने अडानी की विदेशी शेल कंपनी में निवेश किया, जिसके बाद से कांग्रेस सेबी प्रमुख पर लगातार हमलावर है. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सेबी की प्रमुख की अगोरा कंपनी में उस समय 99% हिस्सेदारी थी, जब यह कंपनी महिंद्रा समूह को सेवा दे रही थी. खेड़ा ने दावा भी किया कि माधवी के सेबी की सदस्य रहते उनके पति धवल बुच को महिंद्रा से 4.78 करोड़ रुपए मिले.

### वामपंथी नेता सीताराम येचुरी की हालत नाजुक

**नयी दिल्ली।** माकपा के नेता सीताराम येचुरी की हालत नाजुक है. उन्हें एम्स के आईसीयू में कृत्रिम श्वसन प्रणाली पर रखा गया है. उन्हें सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी. पार्टी ने बयान में कहा है कि चिकित्सकों की टीम येचुरी के स्वास्थ्य पर नजर रख रही है और उनकी हालत इस समय गंभीर है. येचुरी को निमोनिया जैसे सीने के संक्रमण के उपचार के लिए 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था. उन्होंने कुछ वक्त पहले ही मोतियाबिंद की सर्जरी कराई थी. सीपीएम महासचिव बीते तीन सप्ताह से लगातार एम्स में ही एडमिट हैं. उनकी सेहत में पहले कुछ सुधार हुआ था, लेकिन एक बार फिर से उन्हें परेशानी बढ़ गई है. 72 वर्षीय सीताराम येचुरी की ओर से अस्पताल में रहने के दौरान ही 22 अगस्त को एक 6 मिनट का वीडियो जारी किया गया था. इस वीडियो में उन्होंने बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेब भट्टाचार्य के निधन पर दुख जाहिर किया था.



**नई स्टडी : देर रात तक जागने वालों में से 50 फीसदी लोगों को डायबिटीज होने का खतरा**

# रात में उल्लू की तरह जागने से बिगड़ती है सेहत

लगातार न्यूज नेटवर्क

जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना हेल्दी आदतों में गिना जाता है. लेकिन आजकल के दौर में लोग उल्लू की तरह देर रात तक जागते हैं. देखा जाए तो मोबाइल ने लोगों की रात की नींद कम कर दी है. लेकिन देर से सोने की ये आदत आपको डायबिटीज टाइप2 का शिकार बना सकती है.

जी हां, एक स्टडी में कहा गया गया है कि रात को देर से सोने वाले लोगों को सुबह जल्दी उठने वालों की तुलना में डायबिटीज 2 का 46 फीसदी ज्यादा रिस्क होता है. दरअसल नींद की खराब क्वालिटी के साथ साथ गलत लाइफस्टाइल डायबिटीज के रिस्क को बढ़ाती हैं. हाल ही में कराई गई एक नई स्टडी में कहा गया है कि जो लोग रात में देर तक जागते हैं, वो उनके अंदर दूसरों की तुलना में टाइप 2 डायबिटीज होने के 46 फीसदी ज्यादा जोखिम होते हैं. नीदरलैंड्स में कराई गई इस स्टडी में पांच हजार ऐसे लोगों को शामिल किया गया जिनका वजन अधिक था. इन लोगों को तीन भागों में बांटा गया. पहला, जल्दी उठने वाले, दूसरा औसत समय पर उठने वाले और तीसरा देर से उठने (लेट क्रोनोटाइप) वाले. बता दें कि इस स्टडी की फाइंडिंग को यूरोपीय संघ की बैठक में भी दिखाया जाएगा. रात के उल्लू ऐसे लोग हैं जो रात को देर से सोते हैं और सुबह देर से उठते हैं. स्टडी में कहा गया है कि रात में देर से सोने वालों की बायो क्लॉक गड़बड़ हो जाती है, जिससे इनके शरीर में टाइप 2 डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म संबंधी परेशानियां पैदा हो सकती हैं. रात में देर से सोने वालों को होने वाली परेशानियों में हाई बीएमआई, बैली फैट, फैटी लिवर और आंत में फैट जमना शामिल हैं. लेट क्रोनोटाइप वालों में मिडिल क्रोनोटाइप वालों की तुलना में डायबिटीज टाइप 2 होने का रिस्क बढ़ जाता है. इसके पीछे शरीर में फैट का बढ़ना, आंत की चर्बी का बढ़ना और फैटी लिवर शामिल है.

### इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ती है

नींद की कमी की वजह से ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का एक सबसे बड़ा कारण है, इंसुलिन सेंसिटिविटी की कमी। दरअसल, जब आपकी नींद पूरी नहीं होती, तो आपके सेल्स इंसुलिन का ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाते और ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है. इसे ही इंसुलिन रेजिस्टेंस कहते हैं, यानी शरीर इंसुलिन का ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाती है.



### खाने की क्रेविंग बढ़ती है

जब आप रात को देर तक जागते हैं, तो आपने ध्यान दिया होगा कि आपका बार-बार मन कुछ खाने का करता है. उसमें भी हाई कैलोरी के फूड्स खाने का मन ज्यादा करता है. इसकी वजह से अक्सर लोग मिड नाइट स्नैकिंग के नाम पर जंक और प्रोसेस्ड फूड्स खाते हैं. इनकी वजह से भी ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है और डायबिटीज को कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है.

**स्ट्रेस हार्मोन का लेवल बढ़ता है :** नींद की कमी की वजह से बॉडी में कॉर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने लगते हैं. ये स्ट्रेस हार्मोन इंसुलिन सेंसिटिविटी को कम कर देते हैं, जिसके कारण ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है. नींद की कमी से अन्य हार्मोन्स में भी असंतुलन होने लगता है. जिसके कारण भी ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है.


# आरक्षण खत्म करने का समय अभी नहीं आया है: राहुल गांधी

एजेंसी। वाशिंगटन

विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं. इस बीच उन्होंने आरक्षण खत्म करने को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब सही समय होगा, जोकि अभी नहीं आया है.

राहुल गांधी से यूनिवर्सिटी में छात्रों ने पूछा था कि देश में आरक्षण कब तक जारी रहेगा, जिसका जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, जब आप वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 में से 5 रुपए मिलते हैं और ओबीसी को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है. असलियत यह है कि उन्हें भागीदारी नहीं मिल रही है. भारत के बिजनेस लीडर की सूची देखें. मुझे आदिवासी, दलित का नाम दिखाएं.

**अमेरिका में नेता प्रतिपक्ष**



मुझे ओबीसी का नाम दिखाएं. शीर्ष 200 में से एक ओबीसी है. वे भारत के 50% हैं, लेकिन हम बीमारी का इलाज नहीं कर रहे हैं. अब, आरक्षण एकमात्र साधन नहीं है. समान नागरिक संहिता के बारे में राहुल ने कहा कि वह इस पर तभी टिप्पणी करेंगे, जब पता चलेगा कि बीजेपी का प्रस्ताव क्या है. राहुल ने कहा, दलित, ओबीसी, आदिवासी को उनका हक नहीं मिल रहा है. देश के 90% आबादी वाले लोग इस खेल में ही नहीं हैं. जातीय जनगणना ही एकमात्र समाधान है.

-पेज 12 भी देखें

# बेटा-बहू की प्रताड़ना से तंग वृद्ध दंपत्ति ने बचाने की लगाई गुहार

## एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी

**खास बातें**

- जन समस्याओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त
- वृद्ध दंपति ने दोनों को घर से बाहर करने की लगाई गुहार

संवाददाता । धनबाद



समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी. इसमें धनबाद के बारामुड़ी से आए एक वृद्ध दंपत्ति ने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचने की गुहार लगाई. इस दंपत्ति ने बताया कि अनुसेवक के पद से सेवानिवृत होने के बाद वे अपने निजी मकान में रहते थे. बेटे की शादी के बाद बहू और बेटा दोनों मिलकर वृद्ध दंपति को आए दिन प्रताड़ित करने लगे. प्रताड़ना से तंग आकर इस दंपत्ति ने अपना निजी मकान छोड़कर भाड़े के मकान में रहने शुरू किया. दंपत्ति ने बेटा और बहू की प्रताड़ना से बचाने तथा दोनों को घर से बाहर करने की गुहार लगाई है.

वहीं सीएमपीएफ कॉलोनी के अमन ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाली महिला ने दास्तान सुनाया कि वह एक फ्लैट में किराए पर रहती है. वह फ्लैट का किराया नियमित रूप से देती है. बावजूद इसके फ्लैट मालिक ने 2 सितंबर को बिजली कनेक्शन काट दिया. महिला ने बिजली कनेक्शन पुनः बहाल करवाने का अनुरोध किया है.

वासेपुर से आए एक व्यक्ति ने उनकी रैयती जमीन हड़पने और उस पर अवैध कब्जा करने के लिए दबंगों द्वारा जबरन जेसीबी से बाउंड्री वॉल तोड़ देने की शिकायत की. इसके अलावा जनता दरबार में जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने, घर तक आने-जाने का रास्ता बंद कर देने, तोपचांची में वन विभाग की जमीन पर जबरन कब्जा कर आम रास्ता बंद कर देने, बाघमारा के कपूरिया व कंचनपुर पंचायत में अवैध नमक फैक्ट्री को बंद कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हए. मौके पर जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा और विवेक कुमार मौजूद थे.

# पीसीआर वैन की गलती पर थाना प्रभारी ने मांगी माफी



- खेसमी गांव में करमा डाली पर वाहन चढ़ाने का मामला

संवाददाता । गोमो

तोपचांची थाना की पीसीआर वैन 17 द्वारा खेसमी गांव में करमा डाली पर चढ़कर पार करने का मामला सामने आया था, जिससे ग्रामीणों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची थी. इस मामले में थाना प्रभारी डोमन रजक ने मंगलवार को ग्रामीणों से माफी मांगी. उन्होंने कहा कि गश्ती दल की गलती हुई है और इसके लिए वह क्षमा चाहते हैं. थाना प्रभारी ने गश्ती वाहन के चालक और पदाधिकारी को डांट फटकार लगाई है. ग्रामीणों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाली इस घटना के बाद थाना प्रभारी की माफी के बाद ग्रामीणों का रोष शांत हुआ.

बीती रात खेसमी गांव में तोपचांची थाना की पीसीआर संख्या 17 वाहन द्वारा गांव के गली में करमा डाली रखकर गीत गा कर नृत्य कर रही युवतियों की करमा डाली पर वाहन चढ़ा कर पार कर दिया गया था, जिससे ग्रामीणों को धार्मिक आस्था पर चोट लगी थी. तोपचांची थाना पुलिस की इस कृत को लेकर गांव के ग्रामीण काफी रोष में थे और थाना घेराव के लिए एकजुट हो रहे थे. मामले को गंभीरता से समझे हुए थाना प्रभारी डोमन रजक ने स्वयं खेसमी गांव पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं से माफी मांगे.

## ब्रीफ खबरें

### यूजी सेमेस्टर फोर की परीक्षा शुरू

**धनबाद** । बीबीएमकेयू के अधीन धनबाद व बोकारो के यूजी सेमेस्टर फोर के छात्र-छात्राओं की परीक्षा मंगलवार को शुरू हुई. परीक्षा दो पाली में ली जा रही है. धनबाद-बोकारो के परीक्षार्थियों के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाया गया है. विवि परीक्षा विभाग के निर्देश पर परीक्षा ली जा रही है.

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष 12 को आएंगे धनबाद

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 12 सितंबर को सुबह 10 बजे उत्सव विवाह भवन में आयोजित संवाद आपके साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस दौरान उनका भव्य स्वागत अभिनंदन समारोह होगा. जिसमें धनबाद जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, प्रदेश डेलिगेट, एआईसीसी सदस्य और कांग्रेस के कार्यकर्ता भाग लेंगे.

### भाजपा नेता अखिलेश सिंह को मातृशोक

धनबाद। झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अखिलेश सिंह की माता सावित्री देवी का इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उनके जामाडोबा डुमरी स्थित आवास पर जाकर शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर दुख जताया और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं. इसके अलावा, उन्होंने सावित्री देवी के अंतिम संस्कार में भी भाग लिया.

### सर्पदंश से महिला की मौत बच्चे की हालत गंभीर

**धनबाद।** गिरिडीह के निमियाघाट के केंदुआडीह निवासी गीता देवी तथा उसके एक बच्चे को सांप ने काट लिया. आनन-फानन में गीता देवी को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान गीता देवी की मौत हो गई. वहीं बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है. परिजनों के अनुसार मृतका अपने 9 साल के बच्चे के साथ सोई हुई थीं, तभी सांप ने डस लिया. बच्चे का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है. परिजनों ने सरकार और आम लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है. बच्चे के पिता एक गरीब किसान है और उनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं हैं.

### प्रायश्चित ही मुक्ति का सरल मार्ग : जय कृष्ण

**झरिया** । वृंदावन से पधारे स्वामी जय कृष्ण दास जी ने झरिया अग्रवाल धर्मशाला स्थित नया भवन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन भक्त ध्रुव, जड़ भरत आदि की कथाओं का श्रवण कराया. उन्होंने कहा कि सत्संग की बड़ी महिमा है और ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है. उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया और जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है. उन्होंने व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने का आह्वान किया. उन्होंने भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है, यह कहकर भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया.

# टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का हुआ ट्रायल

- गोमो में ठहराव पर यात्रियों में हर्ष, ट्रेन मैनेजर व चालक का किया स्वागत

संवाददाता । गोमो



टाटा-पटना वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का मंगलवार को ट्रायल किया गया. ट्रेन सुबह 5.30 बजे टाटा स्टेशन से रवाना होकर 8.53 में गोमो पहुंची. गोमो में तीन मिनट ठहराव के बाद पटना के लिए रवाना हुई. पटना पहुंचने का समय दोपहर 12.20 है. पटना से खुलने का समय दोपहर 2.15 तथा टाटा पहुंचने का समय रात 9.5 है. ट्रेन के गोमो पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक एसएन झा के नेतृत्व में ट्रेन मैनेजर और चालक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया.

इस ट्रेन का गोमो स्टेशन में ठहराव दिए जाने से रेल यात्रियों ने हर्ष व्यक्त किया है. जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि सह भाजपा नेता हीरामन नायक, दिलीप गोस्वामी और सत्य नारायण वर्णवाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और चतरा सांसद काली चरण सिंह को बधाई दी है. मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार झा, पदाधिकारी विनोद सिंह, स्टेशन मास्टर देवव्रत सरकार, संजय कुमार समेत अन्य रेलवे कर्मी मौजूद थे.

# बजरंगबली मंदिर में मांस फेंके जाने से चिरकुंडा में तनाव, पुलिस जवान तैनात

- पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

संवाददाता । निरसा/चिरकुंडा



चिरकुंडा थाना क्षेत्र के बाबूडंगाल सीएमडब्लूओ कॉलोनी स्थित बजरंगबली मंदिर में सोमवार की रात असामाजिक तत्वों द्वारा मांस का टुकड़ा फेंक दिया. इलाके में खबर फैलते ही लोग मंदिर के पास इकट्ठा होने लगे. देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई. मामले की जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराया.

इलाके में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए मंदिर के पास पुलिस जवान तैनात किए गए. इसी बीच निरसा एसडीपीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे तथा लोगों को शांत कराया. एसडीपीओ ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है.

सीएमडब्लूओ कॉलोनी वासियों का आरोप है कि पास में रहने वाले एक अलपसंख्यक सुमदाय के घर शादी समारोह का आयोजन किया गया था. उस परिवार ने ही मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंककर आपसी आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की. कॉलोनी वासियों ने अविलंब दोषियों के गिरफ्तारी की मांग की है. वहीं इस संबंध में अल्पसंख्यक परिवार के मुखिया का कहना है कि पुलिस मामले की जांच करे. हमारा परिवार इस तरह का घृणित कार्य नहीं कर सकता. मामले में जो भी दोषी हो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करे.

घटना के संबंध में जोगरात पंचायत के मुखिया रिंटु पाठक का कहना है कि असामाजिक तत्वों ने हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ किया है. माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गई है. प्रशासन मामले की जांच कर ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे.

डुमरकुंडा उत्तर के मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान ने कहा कि सुबह के समय मंगलवार की सुबह मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंके जाने की सूचना मिली. तत्काल उन्होंने पुलिस को खबर दी. खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराया. फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है. दोनों समुदाय के लोग बैठक कर हल निकालने में लगे हैं.

इस संबंध में पूछे जाने पर निरसा एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने कहा कि असामाजिक तत्वों ने मंदिर में मांस का टुकड़ा फेंककर अशांति पैदा करने की कोशिश की है. किसी भी समुदाय के आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा. दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर आज इन स्थानों पर

**धनबाद** । जिले के विभिन्न प्रखंड के पंचायतों, नगर निगम एवं नगर परिषद चिरकुंडा के वार्डो में बुधवार को विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे. धनबाद प्रखंड के सियालगुदड़ी पंचायत, टुण्डी के मनियाडीह, कलियासोल के जामकुदर, निरसा के पाण्ड्रा पूर्व, तोपचांची के लेदाटाँड़, बाघमारा के रघुनाथपुर, बलियापुर के घडबड़, एग्यारकुण्ड के कालीपहाड़ी पूरब, गोविंदपुर के बिराजपुर पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे. वहीं धनबाद नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 41 में वार्ड विकास केंद्र, पत्थर बंगला, वार्ड संख्या 28 में एच आई जी पार्क, हाउसिंग कॉलोनी, वार्ड संख्या 42 के बीसीसीएल गेस्ट हाउस, जेलागोरा में शिविर लगेंगे. नगर परिषद चिरकुण्डा में वार्ड संख्या 16 के वार्ड विकास केंद्र में भी शिविर लगाए जाएंगे.

### टोटो चालकों ने दिया धरना आंदोलन की चेतावनी

**धनबाद।** झारखण्ड ई-रिक्शा टोटो संघ के बैनर तले मंगलवार को टोटो चालकों ने परिचालन में आ रही परेशानियों समेत अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को जिला परिवहन विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने किया. धरना प्रदर्शन में विशेष रूप से संघ के संरक्षक सह कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा भी शामिल हुए. मांगों में अल्प ठहराव और चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था समेत निशुल्क ड्रेस वितरण की मांग शामिल हैं.

वैभव सिन्हा ने कहा कि जिले में टोटो की संख्या 20 हजार से ज्यादा है. बावजूद इसके जिला परिवहन विभाग ने पाल्यूशन मुक्त परिचालन के लिए अब तक न ही अल्प ठहराव की व्यवस्था की है और न ही चार्जिंग प्वाइंट की. इस वजह से टोटो चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने कहा कि परिवहन विभाग टोटो चालकों के लिए सुविधा मुहैया कराए. इसके बाद ही टोटो चालक सरकारी गाइडलाइन का पालन करेंगे. साथ हीं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में दलाली को देखते हुए परिवहन विभाग शिविर लगाए.

# कतरास रेलवे क्रॉसिंग पर स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, पांच लोग घायल

संवाददाता । कतरास



कतरास निचितपुर रेलवे फाटक के पोल में सोमवार की देर रात एक स्कार्पियो वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए. वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. घायलों में वाहन चालक समेत अन्य लोग शामिल हैं. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को निचितपुर अस्पताल भेजा, जहां से उन्हें धनबाद रेफर किया गया. धनबाद एसएनएमसीएच में दोनों घायल इलाजरत हैं.

दुर्घटना के समय वाहन रामगढ़ के मांडू से धनबाद की ओर जा रहा था. कतरास राहुल चौक के आगे निचितपुर फाटक के स्टॉपर पोल में तेज रफ्तार से आ रहे स्कॉर्पियो वाहन ने रात लगभग 1.15 बजे जोरदार धक्का मार दिया. वाहन चालक समेत बगल बैठे व्यक्ति वाहन के टूटे शीशे के टुकड़े के लगने गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना के दौरान वाहन के अंदर लगे एयर बैग के खुल जाने से वाहन चालक समेत सवार अन्य की जान बच गयी. घायलों में सुमित कुमार, रंजन कुमार, सुजीत कुमार समेत अन्य दो लोग हैं. रंजन कुमार की हालत गंभीर है. पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया है.


### धनबाद क्रिकेट संघ का वार्षिक समारोह 22 सितंबर को

**धनबाद।** धनबाद क्रिकेट संघ का वार्षिक समारोह 22 सितंबर को धनबाद क्लब के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा. समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन होंगे. इस अवसर पर 2023-24 सत्र के विभिन्न टूर्नामेंटों की विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा. इसके अलावा, सीनियर और जूनियर वर्ग के क्रिकेटर ऑफ द ईयर रहे खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा. सीनियर पुरुष वर्ग में कोनैन कुरैशी, जूनियर वर्ग में सिद्धार्थ सिन्हा, सीनियर महिला वर्ग में दुर्गा मुर्मू और जूनियर वर्ग में अनंदिता किशोर को क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है. समारोह में क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों का जमावड़ा लगेगा तथा धनबाद क्रिकेट संघ की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा.

# बूथ अध्यक्ष के सम्मान राशि में गड़बड़ी

- विधानसभा प्रभारी से शिकायत

संवाददाता । धनबाद



धनबाद महानगर भाजपा के मनईटांड़ मंडल में बूथ अध्यक्ष को मिलने वाली सम्मान राशि में गड़बड़ी का मामला सामने आया है. मामले की शिकायत विधानसभा प्रभारी से भी की गई है. भाजपा अपने सभी बूथ अध्यक्षों को एक हजार रुपए सम्मान राशि देती है. इस राशि का उपयोग पार्टी से संबंधित कार्यक्रमों में किया जाता है.

मनईटांड़ मंडल के अध्यक्ष रहे सतीश रजक का आरोप है कि साजिश के तहत उनके नाम को काट कर अन्य का नाम दर्ज कर लिया गया. इस वजह से उन्हें मिलने वाली राशि अन्य को मिल गई. सतीश ने सम्मान राशि नहीं मिलने पर विधानसभा प्रभारी से शिकायत की है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा प्रभारी ने भाजपा के अन्य मंडलों में भी ऐसी गड़बड़ी होने की आशंका जताई है. उन्होंने मंडल अध्यक्षों को जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है. मनईटांड़ मंडल के 224 नम्बर बूथ के अध्यक्ष के रूप में सतीश रजक का नाम दर्ज है. जिसे हटाकर मौसम सिंह का नाम दर्ज किया गया है. सतीश ने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर विरोध जताया है. सोशल मीडिया पर किये पोस्ट पर कई कमेंट भी आई है. उन्होंने भाजपा में झपट्टामारों से सावधान रहने की बात लिखी है.

## कतरास में सीता सोरेन की गर्जना, झामुमो बनी पति-पत्नी की पार्टी

# नौकरी के नाम पर मौत बांट रही हेमंत सरकार

संवाददाता । कतरास




शेरे दिल दुर्गा सोरेन झारखंडियों के दिलों में बसते हैं. लोगों को दुर्गा सोरेन की कमी खल रही है. झारखंड का खजाना खाली है, लेकिन राज्य सरकार चुनावी लाभ लेने के लिए लोक लुभावन योजना लाकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं. उक्त बातें कतरास के तेज बहादुर हॉल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री सह जामा विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को कही. सभा का आयोजन दुर्गा सोरेन सेना ने किया था. हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने घर की महिलाओं को सम्मान नहीं दे सकते हैं तो राज्य की महिलाओं को क्या सम्मान देंगे. मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को किस मद से भुगतान किया जा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए. हेमंत सरकार ने सबसे अधिक आदिवासियों, मुस्लिमों और युवाओं को ठगने का काम किया है. इस झूठी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ चुका है.

सीता सोरेन ने कहा कि झामुमो अब पति-पत्नी की पार्टी बन चुकी है. इस पार्टी को खड़ा करने में गुरुजी शिबू सोरेन के बाद दुर्गा सोरेन का सबसे ज्यादा योगदान रहा, लेकिन आज पार्टी उनको भूला दी है. झारखंड की पाखंडी हेमंत सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देकर मौत बांट रही है. इस सरकार की विदाई का समय नजदीक आ चुका है. हेमंत सरकार योजनाएं लागू कर लोगों को महज प्रलोभन दे रही है. दुर्गा सोरेन सेना के कार्यकारी अध्यक्ष जयश्री सोरेन ने कहा कि दुर्गा सोरेन ने शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड अलग राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया. दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि उन्हें भूला दिया गया है. राज्य के लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं. सेना युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुनील पासी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल पहुंचने पर सीता सोरेन और जयश्री सोरेन का गर्मजोशी से स्वागत किया. मौके पर सूरज यादव, रौनक गुप्ता, राहुल नोनियां, विक्की राय, गन्ना महतो, गट्टू जायसवाल, देवाशीष घोष, राहुल यादव, लालटू पाल समेत दुर्गा सोरेन सेना के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### डॉक्टर कुणाल ने बचाई 60 वर्षीय मरीज़ की जान

**धनबाद** । एसजेएस सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टर कुणाल किशोर ने एक जटिल स्पाइन सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न करके 60 वर्षीय मरीज़ की जान बचाई है. मरीज़ पहले से ही गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, जिसमें उसकी कमर की हड्डी में दो बार ऑपरेशन हो चुका था. डॉक्टर कुणाल किशोर ने मरीज़ के मामले का विस्तार से अध्ययन किया और जटिल सर्जरी की योजना बनाई. ऑपरेशन के दौरान, पुराने और टूटे हुए स्क्रू और रॉड को सावधानीपूर्वक निकाला गया. इसके बाद, नए सिरे से मज़बूत स्क्रू और रॉड को रीढ़ की हड्डी में फ़िक्स किया गया. ऑपरेशन के बाद, मरीज़ का पैर धीरे-धीरे काम करने लगा है. मरीज़ को दर्द से भी पूरी तरह राहत मिल गई है. अब डॉक्टरों की देखरेख में फिजियोथेरेपी के माध्यम से उसे धीरे-धीरे खड़ा करवाने और फिर से चलने-फिरने की कोशिश की जा रही है.




MAYA ACADEMY
Classes (BOARDS - CBSE, ICSE, JAC)
VI-X - (English, Social Science, Computer)
XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)
U.G. & P.G Courses
Honour Subjects - English, History
M.A. Subjects - English, History
IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)
By :- SONA BISWAS
M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY),M.C.A
DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, बुधवार 11 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 154

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

ब्रीफ खबरें

### मारपीट में घायल युवक की एक माह बाद मौत

**निरसा बाजार।** पांड्रा पश्चिम पंचायत के हाबुल बाउरी की मौत सोमवार को इलाज के दौरान हो गई. परिवार के लोगों ने दहाड़े मारकर रोना शुरू कर दिया जब शव घर पहुंचा. बताया जाता है कि एक महीने पहले मृतक की मारपीट पड़ोसी सोमनाथ कुम्भकार और दया कुम्भकार के साथ हुई थी. इस घटना में हाबुल बाउरी बुरी तरह जख्मी हो गया था, जिसका इलाज धनबाद में चल रहा था. इस मामले में मृतक के परिजनों ने एमपीएल ओपी में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस नामजद आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है.

### धनबाद नियोजनालय में रोजगार मेला आज

**धनबाद।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय बरटांड़ धनबाद में बुधवार को 1669 पदों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है. धनबाद के स्थानीय कंपनियों के अलावे विभिन्न राज्यों की कंपनियां रोजगार मेला में हिस्सा ले रही है. अभ्यर्थियों को दो प्रति में बायोडाटा लेकर आना है. रोजगार मेला में 9 हजार महीना से लेकर 52 हजार तक की नौकरी मिलेगी. रोजगार मेला में भाग लेने के लिए आवेदकों को झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है. आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं.

### अपहरण के आरोपी को तीन वर्ष कैद

**धनबाद :** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण करने के एक मामले में मंगलवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बोकारो जिले के पिंडाजोरा थाना क्षेत्र के लाबूडीह निवासी दीपक कुमार महतो तीन वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया. प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर तोपचांची थाने में 14 मार्च 2024 को दर्ज की गई थी . प्राथमिकी के मुताबिक 13 मार्च 2024 को शाम 5 :00 बजे आरोपी नाबालिग के घर आकर उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले गया. उस समय उसके परिजन घर में नही थे. इसी का फायदा उठा कर फोन से उसे तोपचांची बुलाकर भगा ले गया. पीड़िता इंटर की छात्रा है. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 5 जून 2024 को इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था. 14 जून 2024 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने 6 गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया था.

### सड़क दुर्घटना में आरोपी को छह माह की सजा

**धनबाद :** तेजी व लापरवाही से मोटर साईकिल चला कर इस्लाम अंसारी को धक्का मारकर जख्मी करने के एक मामले में सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेंद्रा बांसजोरा निवासी चंदन कुमार यादव को भादवि की धारा 279 में छह माह कैद एक हजार रुपए जुर्माना वहीं भादवि की धारा 337 में दोषी पाकर छह माह कैद व पांच सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया है. अभियोजन का संचालन सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने किया. 24 दिसंबर 2017 को रेशमा प्रवीण की शिकायत पर झरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 18 दिसंबर 2017 को मोटर साईकिल चालक आरोपी चंदन ने उसके पिता इस्लाम अंसारी को बनियाहीर मोड़ के समीप धक्का मार कर जख्मी कर दिया . पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत 9 मई 2023 को आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र समर्पित किया था.

## धनबाद वासियों को अगले महीने से मिलेगी मंहगे बालू की खरीदारी से राहत, 15 अक्टूबर के बाद शुरू होगा बालू उठाव

# 9 बड़े बालू घाटों का टेंडर हुआ पूरा, एग्रीमेंट के बाद होगा उठाव

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

अमित सिन्हा

**धनबाद ।** धनबाद वासियों को महंगे बालू की खरीदारी से जल्द ही राहत मिलेगी. जिले के 9 बड़े बालू घाटों से 15 अक्टूबर से बालू का उठाव शुरू हो जाएगा. इन 9 घाटों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. अब झारखंड स्टेट मिनरल डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (जेएसएमडीसी) द्वारा अग्रीमेंट किये जाने के बाद से बालू का उठाव शुरु हो जाएगा. जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर ने बताया कि 9 बड़े बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट जेएसएमडीसी को भेज दी गई है. आगे जेएसएमडीसी अग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी कर बालू उठाव की अनुमति दे देगा. जिसके बाद 15 अक्टूबर से बालू का उठाव सम्भव हो पायेगा. बता दें कि 15 अक्टूबर तक बालू उठाव के लिए एनजीटी की रोक लगी है. झारखंड में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 10 जून 2024 से 15 अक्टूबर 2024 तक नदियों से बालू निकालने पर रोक लगा दी है. यह रोक मानसून के दौरान नदियों के इको सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए लगाई जाती है. इस दौरान बालू घाटों से बालू निकालने पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाती है. इस रोक के हटते ही बालू का उठाव प्रारंभ हो जाएगा. इसके बाद खुले बाजार में कम कीमत पर बालू उपलब्ध होगा. जिससे आम लोगों के साथ साथ रियल एस्टेट को भी काफी राहत मिलेगी.

### 15 अक्टूबर से शुरु होगा बालू का उठाव



फाइल फोटो

### इन बालू घाटों का हुआ टेंडर

जिले के जिन 9 बड़े बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है. उसमें जहाजटांड, भौरा, सिंगरा, नागदा, जाजलपुर, हरिहरपुर, तेलमच्चो, लोहपट्टी एवं डुमरकुंडा घाट शामिल हैं. 15 अक्टूबर के बाद से उक्त घाटों से बालू का उठाव शुरू हो जाएगा.

### हजारों सीएफटी बालू की रोज हो रही तस्करी

जिला खनन टास्क फोर्स की लगातार कार्रवाई के बावजूद जिले में बालू की तस्करी जोरों पर है. प्रतिदिन हजारों सीएफटी बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है. अवैध रूप से खरीदे गए बालू का उपयोग निजी एवं सरकारी कार्यो में धड़ल्ले से किया जाता है. बालू की तस्करी में बड़े बड़े माफिया संलिप्त हैं. जो रोज लाखों का अवैध कारोबार कर रहे हैं.

### आम लोगों के साथ रियल एस्टेट को मिलेगी राहत

जिले में वैध बालू घाटों से बालू का उठाव शुरू होने के बाद आम लोगों के साथ साथ रियल एस्टेट को भी काफी राहत मिलेगी. बालू के अवैध धंधेबाजों ने बालू की कीमत को दोगुना से भी ज्यादा कर दिया है. वर्तमान में प्रति हाइवा बालू 25 से 30 हजार रुपये में बिक रहा है. इन हाइवा गाड़ी से मैनेज करने के नाम पर भी खूब वसूली होती है. अगल अलग घाटों से निकलने वाले गाड़ियों से अलग अलग चिन्हित स्थानों पर वसूली की जाती है.

## धनबाद के एक लाख 41 हजार बिजली उपभोक्ताओं को मिली राहत

# अक्टूबर में आने वाले बिल से खत्म हो जायेगा बकाया

- 200 यूनिट प्रतिमाह उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को मिला लाभ

संवाददाता। धनबाद

200 यूनिट प्रति माह उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का अगले महीने आने वाले बिजली के बिल में बकाया राशि शून्य रहेगी. जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि जो भी बिजली उपभोक्ता प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली का उपयोग करते हैं उनकी बकाया राशि को माफ कर दिया गया है. उनका अक्टूबर महीने में आने वाले बिल में बकाया राशि नहीं रहेगी. इस योजना के तहत धनबाद के एक लाख 41 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिला है. इन उपभोक्ताओं का 82 करोड़ का बकाया माफ कर दिया गया है.

झारखंड सरकार ने हाल ही में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल माफी योजना की घोषणा की थी. झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा जारी किए गए हालिया निर्देशों के अनुसार, 31 अगस्त 2024 तक जिन उपभोक्ताओं के पास बकाया बिजली बिल है, उन्हें पूर्ण रूप से माफ कर दिया जाएगा. इसके साथ ही, प्रत्येक घरेलू उपभोक्ता को 200 यूनिट तक प्रति माह मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी. हालांकि, 200 यूनिट से अधिक उपयोग करने पर उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बिजली का भुगतान करना पड़ेगा.



### बिजली बिल बकाया माफी के लिए आवेदन की जरूरत नहीं

बिजली बिल माफी योजना के लिए उपभोक्ताओं को कोई आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है. यह लाभ सभी पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को स्वत: मिलेगा. राज्य के पात्र उपभोक्ताओं के बकाया बिल माफ कर दिए जाएंगे. और हर महीने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी, जो सीधे उनके बिजली कनेक्शन पर लागू होगी. इस योजना के तहत धनबाद के हजारों परिवारों को बिजली के बोझ से राहत मिलेगी और उन्हें जीवन यापन में एक बड़ी मदद मिलेगी.

# ईसीएल की बंद कापासारा कोलियरी में जोरदार आवाज के साथ धंसी चाल

- सूचना पर एग्यारकुंड सीओ, एसडीपीओ, निरसा व प्रभारी एमपीएल ओपी प्रभारी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

संवाददाता। निरसा बाजार




ईसीएल की बंद कापासारा कोलियरी में रावण चढ़ाई के समीप मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे के करीब जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई . घटना में दर्जनों लोगों के मौत की स्थानीय लोगों में चर्चा है हालांकि प्रशासन व पुलिस का किसी की मौत से इंकार है . चाल धंसने की सूचना पर एग्यारकुंड अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी एवं निरसा एसडीपीओ रजत मनिक बाखला, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया . निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कापसारा के अवैध मुहाने को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने पर ईसीएल प्रबंधन से वार्ता की जाएगी . वहीं घटनास्थल के समीप बसे हुए बिहार बंगाल एरिया के लोगों से आग्रह किया गया कि वे क्षेत्र खाली कर दें क्योंकि यह खतरनाक घोषित है . चाल धंसने से हुई मौत के सवाल पर एग्यारकुंड अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी व निरसा एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने बताया कि घटना में अभीतक किसी के मौत की पुष्टि नहीं हुई है.ईसीएल प्रबंधन से वार्ता कर आगे की रणनिति तैयार की जाएगी दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि हर हाल में कोयला चोरी व अवैध कोयले के कारोबार पर अंकुश लगेगा . अवैध कोयला कारोबार में लिप्त भट्टा संचालकों पर कार्रवाई होगी . अधिकारियों का कहना है कि बंद खदान में पानी भरने और दबाव बढ़ने की वजह से मुहाना धंस गया होगा . प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना के वक्त सैकड़ों लोग अवैध उत्खनन कर रहे थे तभी जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई . स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन में यहां के लोगों की सहभागिता बहुत कम है खनन के लिए मुख्य रूप से बंगाल से श्रमिक लाए जाते हैं .

# पति ने पत्नी को मार डाला, गिरफ्तार

- बेटा बहु के बीच अक्सर होता था मारपीट : किसुन भुला

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां थाना से लगभग पांच किलोमीटर दूर धनैता गांव में गिरजा भुला (28 वर्ष) ने मामूली विवाद में लाठी डंडे से पीट कर अपनी पत्नी अनिता देवी (24 वर्ष) की हत्या कर दी. घटना के वक्त पति पत्नी दोनों शराब के नशे में धुत थे. इस संबंध में मृतका के ससुर किसुन भुला ने बताया कि बेटा बहु के बीच अक्सर विवाद होता रहता था. मंगलवार को भी ये दोनों देशी महुआ शराब पीकर आपस में उलझ गए. इस दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से नोकझोंक बढ़कर मारपीट होने लगी. इस दौरान उसके बेटा गिरजा भुला ने लकड़ी के डंडे से बहु अनिता के सर पर वार कर दिया. घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतका का विवाह लगभग 8-9 वर्ष पूर्व हुआ. इनका एक 3 वर्षीय बेटी भी है.

घटना की सूचना पाकर गावां थानेदार महेश चंद्रा मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर थाना ले आई. वहीं हत्या के आरोपी पति को भी गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में थानेदार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामूली विवाद में पति ने ही पत्नी की हत्या कर दी है. आरोपी पति को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है. मामले को लेकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

### अवैध बालू लदा हाइवा जब्त

**धनबाद ।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने बीती रात खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया. इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि बीती रात धनबाद गोविंदपुर रोड पर गोल बिल्डिंग के पास जांच अभियान चलाया. जांच के क्रम में हाइवा संख्या जेएच 10 बीवाइ 2891 को रोकने का इशारा किया. हाइवा चालक जांच दल को देखकर हाइवा वहीं छोड़कर फरार हो गया. जांच के क्रम में हाइवा पर लगभग 500 क्यूबिक फीट बालू लदा मिला. साथ ही हाइवा की जांच करने पर बालू के संबंध में कोई भी वैध कागजात नहीं मिले.

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में मिले 686 आवेदन, 30 निष्पादित

## डीजीपी के निर्देश पर जिले भर में लगा समाधान शिविर

संवाददाता। धनबाद



बेहतर पुलिसिंग को लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी के आदेशानुसार पुरे राज्य के साथ - साथ धनबाद जिले में भी पांच जगहों पर आयोजित आज के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 686 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 30 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन करा लिया गया. यह जानकारी सिटी एसपी अजित कुमार ने धनबाद थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में दी.उन्होंने बताया शिविर में भूली से एक आवेदक के द्वारा 50 हजार की रकम वापस करने में टाल मटोल किए जाने की शिकायत की थी जिसका त्वरित गति से समाधान कराया गया और 50 हजार का रकम वापस कराया गया.उन्होंने बताया कि बोकारो प्रक्षेत्र के डी आई जी के नेतृत्व में आज पांचों स्थानों पर शिविर का सफल संचालन किया गया. उन्होंने कहा छूटे हुए आवेदक पुलिस विभाग के द्वारा जारी किए गए व्हाट्सप्प नंबर पर या मेल के जरिये भी अपनी समस्याएं भेज सकते हैं. प्राप्त आवेदन की लगातार मोनेटरिंग की जाएगी ताकि उन समस्याओं को त्वरित गति से निष्पादन हो सके और जन शिकायत समाधान कार्यक्रम चलाने का उद्देश्य भी यही है .

### धनबाद में डेंगू का प्रकोप जारी, चार और लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव

**धनबाद।** धनबाद में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. ताजा रिपोर्ट के अनुसार, शिबु रवानी, पायल कुमारी, उदय पंडित और धीरज कुमार की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है. ये सभी लोग अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं. इससे पहले भी कई लोगों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया था. स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे डेंगू के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत अस्पताल जाएं. डेंगू के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और उल्टी शामिल हैं. अगर आपको भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत अस्पताल जाएं और अपनी जांच कराएं. स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की अपील की हैं.

## अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस कर रही छापामारी

# घनुडीह में दोस्त का हत्यारा गिरफ्तार

- पोस्टमार्टम के बाद शव का मोहल्बानी घाट पर किया गया दाह-संस्कार

संवाददाता। झरिया

झरिया के घनुडीह ओपी क्षेत्र के घनुडीह दुर्गापुर खटाल के समीप सोमवार की रात एक युवक की लाठी-डंडे से पिट-पीटकर हत्या कर दी गई थी. मृतक की पहचान पंकज निषाद के रूप में हुई है. पुलिस ने मामले में आरोपी अभिषेक बनर्जी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. पंकज की मां झनक देवी ने अभिषेक बनर्जी और अन्य लोगों पर अपने पुत्र के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था. झनक देवी ने बताया कि अभिषेक और अन्य दोस्तों ने पंकज को ले जाकर मारपीट की और हत्या कर दी. मृतक के परिवार में उसकी मां, पिता नवल निषाद और बहनें शोक में डूबी हुई हैं. नवल निषाद झरिया में मछली विक्रेता हैं और अपाहिज भी हैं. पंकज परिवार का एकमात्र कमाने वाला था. परिजन और आसपास के लोगों का कहना है कि दारू बेचने वाले को पुलिस गिरफ्तार करें तो सारे मामले का खुलासा हो जाएगा. मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का मोहल्बानी घाट पर दाह-संस्कार कर दिया गया.

### पंकज परिवार का एकमात्र कमाने वाला था



गिरफ्तार आरोपी

### शराब पार्टी के दौरान हुआ था झगड़ा

सोमवार की रात शराब पीने के दौरान पंकज की उसके दोस्तों के साथ झगड़ा हुआ था. जिसके बाद उसके ही चार दोस्तों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी थी. हत्या के बाद से सभी दोस्त फरार हो गए थे. झगड़ा के बाद जुटे आस पास के लोगों ने पंकज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी.

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी चैयरमेन 13 को धनबाद में

**धनबाद ।** धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त झारखंड स्क्रीनिंग कमिटी के अध्यक्ष गिरीश चोंडानकर और सदस्य प्रकाश जोशी एवं पुनम पासवान 13 सितंबर को धनबाद आ रहे हैं. वे धनबाद परिसदन में धनबाद के सभी विधानसभा चुनाव के टिकट के दावेदारों से शाम को मुलाकात करेंगे. इसके अलावा 14 को वे जामताड़ा, गिरीडीह और बोकारो जिला कांग्रेस के विधानसभा दावेदारों से धनबाद परिसदन में सुबह मुलाकात करेंगे. दोपहर 2:30 बजे वे धनबाद से रांची के लिए प्रस्थान करेंगे. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद के सभी विधानसभा चुनाव के संभावित उम्मीदवार 13 सितंबर की शाम को धनबाद परिसदन में उनसे मिलकर अपना मजबूत आधार और पक्ष रखें.

# धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसाई संघ ने शुरू किया सदस्यता अभियान



- पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ ने मंगलवार से सदस्यता अभियान शुरू की. इसके लिए गांधी सेवा सदन में शिविर लगाया गया. शिविर में जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स समेत अन्य चेंबरों के पदाधिकारी मौजूद थे. संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से कहा कि आगामी तीन महीने के अंदर पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर सदस्यता अभियान शुरू की गई है. जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने कहा कि धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ ने सदस्यता अभियान शुरू की है. सदस्यता शुल्क 10 रुपये प्रतिमाह है. कोई भी खाद्यान्न व्यवसायी निर्धारित शुल्क देकर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं. जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स का खाद्यान्न व्यवसायी संघ को पूर्ण समर्थन प्राप्त है.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने पाइप लदा पिकअप वैन किया जब्त, चालक फरार



**निरसा बाजार:** पुलिस के दावों के बावजूद क्षेत्र में पाइप चोरी की घटनाएं जारी हैं। सोमवार की रात को निरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पाइप लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया, लेकिन चालक चकमा देकर भागने में सफल रहा। एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने बताया कि गाड़ी के कागजात की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि मुख्य सरगना को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है। यह घटना सरकारी संपत्ति की चोरी की बढ़ती घटनाओं पर सवाल उठाती है। कब तक चोरों द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाएगा?

### आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**महुदा।** सोमवार को हाथुडीह पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें आबू-आवास, बाल विकास परियोजना, राजस्व, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि एवं पशुपालन, आधार कार्ड सुधार आदि शामिल थे। बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से दो महिलाओं का गोद भराई और दो बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। इस अवसर पर मुखिया संगिता घोषाल, पूर्व मुखिया सम्पद घोषाल, बीपीआरओ रघुवंश कुमार भारती, विजय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शोभा सिन्हा, सीएचओ बजरंग सैनी, महिला पर्यवेक्षिका मंजु कुमारी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा पीएचईडी के जेई मोहन मंडल, समाज सेवी परमिंदर सिंह, सेविका ममता रवानी, रूपाली चटर्जी, सोनाली चटर्जी और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी भी मौजूद थे।

# पॉलिटेक्निक में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन

संवाददाता। निरसा बाजार




झारखंड पुलिस की पहल पर निरसा पॉलिटेक्निक में मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मनिक बाखला के नेतृत्व में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीओ, बीडीओ, थाना और ओपी के प्रभारी सहित डालसा के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस शिविर का उद्देश्य आम जनों की समस्याओं का समाधान करना है। झारखंड पुलिस ने राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत 24 जिलों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया है। शिविर में लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए गुहार लगाई। एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने बताया कि शिकायतकर्ता को जांच पदाधिकारी के नंबर भी उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपने मामले की फीडबैक ले सकें। मौके पर चिरकुंडा, निरसा, गलफरबाड़ी, कुमारधुबी, मैथन, कालूबाथान और एनपीएल ओपी द्वारा कैंप लगाकर आवेदन लिए जा रहे थे। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी शिविर में पहुंचकर लोगों की शिकायतें सुनीं। निरसा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि सभी विभाग के लोगों को एक जगह एकत्रित कर समस्या का समाधान किया जा रहा है।

### बलात्कार-हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

**निरसा/मैथन:** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, भारत की जनवादी नौजवान सभा, मैथन हॉस्पिटल के डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी, बैंक और स्कूल के कर्मचारी, स्कूल के बच्चे, सीनियर सिटीजन फोरम और मैथन के नागरिक समाज ने मिलकर कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में कैंडल मार्च और मानव श्रृंखला बनाई। इस आयोजन का उद्देश्य देश में बढ़ रही बलात्कार की घटनाओं के विरोध में आवाज उठाना और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करना था। हॉस्पिटल गेट से काली पहाड़ी मोड़ तक और काली पहाड़ी मोड़ से मैथन मेन गेट तक जुलूस और मानव श्रृंखला आयोजित की गई। इसके बाद एक सभा आयोजित की गई, जिसमें डीवीसी वर्किंग वोमैन की दीपा विश्वास, नौजवान सभा की सुमोना लाहिड़ी, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की कुमारी सपना, मैथन नागरिक समाज के पुलक राय, सीनियर सिटीजन फोरम के संतोष घोष और मुख्य वक्ता डॉ रामजी द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किए।

# बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक दिवसीय धरना



संवाददाता। धनबाद

धनबाद : बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया। समिति के अधिकारी बेंगू ठाकुर ने मीडिया को बताया कि झारखंड में बांग्ला भाषा और संस्कृति संकट में है, राज्य में 42 प्रतिशत आबादी बांग्ला भाषी है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद से पिछले 24 वर्षों से बांग्ला भाषा को हसिये पर डालने का काम किया गया है। जबकि राज्य के पांच प्रमंडलों में बांग्ला भाषा भाषियों का बहुसंख्य है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के 16 जिलों में बंगला भाषा प्रधान सम्पर्क भाषा है, लेकिन सत्ता और शासन द्वारा बांग्ला भाषा के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बेंगू ठाकुर ने कहा कि बांग्ला भाषा उन्नयन समिति आने वाले चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है और जमीन से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

# टाटा ऑडिटोरियम जोरापोखर में जन शिकायत समाधान शिविर

## वृद्ध महिला ने 16 लाख रुपये के गबन की शिकायत की

संवाददाता। धनबाद



**झरिया।** झारखंड में बेहतर पुलिसिंग को लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी के आदेशानुसार पूरे राज्य में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। सिंदरी अनुमंडल के अंतर्गत टाटा आडिटोरियम जोरापोखर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। अलकडीहा ओपी क्षेत्र से एक वृद्ध महिला न्याय की आस लेकर जन शिकायत समाधान पहुंची। महिला ने बताया कि जलसाजी कर दलाल ने 16 लाख रुपये निकाल लिए। दो लाख रुपये का वाउचर भरे थे, लेकिन बैंक से 16 लाख रुपये दिखा रहे निकाले गए। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राऊत ने बताया कि सभी शिकायतें ली जा रही हैं। आज इस कैंप में कई मामलों का तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। झरिया सीओ ने बताया कि धनबाद पुलिस की अनोखी पहल है। झरिया अंचल के अंतर्गत सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। अगर किन्ही दो पक्षों में मामला है और दोनों पक्ष यहां मौजूद हैं, तो उन्हें आपसी सहमति से सुलह कराने की कोशिश की जा रही है। जमीन से संबंधित मामलों को लेकर झरिया सीओ ने बताया कि वे खुद निष्पादन करने की प्रक्रिया में हैं। वैसे मामले जो कोर्ट से संबंधित हैं, उन्हें विशेष सलाह देकर जल्द से जल्द आपसी समझौता कर सुलह करने की आग्रह की जा रही है। इस शिविर में झरिया थाना, अलकडीहा ओपी, सिंदरी थाना, पंचगछिया ओपी, और टुंडी थाना के प्रभारी मौजूद थे। इसके अलावा राजस्व विभाग, बिजली विभाग, पीएचईडी, और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें न्याय दिलाना है। धनबाद पुलिस की यह अनोखी पहल लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

### कतरास में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**कतरास।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को कतरास राजगंज रोड स्थित राजस्थानी धर्मशाला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का जागरूकता अभियान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बाघमारा अनुमंडल के सभी थाना और ओपी के प्रभारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बाघमारा डीएसपी ज्योति आनंद मिंज ने बताया कि झारखंड पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निवारण करना है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है और आगे से हर महीने दो बार इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें पंचगढ़ी बाजार में टोटो के जाम, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, सड़कों पर वर्षा का पानी जमा होने, सरकारी जमीनों का अतिक्रमण, अवैध कोयला खनन, जाति आवासीय मामला आदि शामिल थे।

# विलय से न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में वाम कतारों में नया उत्साह पैदा हुआ : केंद्रीय कमिटी

♦ भाकपा-माले ने एससी-एसटी सबप्लान को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**खास बातें**

- पार्टी ने देश के स्तर पर अविलंब जाति गणना करवाने की मांग की

संवाददाता। मैथन




मैथनः भाकपा-माले की केंद्रीय कमिटी की दो दिवसीय बैठक मंगलवार को कुमारधुबी में शुरू हुई। बैठक में मासस के भाकपा-माले में विलय का स्वागत किया गया। केंद्रीय कमिटी ने कहा कि विलय से न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में वाम कतारों में नया उत्साह पैदा हुआ है। बैठक में देश की विकासमान राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई। पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने यूरोप में धुर दक्षिणपंथ की बढ़त, बांग्लादेश में घटनाक्रम, दलित-आदिवासी समाज में उप-वर्गीकरण, वक्फ बोर्ड का सवाल, उच्चतम न्यायालय द्वारा बुलडोजर न्याय पर की गई टिप्पणी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा उप-वर्गीकरण की आड़ में दलित समुदाय को आपस में उलझाने की साजिश कर रही है। भाकपा-माले झारखंड और अन्य राज्यों के लिए खनिज- संपदा की उचित रायल्टी उपलब्ध कराने की मांग करती है, ताकि गरीबी-बेकारी दूर करने की पहलकदमी ली जा सके।

## आसनसोल

# आरजी कर अस्पताल मेडिकल कॉलेज की घटना पर बाम छात्र संगठन ने किया विरोध

## बराकर में विरोध सभा, एकजुट हुए लोग, सड़क जाम





**खास बातें**

- विरोध प्रदर्शन में माकपा ने किया समर्थन

संवाददाता। बराकर

**बराकर।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के विरोध में सोमवार की रात्रि को बराकर बैगुनिया मोड मुख्य चौराहे पर एक विरोध सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बाम संगठन के छात्र-छात्राएं, स्थानीय महिलाएं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विरोध सभा में लगभग दो घंटे तक बैगुनिया मोड चौराहा सतब्ध रहा। सभी ने एक सुर में ₹वी वांट जस्टिस₹ के नारे से छेत्र को बुलंद किया। महिलाओं और छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर रोष प्रकट किया। माकपा के युवा नेता देवानंद प्रसाद ने कहा, ₹जिस निर्मम हत्या के बाद भी मुख्यमंत्री को जरा भी लाज-शर्म नहीं है। किसे बचाने के प्रयास में सभी सबूतों को नष्ट किया गया। जिस राज्य की मुख्यमंत्री है, उसी के अंतर्गत पुलिस मंत्री और स्वास्थ्य विभाग है, जिन्हें पद से त्याग पत्र दे देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ₹आज जूनियर चिकित्सक एक महीने से भी ज्यादा हो गया सड़क पर आंदोलन रत है, उनकी जो मांग है उसे स्वीकार करने में शर्म महसूस करती है। आंदोलनकारियों को पुलिस के बल पर खत्म करना चाहती है, जितना आंदोलनकारियों को दबाओगे, आंदोलन उतना भयावह होगा। विरोध सभा में माकपा के वरिष्ठ श्रमिक नेता सुजीत भट्टाचार्य, सागर मुखर्जी, बीरू यादव, प्रणय विकाश धारा, सुष्मिता चक्रवर्ती, राधा गोविंद राय, मिलन चट्टाराज, सुरेंद्र यादव, मनोज रजक, अंदिता साहा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्र-छात्राएं शामिल थीं।

### दो कॉलेजों के एंटी रैगिंग समिति में दलजीत हुए शामिल

**रानीगंज।** टीडीबी कॉलेज और रानीगंज गर्ल्स कॉलेज की एंटी रैगिंग समिति में समाजसेवी और पत्रकार सरदार दलजीत सिंह वाधवा को शामिल किया गया है। यह समिति यूजीसी द्वारा अनुमोदित है और इसकी गतिविधियों की रिपोर्ट यूजीसी को दी जाती है। दलजीत सिंह पहले भी टीडीबी कॉलेज के एंटी रैगिंग समिति में दो वर्षों तक पदाधिकारी रह चुके हैं और रानीगंज गर्ल्स कॉलेज में तीन वर्षों से इस समिति में काम कर रहे हैं। दलजीत सिंह ने बताया कि समिति कॉलेज परिसर में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी और वरिष्ठ विद्यार्थियों को नए विद्यार्थियों के साथ बेहतर व्यवहार करने का निर्देश दिया जाएगा। नए विद्यार्थियों के साथ अभद्र हरकतें और अभद्र तरीकों का प्रदर्शन वरिष्ठ विद्यार्थी ना करें, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम में उन्हें जागरूक किया जाएगा। एंटी रैगिंग समिति यूजीसी द्वारा अनुमोदित कॉलेज में रैगिंग की समस्या को रोकने के लिए विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर रणनीति और कार्य योजना तैयार करने में शामिल है।

## कुल्टी सैल ग्रोथ वर्क्स में चोरी के आरोप का मामला

# मृतक के परिवार को एक लाख, घायल को 50,000 रुपये की मिली सहायता

**खास बातें**

- प्रदर्शनकारियों ने की न्याय और मुआवजे की मांग




संवाददाता। बराकर

**बराकर।** दो युवकों पर चोरी का आरोप लगाया गया और उन्हें केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा पीटा गया। इस घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेन चक्रवर्ती ने मृतक के परिवार को एक लाख रुपया और घायल को पच्चास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कुल्टी सैल ग्रोथ वर्क्स की घटना में तृणमूल जिला अध्यक्ष नरेन ने मृतक के परिवार को एक लाख और घायल को पच्चास हजार रुपये देने की घोषणा की। कुल्टी सैल ग्रोथ वर्क्स के बारह नंबर लोको लाइन स्थित कार्यरत केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा स्थानीय कुल्टी के दो युवकों को चोरी के आरोप में बेरहमी से पिटाई की गई। इस घटना में बिक्की रविदास की मृत्यु हो गई और दूसरा लाडन गंभीर रूप से अस्पताल में इलाजरत है। इस मामले में कुल्टी ब्लॉक आईएनटीटीयूसी कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें तृणमूल जिला अध्यक्ष नरेन चक्रवर्ती ने मृतक के परिवार को एक लाख रुपया और घायल को पच्चास हजार रुपये की राशि देने का आह्वान किया। रविवार की देर रात कुल्टी के दो युवक बलतोडिया गणेश पूजा मेला से लौट रहे थे, तभी सैल कुल्टी के बारह नंबर लोको लाइन के पास कारखाने में चोरी का आरोप लगाते हुए केंद्रीय सुरक्षा बलों ने दो युवकों को पकड़कर बुरी तरह पीटा था। सुरक्षा बलों ने दोनों को गंभीर अवस्था में गेट के बाहर फेंक दिया था। इस घटना के विरोध में कुल्टी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस और आईएनटीटीयूसी ने विरोध प्रदर्शन किया और मृतक के परिवार को मुआवजा, नौकरी और घायल के इलाज की मांग की। यूनियन के जिला अध्यक्ष अभिजीत घटक, ईएमआईसी सह तृणमूल की ब्लॉक महिला अध्यक्ष इंद्राणी मिश्रा और ब्लॉक अध्यक्ष कंचन सिन्हा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रबंधन के साथ वार्ता के बाद धरना समाप्त किया गया, जहां प्रबंधन ने सात दिनों के समय की मांग रखी थी।

# कुल्टी केंदुआ बाजार में लगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर




संवाददाता। बराकर

**बराकर।** टीएमवाईसी कुल्टी ब्लॉक उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव (लालू) के नेतृत्व में मंगलवार को कुल्टी केंदुआ बाजार स्थित टीएमसी पार्टी कार्यालय में रोटरी क्लब ऑफ साल्ट लेक कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आस-पास के क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर लाभ उठाया। शिविर में निशुल्क नेत्र जांच के साथ-साथ निशुल्क चश्मा और दवाइयां भी प्रदान की गईं। अमित कुमार यादव (लालू) ने कहा, हमारा दल हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। आज निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां सब कुछ निशुल्क था। मौके पर शिवजी यादव, पपलू यादव, रामराज यादव, संजय यादव, आयुष रवानी, सियाम तिवारी, सन्नी शव, संजीत, सुल्तान, हनी और सूरज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बलरामपुर में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पुरुलिया:** पुरुलिया जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र के सोनाझुरी जंगल से मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बलरामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर बांसगढ़ अस्पताल ले गई। पुलिस ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है और मौत के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया देवेन महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है और उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही है। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव पसर गया है और लोगों में डर का माहौल है।

# दुर्गापुर लूटकांडः सालानपुर में पुलिस की छापेमारी, दो फरार

## 6 लाख रुपये, मोटरसाइकिल, महंगी कार और बंदूक बरामद

**खास बातें**

- पृथ्वीराज ओसवाल की पत्नी राधिका ओसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया

संवाददाता। सालानपुर



सालानपुरः दुर्गापुर में हुए 1.1 करोड़ रुपये की लूटकांड में सोमवार को सालानपुर थाना पुलिस ने रूपनारायणपुर और फोकरडीह में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने इलाके के दो कारोबारियों, पृथ्वीराज ओसवाल और अजय दास के घरों पर छापेमारी की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्गापुर में करोड़ों रुपये की लूट मामले में फरार दोनों कारोबारी संलिप्त हैं। उन्होंने दिल्ली के कारोबारी मुकेश चावला से दुर्गापुर में 1 करोड़ रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामले में पहले ही दुर्गापुर थाने के 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। डकैती का मास्टरमाइंड रूपनारायणपुर इलाके का रहने वाला पृथ्वीराज है, जिसमें उसके साथी अजय दास समेत अन्य शामिल हैं। पुलिस की छापेमारी से पहले ही दोनों फरार हो गए। पुलिस ने उनके घर से छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज, करीब 6 लाख रुपये, कई मोटरसाइकिल और महंगी कार बरामद की है। पृथ्वीराज ओसवाल के घर से बंदूक की बरामदगी के बाद उसकी पत्नी राधिका ओसवाल को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया और दोनों घरों को सील कर दिया है। पृथ्वीराज ओसवाल की गिरफ्तार पत्नी राधिका ओसवाल को उसके एक छोटे बच्चे के साथ मंगलवार को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

# डिसरगढ़ से नियामतपुर तक सड़क की हालत जर्जर

## कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने पथावरोध किया

संवाददाता। आसनसोल



आसनसोलः डिसरगढ़ सुभाष सेतु से नियामतपुर के बीच पुरुलिया आसनसोल मुख्य सड़क की बदहाल और जर्जर हालत के विरोध में कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने मंगलवार को पथावरोध किया। सेवादल के अध्यक्ष मनीष बर्णवाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष काजल दत्त, ब्लॉक सेवादल के उपाध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी, आजाद अंसारी, मो नईम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पथावरोध लगभग एक घंटे तक चला। पुरुलिया आसनसोल मुख्य सड़क मार्ग एक व्यस्त मार्ग है, जिससे बड़ी दूरी के यात्री, वाहन और मालवाही वाहन आते-जाते रहते हैं। इस रास्ते पर कई स्थानीय बाजार, स्कूल, सार्वजनिक प्रतिष्ठान हैं। सड़क पर कई जगहों पर गड्ढे हैं, जिससे वाहनों के उलटने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने सड़क की मरम्मत की मांग की और चेतावनी दी कि अगर सड़क कार्य के नाम पर मरहम पट्टी की गई तो फिर पथावरोध किया जाएगा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से अवरोध हटाने का आग्रह किया, जिसके बाद लगभग एक घंटे के बाद पथावरोध हटा लिया गया।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला

## टैली मानस नंबर 14416 का सार्वजनिक रूप से हुआ विमोचन

**खास बातें**

- हर वर्ष करीब 8 लाख लोग करते हैं आत्महत्या
- ज्यादातर मामले 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के

संवाददाता। बोकारो



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम बोकारो के तहत सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में बोकारो सदर अस्पताल के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कोषांग के प्रभारी व कर्मियों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अरविंद कुमार, मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा, डॉ मैथिली ठाकुर, डॉ राजश्री रानी सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल बोकारो के द्वारा टैली मानस नंबर 14416 का सार्वजनिक रूप से विमोचन किया गया. सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति आपके समक्ष आता है और वह कहता है कि मैं अपने जीवन से मैं हार मान चुका हूं तो उन्हें आप कैसे मदद करें. इसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया. साथ ही भारत सरकार की तरफ से जारी टैली मानस नंबर 14416 पर कॉल कर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है.
वहीं कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति के अंदर आत्महत्या की भावना आती है तो आगे हम उसकी मदद कैसे करें, इसके बारे में उन्होंने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि दुनिया भर में बढ़ती आत्महत्याओं को रोकने के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितंबर को दुनिया भर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है. इसके अनुसार हर वर्ष लगभग 8 लाख लोग आत्महत्या की वजह से अपनी जिंदगी खत्म कर देते हैं. इसमें से आत्महत्या के ज्यादातर मामले 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के सामने आते हैं, जिसमें अधिकतर सुसाइड केस अविकसित और विकासशील देशों में देखने को मिलते हैं.

## गावां के तीन विद्यार्थी नेतरहाट परीक्षा में सफल



**गावां (गिरिडीह)।** गावां के तीन छात्रों ने नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है. सफल विद्यार्थियों में महेंद्र चौधरी का पुत्र अंश राज, संजय चौधरी का पुत्र दीपक चौधरी व उपेंद्र स्वर्णकार का पुत्र आयुष सोनी शामिल हैं. तीनों अपनी मेहनत और लगन की बदौलत यह सफलता हासिल की है. उनकी सफलता पर परिवार के साथ-साथ पूरे गावां के लोगों में खुशी है. तीनों छात्रों ने प्राइवेट कोचिंग से परीक्षा की तैयारी की थी.

## दुर्गा सोरेन सेना ने मनाई दुर्गा सोरेन की 54वीं जयंती



**बोकारो।** झामुमो नेता और शिबू सोरेन के बड़े पुत्र दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती सेक्टर पांच में दुर्गा सोरेन सेना के तत्वावधान में मंगलवार को मनाया गया. इस अवसर पर उनकी पत्नी सीता सोरेन उपस्थित थीं. सीता सोरेन ने कहा कि दुर्गा सोरेन के विचार आज प्रासंगिक हैं. मुख्यमंत्री और अपने देवर हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना सीता ने कहा कि आज जो झारखंड में राज चला रहे हैं वो प्रदेश की उन्नति के मकसद से भटक गए हैं. वे सिर्फ प्रदेश को दोनों हाथों से लूट रहे हैं. प्रदेश में आदिवासी, दलित आदि का शोषण किया जा रहा है. सरकार द्वारा लोकलुभावन योजनाओं को लेकर सीता के तेवर अक्रामक दिखे. सीता ने कहा कि हेमंत सरकार के विदाई की बेला आ गई है. सरकार को पूरा कार्यकाल मिला लेकिन कोई भी जन विकास की योजना लागू नहीं की गई. अब चुनाव के समय वोट बैंक को साधने की मंशा से सरकार योजनाओं को लागू करने में लगी है.

## ब्रीफ खबरें

### गावां पुलिस ने पुराने वारंटी को भेजा जेल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के निमाडीह खेसनरो से एक वारंटी धनेश्वरी देवी, पति बढ़न यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उक्त गांव में 2018 में डायन भूत के आरोप में एक महिला की हत्या कर दी गई थी. मामले में गावां थाना में कांड संख्या 75/18 के तहत मामला दर्ज किया गया था . मामले में पुलिस को इसकी तलाश थी. उक्त महिला को गिरफ्तार कर महिला कॉन्स्टेबल के देख रेख में जेल भेजा गया.

### अपूर्वा सिन्हा को मिला बेस्ट टीचर अवार्ड

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज, बोकारो की एसिस्टेंट प्रोफेसर कम्प्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग, समन्वयक् बी. सी. ए.- बी. बी. ए., अपूर्वा सिन्हा को आई. ए. टी. ई. सेक्शन मुजफ्फरपुर, इंस्टिट्च्यूट ऑफ टेक्नोलोजी द्वारा बेस्ट टीचर अवार्ड 2024 के लिये चयनित किया गया है. यह अवार्ड उन्हें आई. एस. टी.ई. सेक्शन फैकल्टी कन्वेन्शन एंड सेमिनार के कार्यक्रम में 13-14 सितंबर, 2024 को मुजफ्फरपुर इंस्टिटच्यूट ऑफ टेक्नोलोजी, मुजफ्फरपुर में प्रदान किया जायेगा. कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने बताया कि प्रो. सिन्हा का चयन आई. एस. टी. ई. के मापदंडों के अनुरूप उनकी चयन समिति द्वारा किया गया. जिसमें शोधपत्र, संस्थान विकास कार्य तथा एकेडेमिक प्रबंधन मुख्य हैं. संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह एवं सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने प्रो. अपूर्वा सिन्हा को बधाई दी.

### क्रिकेट मैच में 21 रन से जीती बरियारपुर की टीम

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत पंचायत मधवाडीह के बरियारपुर में हुसैनी क्लब बरियारपुर सीजन 01 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया. यह मैच 6-6 ओवर का था. जिसमें गिरिडीह सितलपुर क्रिकेट टीम को हराकर बरियारपुर क्रिकेट टीम चैम्पियन बना. सितलपुर गिरिडीह की टीम ने 109 रन बनाया. वहीं बरियारपुर टीम को 110 रन बनाने का लक्ष्य को दिया गया था परंतु बरियारपुर टीम 109 रन ही बना पाए और फिर मैच ड्रा हो गया. फिर दोनों टीमों ने निर्णय लिया कि फिर से 1 ओवर का खेल खेला जाएगा और इस एक ओवर में जो टीम विजेता होंगे, उन्हें इनाम दिया जाएगा. जिसमें बरियारपुर टीम ने 27 रन बनाए. वहीं सितलपुर टीम ने मात्र 6 रन बना पाए और बरियारपुर टीम विजेता टीम बनें. उसके बाद विजेता टीम को पहला पुरस्कार के रूप में बरियारपुर टीम को 8000 और उप विजेता टीम को दूसरा पुरस्कार के रूप में 5000 दिए गए.

### महिला समिति का सौरभ शिशु मन्दिर में भ्रमण कार्यक्रम

**बोकारो।** महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष अनिता तिवारी के साथ उपाध्यक्षगण तथा समिति की अन्य सदस्याओं ने सेक्टर 2 स्थित सौरभ शिशु मन्दिर का भ्रमण किया. महिला समिति, बोकारो के द्वारा समिति की साठवीं स्थापना दिवस तथा 05 सितंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया गया. अध्यक्ष अनिता तिवारी ने समाज उत्थान में शिक्षकों के योगदान को अहम बताया तथा उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण की सराहना की. इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रीति शरण तथा मोनिका रंगानी उपस्थित थीं.

### छह उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

**गोड्डा।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के गोड्डा इकाई चुनाव की प्रक्रिया नामांकन प्रपत्र बिक्री किए जाने के साथ ही आरंभ हो गई. चुनाव पदाधिकारी परमानंद गुप्ता ने बताया कि पहले दिन चैंबर के छह सदस्यों ने नामांकन करने के लिए अपना नामांकन प्रपत्र लिया. जिनमें मनीष भावसिंहका अग्रवाल जनरल स्टोर, सुबोध साह गंगा इलेक्ट्रॉनिक्स, पियूष प्रियदर्शी विनायक स्टील, मुकेश बरनवाल एमके ट्रेडिंग, वीरेंद्र कुमार सिंह पुष्पांजलि, महताब आलम स्मार्ट केयर के नाम शामिल है. चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के लिए अपना नामांकन प्रपत्र चुनाव पदाधिकारी से खरीदा है. चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि दो दिन नामांकन पत्र खरीदने के लिए शेष है. चुनाव पदाधिकारी के अनुसार चुनाव लडने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन प्रपत्र दिन के 11:00 से शाम 6:00 बजे तक धर्मेंद्र गुप्ता के दुकान से नामांकन फार्म ले सकते हैं.

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पहुंचे बोरियो, जनता से संवाद में कहा-

# योजनाओं की जानकारी लेने आया हूं



संवाददाता। साहिबगंज

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को साहिबगंज जिले के बोरियो पहुंचे. यहां वह शिबू सोरेन जनजातीय डिग्री महाविद्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए. लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं. उन योजनाओं का लाभ आपलोगों को मिल रहा है या नहीं, यह जानने और समझने के लिए आया हूं. मूलभूत सुविधाएं आप तक पहुंचाना सरकार का दायित्व है. हाल ही में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल क्षेत्र के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना में कई त्रुटियां हैं. योजना का लाभ जरूरमंद तक नहीं पहुंच पा रहा है. साहिबगंज महाविद्यालय में पीजी की पढ़ाई हो रही है. लेकिन छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा नही है. संथाल परगना में सीएनटी-एसपीटी एक्ट का खुलकर उलंघन हो रहा है. इससे पूर्व राज्यपाल के बोरियो पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया.
इसके बाद डीसी हेमंत सती व एसपी अमित कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया. आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया.

### सिदो-कान्हू के वशंजों से राज्यपाल ने की मुलाकात



**साहेबगंज।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने साहेबगंज जिला के बरहेट स्थित पंचकठिया में वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में निर्मित क्रांति स्थल पर जाकर हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की . इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सिदो-कान्हू की वीरता और साहस हमारे देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा . राज्यपाल ने हूल क्रान्ति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके वंशजों से भेंट की . राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सिदो कान्हू मुर्मू पार्क, भोगनाडीह, बरहेट, साहेबगंज में अमर शहीद सिदो- कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की . इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, प्राचार्य वशिष्ठ नारायण ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक नज़रुल इस्लाम एवं जिला स्तरीय और प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी -कर्मी उपस्थित थे .

## सिटी कॉलेज प्रबंधन से मिले कुमार अमित

**बोकारो।** बोकारो के सिटी कॉलेज में स्नातकोत्तर, इंटर की पढ़ाई और एनसीसी प्रारम्भ करने सहित अन्य मांगों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने मंगलवार को कॉलेज के प्रभारी प्राचार्या डॉ उमा मांगेश्वरी से मुलाक़ात की. कुमार अमित ने प्रभारी प्राचार्या से कहा कि छात्रों के कठिन संघर्ष के बाद इस कॉलेज में पीजी की पढाई प्रारम्भ हुई थी, जिसे कॉलेज प्रबंधन की उदासीनता के कारण बंद कर दिया गया. छात्रों को स्नातकोत्तर जैसे उच्च शिक्षा के लिए बोकारो से बाहर जाने की मजबूरी समाप्त हो गयी थी. अब जब विश्वविद्यालय प्रबंधन कॉलेज में पीजी और इंटर पढ़ाई प्रारम्भ करने के निर्णय के लिए कॉलेज प्रबंधन को ही अधिकृत कर दिया है तो सिटी कॉलेज प्रबंधन का इन दोनों कोर्स को प्रारम्भ करने से इंकार करना बोकारो के विकास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है. कालेज प्रबंधन स्नातकोत्तर, इंटर और एनसीसी को प्रारम्भ करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय प्रबंधन को अविलंब भेजें, अन्यथा कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन होगा. प्रभारी प्राचार्या ने इन प्रस्तावों को विश्वविद्यालय को शीघ्र भेजने की आश्वासन दिया है.

## प्रकल्प दर्शन कार्यक्रम समाज का दर्पण : साध्वी झा



**बोकारो।** संकल्प सृजन बोकारो द्वारा संचालित सामाजिक कार्यों से शिक्षित व सेवा भावी समाज को अवगत कराने का एक माध्यम है 'प्रकल्प दर्शन' यानी संस्थागत गतिविधियों का दर्शन कराना. सीधे तौर कहा जाए तो प्रकल्प दर्शन समाज का दर्पण है. उक्त बातें संस्था की महासचिव साध्वी झा ने सोनाटाँड स्थित शिशु सृजन वाटिका के दर्शनार्थ पहुँचे परिजनों का अभिनंदन करते हुए कहा. सर्वप्रथम केंद्र के बच्चों द्वारा केंद्र द्वार पर स्मरणीय अतिथि स्वरूप श्री राव, पी शारदा राव, स्नेहा व कृष्णा कुमार का तिलक व आरती से अभिनंदन किया. तत्पश्चात अतिथियों ने भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करते हुए मातृभूमि की वंदना किए. राव परिवार की बेटी स्नेहा के जन्म दिवस को केंद्र के बच्चे एवं संस्था पोषित एकल असहाय बुजुर्गों के बीच मनाने के निर्णय की सराहना करते हुए सह सचिव बिनु पाठक ने संस्थागत कार्यों से सभी का परिचय कराया. आगंतुक परिजनों ने बच्चों द्वारा किया जाने वाला दोहा, कविता, श्लोक आदि वाचन की सराहना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएँ दीं. केंद्र के बच्चों की ओर से दीपमाला सजाकर जन्म दिवस की शुभकामनाएँ दी गई. तत्पश्चात स्नेहा ने बच्चों व बुजुर्गों के बीच फल, मिठाई, पकवान एवं बुजुर्गों के बीच नये चप्पल सहित वस्त्र, खाद्यान्न आदि भेंट किया. संस्था की ओर से स्नेहा को प्रेम, संरक्षण व पोषण का प्रतीक गाय-बछडा जोडी की लघु मुर्ति एवं कलम भेंट कर स्वर्णिम भविष्य की शुभेच्छा प्रटक की गई. आयोजन में मुख्य रुप से रीता सिंह, बिनु पाठक, प्रिया, सरिता, शैल कुमारी, रूपम सिंह आदि उपस्थित थे.

## झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ ने आंदोलन का किया आह्वान

**बोकारो।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ ने राज्य में गुणात्मक शिक्षा की सुनिश्चितता और सरकारी प्लस टू विद्यालयों के समुचित संचालन के लिए प्राचार्य पद के सृजन और नियुक्ति की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है. संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि राज्य में सभी सरकारी विद्यालयों में नियमावली के अनुरूप प्राचार्य पद का सृजन और नियुक्ति होना अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि संघ ने कई बार इस मुद्दे को उठाया है, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. आंदोलन के पहले चरण में, संघ ने राज्य के सभी पीजीटी शिक्षकों, प्रयोगशाला सहायकों और प्लस टू विद्यालयों के लिपिकों से 12 सितंबर को काला फीता युक्त बैज लगाकर विद्यालय में कार्य करने और जिला कार्यालयों में ज्ञापन सौंपने की अपील की है. बैठक में संघ के प्रांतीय महासचिव राकेश कुमार, तकनीकी सचिव मृत्युंजय कुमार, संयुक्त सचिव रामविलास पासवान, डॉ मनोज कुमार यादव, अंकेक्षक डॉ हेमकांत पंडित समेत सभी जिलों के अध्यक्ष, सचिव और जिला कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए. राज्य संघ द्वारा प्राचार्य पद सृजन हेतु विरोध प्रदर्शन का निर्देश प्राप्त होने पर झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, जिला इकाई, बोकारो ने प्रांतीय संघ के कदम से कदम मिलाकर चलने का निश्चय किया है. जिला इकाई के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ अवनीश कुमार झा समेत डॉ शक्ति पद महतो, राजेश कुमार विश्वकर्मा, राजदेव साहू, धनंजय कुमार, गौरव कुमार दुबे, लालचंद रजक, कपिल देव ठाकुर, प्रशांत कुमार, अभिषेक मैती आदि ने चरणबद्ध आंदोलन में सक्रियता पूर्वक भाग लेकर आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय लिया है.

## गणेश पूजा पंडाल में रिकॉर्डिंग डांस को लेकर चाकूबाजी, 6 लोग घायल



संवाददाता। साहिबगंज

राजमहल के कल्याणचक में गणेश पूजा पंडाल में सोमवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रिकॉर्डिंग डांस को लेकर चाकूबाजी का घटना हुई. इसमें करीब छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है. स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों गंभीर घायलों को मालदा रेफर कर दिया गया. बाकी घायलों का इलाज सादर अस्पताल, साहिबगंज में चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, सांसस्कृति कार्यक्रम के दौरान रात करीब दो बजे कुछ शरारती लोग भजन गा रही महिला कलाकार को पैसा देने के क्रम में उसका हाथ पकड़ने को कोशिश करने लगे. इसको लेकर विवाद शुरू हो गया. मना करने पर कुछ युवकों ने लोगों पर चाकू से हमला कर दिया. चाकू से हमला करने वाले एक युवक राजा मंडल को ग्रामीणों ने पकड़ लिया. घटना की सूचना तुरंत राजमहल थाना को दी गई, लेकिन पुलिस मंगलवार की सुबह सात बजे पहुंची. पकड़ कर रखे गए आरोपी युवक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया. लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है. गांव के कई महिला-पुरुषों ने थाना पहुंचकर विरोध जताया.

## द प्रेस क्लब ऑफ देवघर के निर्वाचित पदाधिकारियों को मिला प्रमाण पत्र



संवाददाता। देवघर

द प्रेस क्लब ऑफ देवघर के चुनाव में जीते सभी नव निर्वाचित सदस्यों के बीच एक सादे समारोह में प्रमाण पत्र वितरण सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान मौके पर चुनाव समिति के सदस्य अशोक बरनवाल, बम शंकर वाजपेयी, राज कुमार शर्मा, अनन्त झा, बैधनाथ यादव सहित मुख्य अतिथि सेवानिवृत जिला सत्र न्यायधीश सह अधिवक्ता चंद्र शेखर पांडे आदि उपस्थित थे. वहीं मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने सम्पन्न हुए चुनावी परिक्रिया की तारीफ़ करते हुए सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दिया. इस दौरान निर्वाचित अध्यक्ष अमर नाथ पाठक, उपाध्यक्ष अनलकांत मिश्रा, संयुक्त सचिव शिवम मिश्र, अनूप कुमार राय, सचिव राजेश किशोर, कोषाध्यक्ष अरुण केसरी, सह कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार यादव उर्फ पप्पु भारतीय, कार्यकारिणी सदस्य, अनिता चौधरी, उपेंद्र कुमार, ललित भारती, मुहम्मद मिनाज उद्दीन अंसारी, मुहम्मद इम्तियाज़, युगल यादव, गौरव कुमार जैसवाल, राजा यादव, संजय यादव, परमजीत कुमार, जीतन कुमार, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार के प्रतिनिधि राजकुमार बरनवाल को प्रमाण पत्र दिया गया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रमाण पत्र ग्रहण करने के बाद अपनी भावनाओं को रखते हुए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने का वचन दिया.

## डुमरी अनुमंडल कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

# 10 शिकायतों का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान



संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी अनुमंडल कार्यालय सभागार में झारखंड पुलिस की ओर से मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों से काफी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्या से संबंधित आवेदन देने पहुंचे. पुलिस की इस अनुठी पहल से लोगों में उत्साह दिखा. साथ ही थाना से संबंधित अपनी समस्या का समाधान का आस भी आवेदकों के चेहरे पर झलक रहा था.
कार्यक्रम में पीड़ितों के मुआवजा, डायन प्रथा, नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री, अवैध शराब बिक्री एवं अड्डेबाजी की शिकायत, महिलाओं से संबंधित शिकायत, साइबर क्राइम से संबंधित शिकायत एवं आर्थिक अपराध से संबंधित आवेदन आया. इसके अलावे डायल 112, 1930, जीरो एफआईआर, ई-एफआईआरई- नए कानून के तहत नए प्रावधानों के बारे में जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई . वहीं झूठ-मूठ के मुकदमा में फंसाने और पुलिस प्रशासन के लोगों के द्वारा तंग किये जाने से संबंधित आवेदन आये.
दोपहर 2 बजे तक विभिन्न शिकायतों से संबंधित 30 शिकायतें आई, जिसमें 10 शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया. वहीं एक मामले जो निमियाघाट से संबंधित था, जिसमें दो भाइयों के बीच में आपसी विवाद काफी लंबे समय से चल रहा था, को ऑन द स्पॉट हल करवाया गया. दोनों आपस में गले मिलकर मामला को स्वयं समाप्त किया और खुशी-खुशी घर चले गए.

### पहले दिन कार्यक्रम में 205 शिकायतें दर्ज

**बोकारो।** बोकारो जिले में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 205 शिकायतें दर्ज की गईं . यह कार्यक्रम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निवारण करने और पुलिस एवं नागरिकों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था . कार्यक्रम में महिला संबंधित मामले, जमीन विवाद, साइबर मामले, चोरी, डकैती, किडनैपिंग, गुमशुदा, एनडीपीएस, अवैध माइनिंग, पोक्सो, एसटी/एससी और अन्य मामलों का निपटारा किया गया . एडवोकेट प्रीति प्रसाद ने एनिमल क्रुएलिटी संबंधित मामले पर चर्चा की और डॉग के सुरक्षा का सवाल उठाया . पुलिस महानिरीक्षक, उतरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये . माननीय न्यायालय से संबंधित सचिव डीएलएसए और विधि सेवा से संबंधित पदाधिकारियों ने आमजनों को उनके विधिक अधिकार के संबंध में जागरूक किया . साइबर थाना और महिला थाना के पदाधिकारियों ने भी आमजनों को जागरूक करने की दिशा में कार्य किया .

# भाकपा माले नेता ललन यादव ने थामा राजद का दामन

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)।



भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड कमिटी के सक्रिय सदस्य ललन यादव ने भाकपा माले के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए मंगलवार को रांची स्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया.
जानकारी के अनुसार मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय रांची में एक समारोह आयोजित कर ललन यादव को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई. श्री यादव के साथ जमुआ विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने भी राजद का सदस्यता ग्रहण किया.
मौके पर ललन यादव ने पत्रकारों से कहा कि भाकपा माले पार्टी अपने नीति एवं सिद्धांतो से भटक गया है. कहा कि वे क्षेत्र की जनता और अपने साथियों के साथ विमर्श करने के बाद ही यह चुनौतीपूर्ण फैसला लिया है. कहा कि वे पूर्व की भांति क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहेंगे और क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहेंगे. जनता के लिए संघर्ष भी करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे. कहा कि प्रदेश में राजद ही एक ऐसी पार्टी है जो दलितों, पिछडों, जरूरतमंदों, अकलियतों सहित सभी संवर्गों को एक सूत्र में बांध कर चलती है.
मौके पर राजद के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, जमुआ के बेरहबाद के पंसस महेंद्र तुरी, धीरेंद्र यादव, प्रदेश महसचिव इनामुल हक, प्रखंड अध्यक्ष लालबेग अंसारी, अल्पंसख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इरफान अंसारी, विजय हाज़रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## राहुल के बयान पर हंगामा

अमेरिका में राहुल गांधी के दिए वक्तव्य से भारत की राजनीति में उबाल आ गया है. केंद्र के मंत्रियों ने राहुल गांधी पर देशद्रोह का गंभीर आरोप लगाया है. सवाल है कि देश के बारे में पूछे गए सवालों पर विपक्ष के नेता क्या बोलेंगे, यह कौन तय करेगा? 2014 के पहले आम तौर पर देश के आंतरिक मामलों पर बोलने से बचने का रिवाज पक्ष और विपक्ष के नेताओं में था. यह जानना जरूरी है कि 2014 के बाद ऐसा क्या हुआ कि अब राजनीति में उबाल विदेशी धरती पर बोले गए वक्तव्यों से ही होता आ रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशी धरती से 2014 के पहले की सरकारों की जिस तरह आलोचना की, उसे भी विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए. राहुल गांधी पर भाजपा हमलावर है. टेक्सास प्रांत के डलास शहर में भारतीय समुदाय और टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए जो विचार राहुल गांधी ने रखे, वे भाजपा को नागवार गुजर रहे हैं. लिहाजा एक बार फिर राहुल गांधी को देशविरोधी, देशद्रोही, भारत का अपमान करने वाला आदि कहा जा रहा है. दरअसल राहुल गांधी ने अपने संबोधनों में भारत के विचार को केंद्र में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदु उठाए.

> राहुल गांधी पर चीन का प्रचार करने का आरोप भी लगाया जा रहा है. राहुल गांधी ने बेरोजगारी के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि कुछ साल पहले तक अमेरिका उत्पादन का केंद्र था. बाद में कोरिया, जापान केंद्र बना.

इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों पर भी टिप्पणी की, यही बात भाजपा नेताओं को इतनी खटक गई कि देश में निर्वाचित सांसद और नेता प्रतिपक्ष को देशविरोधी कहा गया. राहुल गांधी ने भारतीय समुदाय के बीच अपने संबोधन में कहा कि उनकी भूमिका भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता के मूल्यों को स्थापित करने की है. उन्होंने माना कि लगभग सभी दलों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव नजर आता है और इसे ही दूर करने में अपनी भूमिका को उन्होंने रेखांकित किया. उन्होंने धर्म, जाति, समुदाय, राज्य या भाषा के बंधनों से परे सभी से प्रेम की जरूरत पर बल दिया. इसके साथ ही कहा कि हर उस व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए, जो भारत का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है. विनम्रता केवल दूसरों में नहीं, बल्कि स्वयं में होनी चाहिए. राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आरएसएस मानता है कि भारत एक विचार है. हम मानते हैं कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है. हम अमेरिका की तरह मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, सबको भागीदारी का मौक़ा मिलना चाहिए और यही लड़ाई है. राहुल गांधी पर चीन का प्रचार करने का आरोप भी लगाया जा रहा है. राहुल गांधी ने बेरोजगारी के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि कुछ साल पहले तक अमेरिका उत्पादन का केंद्र था. बाद में कोरिया, जापान केंद्र बना. अब चीन मैन्युफैक्चरिंग का हब है. चीन और वियतनाम ने इस क्षेत्र में बाजी मार कर रोजगार के सवाल को कम किया है. बेरोजगारी चंद लोगों को अरबपति बना कर नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के क्षेत्र बढ़ा कर ही दूर की जा सकती है. राहुल का यह बयान राजनीतिक हलचल के केंद्र में है. आरोप प्रत्यारोप के बदले भारतीय राजनीति में बोलने की मर्यादा तय करने की जरूरत है.

### सुभाषित

दुर्लभं त्रयमेवैतत् देवानुग्रहहेतुकम्।
मनुष्यत्वं मुमुक्षुत्वं महापुरुषसंश्रयः।।

इस संसार में तीन चीजें बहुत ही दुर्लभ होती हैं और उनकी प्राप्ति बिना परमेश्वर की कृपा के नहीं हो सकती. उन दुर्लभ चीजों में पहला है मनुष्य के रूप में जन्म. दूसरा है मुक्ति की इच्छा और तीसरा है महापुरुषों की संगति. इन तीनों की प्राप्ति के लिए ईश्वर की कृपा आवश्यक है.

# विकास के यज्ञ में नदी संस्कृति स्वाहा

**बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय चौधरी के अनुसार नेपाल में हाई डैम बनने का प्रस्ताव कई सालों से है, लेकिन वहां फिलहाल हाई डैम बनने की उम्मीद नहीं दिख रही है. कारण नेपाल में हाई डैम का मामला इसलिए अटका पड़ा है. कोई भी जल संधि तभी लागू की जाएगी जबतक कि वहां की संसद दो तिहाई बहुमत से मामले के पारित न कर दे. नेपाल के संसद के पेंच के कारण बिहार सरकार को बराज बनाने का फैसला लेना पड़ा.**

• देश-काल



कुमार कृष्णन


बिहार सरकार कोई भी बराज बनाने से पहले फरक्का बराज के दुष्परिणामों से सीख ले.₹ गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रमुख अनिल प्रकाश ने बिहार की नदियों पर इन बराजों के निमार्ण पर आपत्ति जतायी है और कहा है कि — ₹बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सात नदियों पर बराज बनाने की हड़बडी करनें से पहले गंगा पर बने फरक्का बराज से उत्पन्न विनाशकारी बाढ़, कटाव,जल जमाव, भूमियों के उसर होने, मछलियों के अकाल आदि भीषण स्थितियों का वैज्ञानिक आंकलन अवश्य करा लेना चाहिए.₹ सरकार के बिहार की नदियों पर बराज बनाने के फैसले से व्यापक आंदोलन की तैयारी आरंभ हो गयी है. इस फैसले के विरोध में बिहार, बंगाल और उत्तरप्रदेश में प्रथम चरण में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा. इसके उपरांत साथी संगठनों की बैठक कर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी. नेपाल में होने वाली बारिश से बिहार में होने वाली तबाही को रोकने के लिए बिहार सरकार ने चार बराज बनाने का निर्णय लिया है. ऐसे में फरक्का बैराज के निर्माण में दिखाई गई अदूरदर्शिता को एक सीख की तरह देखा जाना चाहिए.

बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय चौधरी के अनुसार नेपाल में हाई डैम बनने का प्रस्ताव कई सालों से है, लेकिन वहां फिलहाल हाई डैम बनने की उम्मीद नहीं दिख रही है.कारण नेपाल में हाई डैम का मामला इसलिए अटका पड़ा है. कोई भी जल संधि तभी लागू की जाएगी जबतक कि वहां की संसद दो तिहाई बहुमत से मामले के पारित न कर दे. नेपाल के संसद के पेंच के कारण बिहार सरकार को बराज बनाने का फैसला लेना पड़ा. लिए गए फैसले के तहत नेपाल से आने वाली चार नदियों में चार जगह पर बराज बनाए जाएंगे. यह बराज कोसी नदी पर डगमारा में, गंडक नदी पर अरेराज में, महानंदा नदी पर मसान में और बागमती नदी पर डिंग में बराज बनाया जाएगा. डीपीआर तैयार किया जा रहा है. बाढ़ नियंत्रण को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ी राशि दी है और हम लोग सोच रहे हैं कि नेपाल से आने वाले बाढ़ के पानी से जो नुकसान होता है उसे रोकने के लिए इन चार जगहों पर बड़े बराज बनाया जाएं, जिससे कि बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा सकता है. इसके लिए विश्व बैंक से 4400 करोड़ रुपये की सहायता ली जा रही है. यह डीपीआर मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा. नेपाल सरकार से भारत सरकार की कई बार हाई डैम बनाने को लेकर बातचीत हुई है वर्ष 2004 में वहां संयुक्त रूप से विराटनगर में कार्यालय भी खोले गए हैं, लेकिन जहां भी सर्वे करने जाती है लोग हंगामा करने लगते हैं. यही कारण है कि नेपाल में हाई डैम बनाना मुश्किल हो रहा है. यही सोचकर बिहार सरकार ने अब बिहार में ही नेपाल से आने वाली चार नदियों पर बराज बनाने का निर्णय लिया है. केंद्र सरकार ने हाल ही में बिहार के लिए प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है. केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में भारत ने नेपाल में कोसी, बागमती और कमला नदी पर उच्च-स्तरीय बांध बनाने और संबंधित डीपीआर तैयार करने के लिए 2004 में विराटनगर (नेपाल) में एक संयुक्त परियोजना कार्यालय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी. विशेषज्ञों का मानना है कि बिहार के बाढ़ को लेकर एक वैज्ञानिक ढंग से व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है उसके बाद नदी जोड़ योजना का काम हो या फिर बराज बनाने का काम हो. विकास योजनाएं बनाते समय उसके सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय दुष्परिणामों को नज़रअंदाज़ करने का क्या नतीजा हो सकता है, इसे समझने के लिए फरक्का बैराज को एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए. फरक्का बैराज 1975 में बनकर तैयार हुआ. मकसद था कि इसके जरिए 40 हजार क्यूसेक पानी का रुख बदल दिया जाये, ताकि कोलकोता बंदरगाह बाढ़ से बच सके. यह अनुमान करते नदी में आने वाले तलछट का अनुमान नहीं किया गया. परिणामस्वरूप, आवश्यकतानुरूप मात्रा में पानी का रुख नहीं बदला जा सका. दुष्परिणाम आज सामने है. बैराज का जलाशय तलछट से ऊपर तक भरा है. पीछे से आनी वाली विशाल जलराशि पलटकर साल में कई-कई बार विनाश लाती है. ऊंची भूमि भी डूब का शिकार होने को विवश है. हजारों वर्ग किलोमीटर की फसल इससे नष्ट हो जाती हैं. फरक्का बैराज के बनने के बाद से समुद्र से चलकर धारा के विपरीत ऊपर की ओर आने वाली ढाई हजार रुपये प्रति किलो मूल्य वाली कीमती हिल्सा मछली की बडी मात्रा से हम हर साल खो रहे हैं, सो अलग. नदी किनारे की गरीब-गुरबा आबादी फरक्का को अपना दुर्भाग्य मानकर हर रोज कोसती है. फरक्का बराज के बनने के बाद से बिहार में बाढ़ की आपदा बढ़ी है.



मगर जानकार यह भी मानते हैं कि बिहार में बाढ़ को नियंत्रित करने वाली तटबंध आधारित नीति ने भी बाढ़ के संकट को बढ़ाने का काम किया है. उत्तर बिहार की नदियों के जानकार दिनेश कुमार मिश्र के अनुसार आजादी के वक्त जब राज्य में तटबंधों की कुल लंबाई 160 किमी थी तब राज्य का सिर्फ 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बाढ़ पीड़ित था. अब जब तटबंधों की लंबाई 3760 किमी हो गयी है तो राज्य की लगभग तीन चौथाई जमीन यानी 72.95 लाख हेक्टेयर भूमि बाढ़ प्रभावित है. यानी जैसे-जैसे तटबंध बढ़े बिहार में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रफल भी बढ़ता चला गया. बड़े बांधों, बराजों द्वारा उपजाऊ धरती, जंगल सहित जैव विविधता से भरी प्रकृति और नदी से जुड़ी संस्कृति स्वाहा कर विकास का यज्ञ चलाया जा रहा है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. एसके पाण्डेय



## परहित और धर्म

गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज जैसे संत और भक्त का उदय संसार के मंगल के लिए होता है. संसार के कल्याण के लिए होता है. लेकिन उल्लू ऐसे संतों को नहीं समझ पाते. इसलिए ये दुष्प्रचार करते हैं. उल्टा समझते हैं और दूसरों को भी उल्टा ही समझाते हैं. यानी खुद कुएं में गिरते हैं और दूसरों को भी गिराते हैं. ऐसा क्यों होता है? क्योंकि उल्लू ज्ञान रूपी सूर्य से विरत और मोह रुपी रात्रि में अनुरक्त रहते हैं. इसलिए ऐसे लोग मरने के बाद भी उल्लू होकर ही पैदा होते हैं- 'होहिं उलूक संत निंदा रत. मोह निसा प्रिय ग्यान भानु गत'. तुलसीदास जी जैसे संत के बताए हुए रास्ते पर यदि कोई देश-समाज चले तो सारी परेशानियां अपने आप दूर हो जाएं. गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्राणिमात्र के कल्याण के लिए अनेक उपदेश अपने ग्रंथों के माध्यम से हमें उपलब्ध करा दिए हैं. जिनका पालन करके मनुष्य, मानव बनकर भक्ति मार्ग की ओर अग्रसर हो जाता है. गोस्वामी जी ने कहा है- 'परहित सरिस धर्म नहि भाई'. परहित के समान कोई दूसरा धर्म नहीं है. इसलिए सबको दूसरों की मदद करना चाहिए. यह सबसे बड़ा मानव धर्म है. इसकी विशद व्याख्या भविष्य में करेंगे. 'परपीड़ा सम नहि अधमाई': दूसरों को पीड़ा देने के समान कोई दूसरा अधर्म नहीं है. संत किसी भी स्थिति और परिस्थित में भी अधर्म करने को नहीं कहते. कभी भी अधर्म करने को नहीं कह सकते. इसलिए संतो के उपदेश और ग्रन्थ को सूझ-बूझ के साथ सुनना और पढ़ना चाहिए. चूँकि दूसरे को पीड़ा देना अधर्म है. इसलिए हमें कभी भी किसी भी रूप में किसी को पीड़ा नहीं देना चाहिए. न वचन से, न कर्म से और न ही किसी अन्य रूप में किसी को पीड़ा देना चाहिए. संत प्राणिमात्र की रक्षा और सुरक्षा की बात करते हैं. इसलिए किसी को किसी भी जीवधारी को पीड़ा नहीं देनी चाहिए. यह अधर्म है. इससे यह भी साबित हो जाता है कि जीव हत्या नहीं करनी चाहिए. हमें मनुष्य देह अधर्म करने के लिए नहीं बल्कि धर्म करने के लिए ही मिलता है. इसलिए हमें परहित करना चाहिए और परपीड़ा से सदैव बचना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा है- परम धरम श्रुति विदित अहिंसा. वेदों के अनुसार अहिंसा सर्व श्रेष्ठ धर्म हैं. हम परहित की भावना रखेंगे और परपीड़ा को अधर्म समझेंगे तो अहिंसा का अपने आप पालन होता रहेगा. हिंसा का दूसरा मतलब पीड़ा ही हुआ. बिना पीड़ा दिए हिंसा थोड़े होगी. इसलिए हमें अहिंसा का मार्ग पकड़ना चाहिए.

# जलवायु परिवर्तन का संकट गंभीर

• जलवायु

संजय कुंदन

यह विडंबना है कि हर बार बरसात के मौसम में जलवायु परिवर्तन जैसे संकट की याद आती है, शहरों की बदहाली का रोना रोया जाता है, पर उसका शहरी निर्धन वर्ग पर क्या असर होता है, इस पर बात नहीं होती. सचाई यह है कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकटों से बुरी तरह प्रभावित शहरी ग़रीब वर्ग ही होता है. यह वर्ग न्यूनतम जल निकासी और सीवरेज सुविधाओं वाले निचले इलाक़ों में झुग्गी झोपड़ियों में रहता है. पक्के घरों में रहने वाले लोग पानी को तेज़ी से बाहर निकाल सकते हैं, झुग्गीवासियों को इसे तब तक सहना पड़ता है, जब तक कि पानी कम न हो जाए या सरकार हस्तक्षेप न कर दे. इस कारण पूरे वर्ष झुग्गी–झोपड़ियों में कोई न कोई व्यक्ति मलेरिया या डेंगू से पीड़ित रहता है. नियमित बुखार, खांसी और सर्दी हर घर में आम बात है. बरसात के मौसम में, गंदे पानी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से कई लोगों में त्वचा रोग हो जाते हैं.हर साल की तरह इस साल भी मॉनसून की शुरुआत के साथ अनेक शहर भारी बारिश के बाद पानी में डूब गए. कुछ ही दिन पहले वही शहर तीव्र लू की चपेट में आ गए थे, जिसने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली थी. एक अनुमान के मुताबिक देश में 40,000 संदिग्ध हीटस्ट्रोक के मामले सामने आए, जिसका असर मुख्य रूप से शहरी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर पड़ा था. ओवरसीज डिवेलपमेंट इंस्टीट्यूट (ओडीआई) की कुछ साल पहले की रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रमुख भारतीय शहरों में धातु या एस्बेस्टस–छत वाली झोपड़ियों में रहने वाले शहरी ग़रीब 48 डिग्री सेल्सियस से अधिक का तापमान झेलने को मजबूर रहते हैं. लगातार बढ़ती गर्मी से उनके जीवन और उत्पादकता के लिए ख़तरा बढ़ रहा है.अकसर कई शहरों पर तूफ़ान का भी असर पड़ता है और वहां भी निर्धन वर्ग ही सबसे बड़ा भुक्तभोगी होता है. जैसे चक्रवात 'फानी' के दौरान पूरा भुवनेश्वर शहर ठप हो गया था. झुग्गी–झोपड़ियां टूट गईं और इसके लिए बाद में कोई मुआवजा भी नहीं मिला. प्राकृतिक संकट इन शहरी ग़रीबों को बदहाल बनाता है. लगातार आवास की क्षति, काम छूटने, बीमार पड़ने से उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ता है. उनके लिए ग़रीबी के चक्र से निकलना मुश्किल हो जाता है.यह अनियमित और असंतुलित मौसम एक नियमित घटना बन गया है और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यह भविष्य में और भी बढ़ेगा. भारत के कई शहरों पर तो बाढ़ का ख़तरा हमेशा ही मंडराता रहता है. ओडीआई की रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ के जोख़िम वाले दुनिया के शहरों में मुंबई पांचवें स्थान पर है. शहर को सालाना 28.4 करोड़ डॉलर का नुक़सान होता है, जबकि भारत को पिछले दशक में बाढ़ से 3 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है. निश्चय ही यह एक गंभीर समस्या है, जिसे अनेदखा नहीं किया जा सकता. शहरों को इन सबसे बचाना है, तो इसके लिए शहरी नियोजन में तत्काल बदलाव की आवश्यकता है, जिससे असमानता और जलवायु परिवर्तन दोनों से निपटा जा सके. दरअसल शहर के बारे में जो भी योजना बनती है, उसमें भी इस वर्ग का ध्यान नहीं रखा जाता. उन्हें अवांछित की तरह देखा जाता है, जबकि गांवों–क़स्बों से शहरों–महानगरों की ओर पलायन एक सचाई है और इस वर्ग के बग़ैर शहरों का काम भी नहीं चल सकता. ग़ौरतलब है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के विकास के साथ शहरों की ओर पलायन बढ़ा है. भारत ही नहीं पूरी दुनिया में. वर्तमान में विश्व की आधी से अधिक आबादी शहरों में निवास करती है और शहरीकरण का विस्तार जारी है. अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत की 40.76 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही होगी. भारत में गांवों–क़स्बों से भारी संख्या में रोज़ी–रोज़गार के लिए महानगरों में आने वाले लोग शहरों में बेहतर आवास पाने में सक्षम नहीं है. वे झुग्गी झोपड़ियों में रहते हैं. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की झुग्गी–झोपड़ियों की आबादी 6.5 करोड़ है. यह संख्या अब काफ़ी बढ़ गई होगी.यह वह आबादी है जो सबसे कम प्रदूषण बढ़ाती है. यह वास्तव में शहर की रीढ़ है, जो शहर को सस्ता और सुलभ श्रम प्रदान करती है. प्रायः कहा जाता है कि बाहर से आने वाले प्रवासी ऐसी जगहों पर अतिक्रमण करते हैं, जिससे नदियों का एक हिस्सा अतिक्रमण का शिकार होता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> बरसात के मौसम में, गंदे पानी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से कई लोगों में त्वचा रोग हो जाते हैं. हर साल की तरह इस साल भी मॉनसून की शुरुआत के साथ अनेक शहर भारी बारिश के बाद पानी में डूब गए. कुछ ही दिन पहले वही शहर तीव्र लू की चपेट में आ गए थे, जिसने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली थी.

# बुलडोजर-न्याय और राजनीति के पेचोखम

• सामयिकी

प्रमोद जोशी

बुलडोजर-न्याय को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी से पहली नज़र में लगता है कि इससे तुरत-न्याय की राजनीति को धक्का लगेगा. पर इस बात के सभी पहलुओं पर विचार करने का समय भी अब आ गया है. कानूनी प्रक्रिया में कोई झोल है, तो उसे ठीक भी होना चाहिए. जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने विभिन्न राज्यों में 'बुलडोजर एक्शन' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कहा कि कोई व्यक्ति दोषी है, तब भी उसके घर को गिराया नहीं जा सकता. सुप्रीमकोर्ट के इस हस्तक्षेप से उन लोगों की आस बढ़ी है, जिनके घर गिराए गए हैं. अदालत ने भविष्य में इस किस्म की तोड़फोड़ को लेकर गाइडलाइन बनाने का वायदा भी किया है.क्या वास्तव में सरकारें किसी कानूनी-प्रक्रिया को अपनाए बगैर तोड़फोड़ कर रही हैं? या तथ्य कुछ और हैं? ऐसे ही सवाल हिंसा के दौरान नष्ट हुई सार्वजनिक संपत्ति को लेकर भी हैं. अदालत को देखना होगा कि उसकी भरपाई कौन करेगा? अब जब फोटोग्राफी एक-एक चेहरे की पहचान बताने लगी है, तब अपराधियों को सजा कैसे मिलेगी? उत्तर प्रदेश राज्य की ओर से देश के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, जो हुआ, वह नियमानुसार है. याचिकाकर्ता मामले को अदालत के सामने गलत ढंग से रख रहे हैं. नोटिस बहुत पहले जारी किए गए थे, ये लोग पेश नहीं हुए.जस्टिस गवई ने कहा, निर्माण अनधिकृत हैं, तब भी यह काम कानून के अनुसार होना चाहिए. बहरहाल यह भी साफ है कि सरकार के रेडार पर अनियमितताओं का लेखा-जोखा है, पर कार्रवाई तभी होती है, जब कोई वजह हो. ईडी, सीबीआई और बुलडोज़र सब इस बात के सबूत हैं कि जिनपर कार्रवाई होती है, उनके काम में कोई न कोई गड़बड़ी भी होती है. इस बात का महत्वपूर्ण पहलू राजनीतिक है. उत्तर प्रदेश ने बुलडोजर 'न्याय' को राजनीतिक मसला बनाया. विरोधियों ने भी उसका विरोध किया, क्योंकि ऐसी कार्रवाई अल्पसंख्यकों पर ज्यादा हुई है. दिल्ली में शाहीनबाग आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के समानांतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी हिंसा हुई थी. उस वक्त सवाल था कि ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान फसादों के पीछे क्या कोई राजनीतिक साजिश है? शाहीनबाग में लंबे समय तक सड़क घिरने और फिर किसान आंदोलन के दौरान 26 जनवरी को दिल्ली में हुए उत्पात ने भी इन सवालों को जन्म दिया था. उन्हीं दिनों उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक संपत्ति की क्षतिपूर्ति के नोटिस दिए थे. बाद में बुलडोजर कार्रवाइयां भी हुईं. ऐसी तोड़फोड़ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी हुई है.इस साल हुए लोकसभा चुनाव में कुछ प्रत्याशियों ने 'बुलडोजर' को अपनी राजनीति का रूपक बनाकर पेश किया था. बुलडोजर का भी एक वोटबैंक है. दूसरी तरफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश में 'बुलडोजर न्याय' की कोई जगह नहीं है. अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाना बेहद परेशान करता है. उनकी यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में शामिल एक व्यक्ति के घर को ध्वस्त किए जाने के बाद आई थी. दोनों बातों के संदर्भ राजनीतिक ज्यादा है, न्यायिक कम. बात बुलडोजर-न्याय तक सीमित नहीं है. न्याय में विलंब को लेकर भी सवाल हैं. अदालत की टिप्पणी के एक दिन पहले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में 'स्थगन की संस्कृति' को बदलने की जरूरत है. जिस कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही थी, उसमें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद थे. इसके पहले राष्ट्रपति ने कोलकाता के बलात्कार कांड के संदर्भ में कहा था, 'अब बहुत हो गया.' भले ही यह बात राजनीति के गलियारों में जाकर उलझ गई है, पर यह केवल राजनीति तक सीमित नहीं है. दिसंबर 2012 में दिल्ली में बलात्कार की घटना के बाद जनता का गुस्सा फूटा था. उसके बाद दिसंबर 2019 में हैदराबाद में एक बलात्कार के बाद पुलिस की गोली से चारों अभियुक्त मारे गए. आमतौर पर एनकाउंटरों को जनता स्वीकार नहीं करती, पर हैदराबाद में पुलिस की गोली से अभियुक्तों की मौत पर बड़ी संख्या में लोगों ने कहा, जो हुआ वह ठीक हुआ. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> अदालत को देखना होगा कि उसकी भरपाई कौन करेगा? अब जब फोटोग्राफी एक-एक चेहरे की पहचान बताने लगी है, तब अपराधियों को सजा कैसे मिलेगी? उत्तर प्रदेश राज्य की ओर से देश के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, जो हुआ, वह नियमानुसार है. याचिकाकर्ता मामले को अदालत के सामने गलत ढंग से रख रहे हैं.

### मीडिया में अन्यत्र

## महिला सुरक्षा के व्यावहारिक कदम जरूरी

पश्चिम बंगाल विधान सभा ने सर्वसम्मति से एक कानून पारित कर दिया है, जिसमें बलात्कार की अधिकांश श्रेणियों में मौत की सजा देने का प्रावधान है. सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने पिछले महीने राज्य के एक सरकारी अस्पताल आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद जिस तरह की ढिलाई बरती थी, उसके बाद यह कानून खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने की कोशिश ही नजर आता है.अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 के माध्यम से केंद्रीय आपराधिक कानूनों और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से संरक्षण (पोक्सो) के अंतर्गत आने वाली बलात्कार की विभिन्न श्रेणियों में कैद या कठोर दंड के बजाय सजा-ए-मौत का प्रावधान किया गया है.सरकार की विश्वसनीयता सामने लाने के उत्साह में यह कानून ऐसे प्रचुर प्रमाणों की अनदेखी कर देता है कि मौत की सजा बलात्कार समेत किसी भी तरह के घृणित अपराध के खिलाफ प्रतिरोधक का काम नहीं करती. यह बात 2012 में न्यायमूर्ति जे एस वर्मा समिति भी जोर देकर कह चुकी है.अपराजिता विधेयक में जो अतिवादी रुख अपनाया गया है उसमें तथा अन्य राज्य सरकारों द्वारा पारित ऐसे ही अन्य कानूनों में यौन हमलों जैसे अपराधों की मूल प्रकृति की सही समझ नहीं होना ही सामने आता है. जैसा कि वर्मा समिति ने कहा था, बलात्कार केवल जुनून में किया गया अपराध नहीं है, बल्कि वह एक किस्म का शक्ति प्रदर्शन भी है.कानून की किताबों में बलात्कार तथा महिलाओं के विरुद्ध अन्य अपराधों मसलन दहेज हत्याओं आदि को लेकर दंड के प्रावधानों की कोई कमी नहीं है. परंतु भारतीय समाज में इस अपराध का इतना अधिक घटित होना यह दर्शाता है कि हमारे यहां शक्ति संतुलन बहुत अधिक असमान है और यही वजह है कि महिलाएं घरों में, सार्वजनिक स्थानों पर और कार्यस्थलों पर कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं.इससे पता चलता है कि महिला सुरक्षा के लिए व्यावहारिक कदम उठाने पर भी राज्यों को ध्यान देना चाहिए और इसमें उनकी अहम भूमिका है. इसमें कार्यस्थल पर उनके लिए अलग शौचालय और रेस्टरूम, खासकर छोटे और मझोले आकार की कामकाजी जगहों पर, रात की पाली में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक परिवहन में उनके लिए सुरक्षा (दिल्ली मेट्रो इसका एक अच्छा उदाहरण पेश करती है) आदि पर ध्यान देना जरूरी है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## रण/रन

**बचपन** में मूर्धन्य कवि श्याम नारायण पाण्डेय की यह कविता पढ़ी थी-रण बीच चौकड़ी भर-भर कर चेतक बन गया निराला था, राणा प्रताप के घोड़े से पड़ गया हवा को पाला था. इन पंक्तियों में कवि ने भारतीय इतिहास के महानायक राणा प्रताप के चेतक नाम के घोड़े के युद्ध कौशल का मनोरम चित्र खींचा है. चेतक को अपना युद्ध कौशल दिखाने का अवसर रण ही था. रण संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मूल अर्थ है युद्ध. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार रण शब्द का मतलब लड़ाई और जंग तो होता ही है, उसका आशय गति और शब्द भी होता है. रण शब्द अनेक शब्दों का जनक है. उदाहरण के लिए रणक्षेत्र युद्ध की भूमि या लड़ाई के मैदान के रूप में जाना जाता है. पुराणों के अनुसार रणचंडी उस देवी को कहते हैं, जो युद्ध क्षेत्र में मार-काट करती है और दानवों का संहार करती है. उस देवी को हम महाकाली के नाम से जानते हैं. रणछोड़ भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम है, जिसका मतलब है युद्ध छोड़ कर भागने वाला व्यक्ति, मैदान छोड़ने वाला. पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने कालयौवन नामक एक दैत्य से युद्ध करते समय मैदान छोड़ कर भाग गये थे और पहाड़ की उस गुफा में जा छुपे थे, जहां राजा मांधाता के पुत्र मुचुकुंद लंबी निद्रा में सो रहे थे. उन्हें वरदान था कि जो उन्हें जगायेगा, वह भस्म हो जाएगा. काल यौवन श्रीकृष्ण का पीछा करते हुए उसी गुफा में आ पहुंचा और मुचुकुंद को श्रीकृष्ण समझ कर अपने पैर से प्रहार कर दिया. मुचुकुंद की नींद टूटी. उन्होंने उसे देखा और वह भस्म हो गया. रणनीति का मतलब युद्ध संबंधी नीति नियम, किसी कार्य को करने के लिए बनायी जानेवाली योजना, कूटनीति उपाय, युक्ति है. रन अंग्रेजी मूल का शब्द है. इसका मतलब है दौड़ना, ताल, झील. रन शब्द क्रिकेट प्रेमियों के लिए अत्यंत प्रिय है. क्रिकेट में बल्लेबाज द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना रन कहलाता है.किसी क्रिकेट प्रेमी को रन-आउट का मतलब समझाने की जरूरत नहीं होती.

# दैहिक ताप मिटाने के कुछ आसान नुस्खे

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'

सरकार चिंतित थी. ऐसा क्या करे जिससे देश में जल्दी आधुनिक रामराज्य आ जाये. रामराज्य से उनका आशय था कि जीडीपी तीव्र गति से आसमान की ओर भागे. सेन्सेक्स जिस तेजी से उछल रहा है, उससे दुगुने रफ्तार से तिगुनी ऊंचाई तक कूदे. कानूनों का जंगल साफ हो जाये, ताकि पूंजीपतियों को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो. दैहिक, दैविक, भौतिक किसी भी प्रकार की पीड़ा किसी उद्योगपति, व्यापारी या पूंजी निवेशक को न हो. जनता आंखें बंद करके विश्वास करे और दूसरी किसी भी पार्टी को वोट न दे. फिर कोई शम्बुक जाकर तपस्या न करने लगे. उन्होंने श्रीमान तुलसीकुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया, जिसने तीन महीने तक पांच सितारा होटलों में मीटिंग और दो बार यु एस ए की एकेडमिक विजिट करने के उपरांत निम्नलिखित सिफारिशें कीं. रामराज्य जैसा कि जाहिर है कि राम का ही राज्य था. रामराज्य के संदर्भ में तुलसीदास जी के ग्रंथों का हमने घनघोर अध्ययन किया और पाया कि देश के विकास के लिए उनके मॉडल को ही लागू करना श्रेयस्कर होगा. हमने उनकी कविताओं का पाठ किया और विद्वानों से वार्त्ताएं कीं. स्पष्ट है कि विद्वानों से वार्त्ताएं करने के उपरांत हम और अधिक कनफ्युज्ड हो गये. गुरत्वकर्षण के सिद्धांत की तरह यह भी अटल सत्य है कि एक विद्वान दूसरे के मत को नहीं मानता. कनफूजन की स्थिति में हमने अपने निष्कर्ष निकाले और तय समय सीमा के भीतर ही अपनी रिपोर्ट सबमिट कर रहे हैं. तुलसीदास जी लिखते हैं- दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, रामराज्य काहू नहीं व्यापा.. दैहिक ताप का अर्थ है कि उन दिनों स्वाइन फ्लू जैसे बुखार नहीं हुआ करते थे. मुर्गे-मुर्गियां होती थीं या नहीं, इन पर तो कवि ने प्रकाश नहीं डाला है. स्वाइन फ्लू नहीं होने से सरकारें बदनाम नहीं होती थीं. सरकारी अस्पतालों पर ताला लगे तो लगे, प्रश्न चिन्ह नहीं लगते थे. सरकारी दवाइयों की पोल नहीं खुलती थी. डेंगू बुखार भी उन दिनों नहीं पाया जाता था क्योंकि लोगों के पास फ्रिज नहीं थे. उनमें साफ पानी नहीं जमा होता था. साफ पानी भी कई अर्थों में बीमारी के कारण है. चूंकि उन दिनों गणेश जी चूहे की सवारी किया करते थे, इसलिए संसार भर के चूहे सभ्य और सुसंस्कृत थे. प्लेग इन्हीं कारणों से नहीं फैलता था. सरकार की वाहवाही होती रहती थी. जनता चूहों की पूजा किया करती थी. चूहे प्रसन्न रहते थे. आज लोग सांप की पूजा तो करते हैं, चूहों की अनदेखी हो रही है. अतः प्लेग जैसी बीमारियों फैल रही हैं. आवश्यक है कि चूहों का संरक्षण किया जाये. उन्हें कुतरने और खाने की आजादी दी जाये. नागपंचमी की तर्ज पर एक चूहा सप्तमी भी हो, ताकि चूहे संतुष्ट हो जायें और प्लेग न फैले.



## ऐसे खुलेगी राह



**सारिका भूषण**

आज इक्कीसवीं सदी में हम बहुत आगे निकल चुके हैं. आगे निकलना यानी संकीर्ण मानसिकता को पीछे छोड़ते हुए स्वावलंबी होना. किसी भी समाज में जेंडर इक्वालिटी या लैंगिक समानता तभी हो सकती है जब स्त्री और पुरुष दोनों पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे. जिस दिन लड़कियां अपने पूर्ण अधिकार और स्वावलंबी होने का महत्व समझ लेंगी उसी दिन से उनकी स्थिति में बदलाव शुरू हो जाएगा. आज हर क्षेत्र में लड़कियां अपना परचम लहरा रही हैं परंतु आज भी अपने घर, जमीन और समाज में समान अधिकारों से वंचित है. शिक्षित, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर ही प्रगति और बदलाव संभव है.



**संचिता मुखोपाध्याय**

लैंगिक समानता हासिल करने के लिए हमें सबसे पहले अपनी मानसिकता बदलनी होगी. यह काम या यह जिम्मेदारी महिलाओं के लिए अनुकूल नहीं है, यह सोच बदलनी होगी. हमें लड़कियों को एक ऐसा सशक्ति वातावरण भी देना होगा जहां उनका शारीरिक और मानसिक रूप से सही तरीके से विकास हो सके. माता-पिता की सोच में बेटे-बेटियों के लिए समानता बहुत मायने रखता है. सामाजिक रुढ़ियों से परे संतान की परवरिश बेहतर परिणाम दिखाएगी.



**डॉ उर्वशी**


लोगों को लैंगिक समानता के महत्व के बारे में शिक्षित करना और उन्हें जागरूक करना होगा. महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर प्रदान करना होगा, जैसे कि शिक्षा, रोजगार, और आर्थिक स्वतंत्रता. लिंग-भेदभाव को खत्म करने के लिए कानूनी और सामाजिक प्रयास मायने रखता है. महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक अधिकार प्रदान करना होगा. पितृसत्ता को चुनौती देने के लिए समाज में बदलाव लाने के लिए काम करना होगा. लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियां बनाने और लागू करने के लिए सरकार और संगठनों के साथ काम करना होगा. इन सबके साथ व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव लाने के लिए अपने विचारों और व्यवहार में बदलाव लाना जरूरी है.



**डॉ कविता विकास**

संगठित क्षेत्र हो या असंगठित, समान कार्य - समान वेतन का प्रावधान होते हुए भी यह नियम लागू नहीं होता है. शारीरिक क्षमता हो या मानसिक स्तर, औरतें कहीं भी पुरुष से कम नहीं हैं. उच्च पद पर बैठी महिलाएं इसका उदाहरण हैं. लिंगाधारित भेदभाव जब तक नहीं समाप्त होंगे, हम एक विकसित भारत और स्वस्थ मानसिकता वाले समाज की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं. कृषि, उद्योग, अंतरिक्ष या खेल-कूद, कहीं भी देख लें, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिलाएं कम वेतन क्यों लें? यह तो उनका अपमान है जो मानसिक कुंठा पैदा करता है. अन्ततः लिंगों के बीच यह खाई देश की उन्नति में बाधक होती है. इसलिए संविधान द्वारा पारित इस सुविधा को लागू करने में देरी नहीं करनी चाहिए.

विमर्श



# आखिर कब हासिल होगी पूरी समानता

**लैंगिक समानता विकास और खुशहाली की पहली सीढ़ी है. यह एक बेहतर और समर्थ समाज की जरूरत है. सभ्य समाज की पहचान है. पर यह भी उतना ही बड़ा सच है कि लंबे संघर्ष के बाद भी महिला पुरुषों के बीच समानता का स्तर नहीं नजर आता. समाज में सदियों से चली आ रही पुरुषवादी सोच, पूर्वधारणाएं, परवरिश के तौर तरीके, मिथक आदि ने महिलाओं को कमतर समझने की ऐसी परिपाटी चला दी है कि कई बार हम महिलाएं ही अपने दोयम दर्जे का अहसास-विरोध नहीं कर पातीं. कई बार जाने अनजाने खुद उस व्यवस्था को पोषित पल्लवित कर देती हैं जो हमें समानता के स्तर पर आने से रोकती है. हालांकि बदलाव की बयार दिखती है और निरंतर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, पर दरकार है थोड़ी अधिक जानकारी की, जरा सी अधिक सजगता की और कुछ दुरुस्त कदम की, ताकि हम समानता के अपने अधिकार को वास्तविक धरातल पर पा सकें.**

## लक्ष्मी का ही नहीं है खेत और घर पर मालिकाना हक

भारतीय समाज में महिलाओं को लक्ष्मी स्वरूपा माना गया है. उन्हें श्री समृद्धि का प्रतीक बताया गया. लेकिन धरातल पर समानता का अधिकार कई बार विलुप्त सा दिखता है. अपने समाज में महिलाएं तभी तक देवी हैं जब तक पुरुषों के बनाए नियम कानून पर खामोश कठपुतली की तरह डोलती हैं. जहां मन की कुछ की, उसे राक्षसी और डायन करार देते देर नहीं लगती. बदचलन का पुराना आजमाया हुआ आरोप लगा कर अलग थलग कर दिया जाता. गर वास्तिक धरातल पर महिलाओं को बराबर का हक दिया जाए तो देश की समृद्धि में इजाफा हो सकता है. ऐसा हम नहीं, बल्कि आईएमएफ का संकेत कह रहा. आईएमएफ के एक अनुमान के अनुसार अगर महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं किया जाए तो भारत की जीडीपी में वर्ष 2025 तक 700 बिलियन यूएस डॉलर का इजाफा हो जाएगा. अभी आलम यह है कि अपने देश में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले आधे से अधिक श्रम अवैतनिक हैं. खेती से जुड़े 40 प्रतिशत काम बेशक उनके हिस्से हैं पर खेत पर मालिकाना हक दस प्रतिशत का आंकड़ा भी नहीं छू पा रहा. इस संदर्भ में उल्लेख करना चाहूंगी कि झारखंड की पिछली सरकार ने एक रुपए में संपत्ति की रजिस्ट्री की पहल की थी जिसके बाद करीब 70 प्रतिशत मकान/जमीन महिलाओं के नाम रजिस्ट्री होने लगी थी. महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम था. पैतृक संपत्ति में बेटियों के हक संबंधित कानून से जितना लाभ नहीं हुआ होगा, उतना लाभ महिलाओं के नाम एक रुपए में जमीन मकान रजिस्ट्री वाले स्कीम से होता दिखा. पर बाद की सरकार ने राजस्व में घाटा का हवाला देकर इसे खत्म करा दिया. अब झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना सरीखी कुछ योजनाएं महिलाओं की वित्तीय सहायता के लिए बेशक शुरू हुई है, पर मकान/जमीन पर मालिकाना हक के लिए एक बार फिर पुरानी योजना पर भी विचार किया जाना चाहिए.

## वापस आ रहीं हमारी टॉपर बेटियां

शिक्षा में बेटियां नाम रोशन कर रहीं. सीबीएसई की 12वीं परीक्षा में लड़कियों के पास होने का प्रतिशत लड़कों से अधिक रहता है. लड़कों से करीब दस प्रतिशत ज्यादा लड़कियां पास होती हैं. पर यह आंकड़ा हाईस्कूल और 12वीं के बाद जाने कहां गायब हो जाता है. समानता की बात तो दूर, बमुश्किल अपनी उपस्थिति दर्ज कराती दिखती हैं बेटियां. आईआईटी प्रवेश परीक्षा में पिछले कुछ साल से बेटियों की सहभागिता व सफलता बेहद निराशाजनक थीं. पर सरकार के कोटा तय करने जैसे कदम के बाद एक सुखद बदलाव दिख रहा है. आईआईटी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में 847 और वर्ष 2017 में 995 छात्राओं ने प्रवेश लिया था. वर्ष 2018 में सुपरन्यूमेरी सीटों सहित 1852 छात्राओं ने प्रवेश लिया, वर्ष 2019 में 2432, वर्ष 2020 में 3197, वर्ष 2021 में 3228, वर्ष 2022 में 3310, वर्ष 2023 में 3411 छात्राओं ने आईआईटी में प्रवेश लिया. कुछ ऐसा ही बदलाव यूपीएससी के परीक्षा परिणाम में नजर आ रहा. पिछले कुछ वर्षों में महिला भर्तियों की संख्या में वृद्धि हुई है - 2022 में 34%, 2021 में 25.8%, 2020 में 28.5% और 2019 में 23.9%. वर्ष 2023 के परिणाम की बात करें तो यूपीएससी ने 1016 सफल उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी की जिसमें 664 पुरुष और 352 महिलाएं शामिल हैं.

## लगातार कम हो रहीं कामकाजी महिलाएं

एक बड़ा कड़वा सच यह भी है कामकाजी महिलाओं की संख्या में लगातार कमी आ रही है. अभी भी शादी के बाद जिम्मेदारियों में उलझी महिलाएं करियर दरकिनार कर देती हैं. विश्व बैंक के मुताबिक, ₹भारत में औपचारिक और अनौपचारिक कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी साल 2005 में 27 फीसद थी लेकिन 2021 में यह घटकर 23 फीसद ही रह गई. कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में गिरावट चिंता का कारण है और यह अर्थव्यवस्था के संकट से जुड़ा है. वहीं समाजशास्त्रियों के लिए एक पहेली की तरह है कि शिक्षा में निरंतर बढ़ते आंकड़ों के बावजूद कामकाजी महिलाओं की संख्या में लगातार कमी क्यों आ रही है. दरकार है सरकारी स्तर पर इस समस्या का सामधान ढूंढने की. वे प्रतिभाएं जो चूल्हे-चौके के धुएं में कहीं गुम हो जाती हैं, देश-समाज की बेहतरी में अपना योगदान दे सकेंगी.

बहरहाल, चुनौतियां बहुत हैं. इन चुनौतियों को पल्लिवत-पुष्पित करने के लिए पूरी व्यवस्था तैनात दिखती है. पुरुष पर हमारी आर्थिक निर्भरता इसका एक बड़ा कारण है. परंपरागत ढर्रे में मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा एक अन्य बड़ा कारण है. लेकिन यदि आज हम लैंगिक समानता के लिए कमर नहीं कसेंगे, आने वाला कल यकीनन हमसे सवाल करेगा. बेटियां ही नहीं, बेटों के लिए भी जरूरी है यह, दोनों पहिए समान गति से चलेंगे तभी तो रवानी में लय होगी.

## हमारे हक में यह

- समान वेतन अधिकार के तहत आय या मेहनताना देने में लिंग का भेदभाव नहीं किया जा सकता. यानी किसी भी कामकाजी महिला को उस पद पर कार्यरत पुरुष के बराबर वेतन लेने का अधिकार है.
- मातृत्व लाभ कानून के तहत कामकाजी महिला के मां बनने की स्थिति में कार्यालय से 6 माह की छुट्टी लेने का अधिकार है. मैटरनिटी लीव या गर्भावस्था के दौरान छुट्टी लेने पर कंपनी महिला कर्मचारी के वेतन में कोई कटौती नहीं कर सकती. कामकाजी गर्भवती महिला को नौकरी से भी नहीं निकाला जाएगा.
- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पिता की संपत्ति या पुस्तैनी संपत्ति पर बेटे और बेटी दोनों का समानता का अधिकार है.
- किसी महिला आरोपी को सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता. हालांकि फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट के आदेश पर गिफ्तारी सम्भव है. इसके अलावा महिला से पूछताछ के दौरान महिला कांस्टेबल का होना जरूरी है.
- पहचान जाहिर न करने का अधिकार है. इसके तहत अगर कोई महिला यौन उत्पीड़न का शिकार है तो वह अपनी पहचान गोपनीय रख सकती है और अकेले जिला मजिस्ट्रेट व किसी महिला पुलिस अधिकारी के मौजूदगी में बयान दर्ज करा सकती है.
- सेना में कमीशन और कमांड में महिलाओं की नियुक्ति का आदेश दिया.
- वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समाज के एक वर्ग की महिलाओं के खतना पर प्रतिबंध लगाते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया.
- मद्रास हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए कहा कि एकल मां बच्चे के जन्म पंजीकरण, स्कूल में नामांकन या अन्य दस्तावेजों के लिए पिता का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं है.
- तीन तलाक पर कानूनी रोक लगी. मौखिक, लिखित या किसी अन्य तरीके से पति एक बार में गर पत्नी को तीन तलाक देता है तो यह अपराध की श्रेणी में आएगा. तीन तलाक देने पर पत्नी सा स्वयं उसके करीबी रिश्तेदार ही इस बारे में केस दर्ज करा सकेंगे.

## बेकार सीडी से बनाएं, शानदार कोस्टर

**त्योहार की दस्तक है और मूड घर की सजावट का बन रहा है. ऐसे में क्यों न घर में बेकार पड़ी सीडी और पुराने कपड़ों से कोस्टर सेट तैयार करें? इससे जहां एक ओर आपकी छिपी प्रतिभा, आपकी कला सामने आएगी, वहीं किचन, लिविंग रूम, डाइनिंग टेबल, ऑफिस या गेस्ट रूम में रखने के लिए ढेर सारे कोस्टर तैयार हो जाएंगे. इनका उपयोग टी-कॉफी और गिलास रखने के तौर पर किया जा सकेगा. तो आइए, जाने कि कैसे झटपट बनाएं टी कोस्टर...**

**पुरानी खराब सीडी या डीवीडी**
रंगीन कपड़े (पुरानी जींस, टी-शर्ट, कुर्ती आदि के)
सेंड पेपर
वाइट स्प्रे प्राइमर
गोंद या फेविकॉल
कैंची या कटर



**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले सीडी के सूचना लिखे साइड को सेंड पेपर से साफ करें ताकि यह क्लीन हो जाए. अब इस पर प्राइमर का एक कोट स्प्रे करें और इसको थोड़ी देर सूखने दें. जब प्राइमर अच्छी तरह से सूख जाए तो उस पर एक ओर कोट स्प्रे करें ताकि प्राइमर अच्छी तरह से कोटेड हो जाए.

सीडी साइट से कुछ छोटे सर्कल में कपड़े काट लें.

अब कपड़े को सीडी पर फेविकोल लगा कर चिपकाएं. ध्यान रखें कि किसी तरह की सलवट नहीं आए.



चटखारा

# झटपट तैयार करें ये पारंपरिक मीठे



**रानी प्रसाद**
पाक कला विशेषज्ञ

**त्योहारों का मौसम शुरू हो रहा. ऐसे में भोग लगाने, मुंह मीठा करने या मेहमानों को परोसने के कई अवसर सामने आते हैं. कुकरी विशेषज्ञ रानी प्रसाद बता रही हैं कुछ पारंपरिक व्यंजनों को झटपट बनाने के तरीके...**

### इंस्टेंट अनरसा

**ये चाहिए :**
चावल का आटा एक कप, पानी एक कप, चीनी आधा कप, तिल 50 ग्राम, खोवा 50 ग्राम, रिफाइंड आयल 1 कप.



**ऐसे बनाएं :**
सबसे पहले एक कड़ाही में एक कप पानी और आधा कप चीनी डाल कर चीनी के घुलने तक उसे पकाएंगे. अब इसमें धीरे-धीरे चावल का आटा डालते जाएंगे और उसे पानी सूखने तक धीमी आंच पर पका लेंगे. जब पानी बिल्कुल सूख जाए तब इसे चूल्हे से उतरकर थोड़ा ठंडा होने देंगे. इसे पूरी तरीके से ठंडा नहीं करना है. जब यह हल्का गर्म रहे इस समय इसमें एक चम्मच शुद्ध घी डालकर हाथों से अच्छी तरीके से चिकना गूथ लेंगे. इसके बाद इसमें खोवा डालकर फिर अच्छी तरीके से गूथ लेंगे. जब यह पूरी तरीके से आपस में मिक्स हो जाए तब इसके छोटे-छोटे गोले बनाएंगे और हल्का पानी लगाकर उसे तिल में लपेट देंगे. तत्पश्चात चूल्हे पर एक कड़ाही चढ़ाएंगे और उसमें रिफांइड ऑयल डालेंगे. धीमी आंच पर इन अनरसे को फ्राई करेंगे जब तक यह ऊपर से क्रिस्प ना हो जाए. अनरसे से खाने के लिए तैयार हैं.

### इंस्टेंट मोतीचूर के लड्डू

**ये चाहिए :**
बेसन एक कप, चीनी एक कप, इलायची पाउडर एक टीस्पून, मगज के बीज दो टेबल स्पून, फ्राई करने के लिए रिफाइंड ऑयल.



**ऐसे बनाएं :**
सर्वप्रथम बेसन को पानी में घोल दें. इसमें थोड़ा सा रंग के लिए हल्दी पाउडर मिला दें. बेसन का घोल गाढ़ा नहीं होना चाहिए, पतला ही होना चाहिए. पर बहुत ज्यादा पतला भी नहीं. अब एक कढाई में रिफाइंड तेल गर्म करें. बेसन के घोल को गर्म रिफाइंड में हाथ से छिड़कते हुए कुरकुरा छान लें. इसमें कोई शेप नहीं देखना है. बस हाथों से जैसा बेसन निकलता है, वैसा ही कढ़ाई में डालते जाना है. जब यह सारे बेसन छान लें तो इन्हें ठंडा कर लेना है. मिक्सी के जार में दरदरा पीस लेना है.

अब हमें एक दूसरी कढ़ाई लेनी है जिसमें एक कप चीनी और आधा कप पानी डालकर चूल्हे पर चीनी के गलने तक पकाना है. हमें चीनी की चासनी में कोई तार नहीं बनानी है. बस हल्की चिपचिपाहट आनी चाहिए. इसमें इलायची पाउडर भी डाल दें और टेस्ट के लिए गुलाब जल भी डाल सकते हैं. जब यह चासनी तैयार हो जाए तो इसमें पिसे हुए बेसन को मिलाकर तब तक चलना है जब तक सारा पानी सूख न जाए. पानी भी बहुत ज्यादा नहीं सुखाना है. जब पानी सूख जाए तब हमें गैस का फ्लेम ऑफ कर देना है और इसे गैस से उतार कर नीचे रखकर ढक कर 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ देना है. 15 मिनट के बाद इस मिक्सचर को करछी के मदद से चला लें और इसमें मगज के दाने मिला दें. जब यह थोड़ा ठंडा हो जाए तब इसे लड्डू का आकार दे दें. स्वादिष्ट मोतीचूर के लड्डू तैयार हैं.

## बड़े काम के किचन टिप्स

- टमाटर पेस्ट फ्रिज में तैयार रखेंगे तो सब्जी झटपट बनेगी. इसके लिए एक किलो टमाटर को आधा गिलास पानी के साथ दो सीटी कुकर में लगाएं. ठंडा होने पर टमाटर को निकालकर मिक्सी में 50-50 ग्राम अदरक-लहसुन के साथ पीस लें. इस पेस्ट को मोटे छलनी से छान लें और कुकर के पानी में मिला दें. स्वादानुसार नमक मिलाएं. गैस पर कम से कम 20 मिनट तक पकाएं. ठंडा होने पर एयर टाइट डिब्बे में रख कर फ्रिज में रख दें. 20 दिन तक सब्जी की ग्रेवी के लिए इस्तेमाल करें.
- सूखी लाल मिर्च पीसते वक्त के धसक से बचने के लिए मिर्च को धूप में कुछ देर रखें और फिर इसे 1 छोटा चम्मच नमक और 1 बड़ा चम्मच सरसों के तेल के साथ पीस लें.
- आलू उबालते समय उसमें नमक और एक नींबू का टुकड़ा डालकर सीटी लगवाएं. इस टिप्स से जहां छिलका जल्दी निकलेगा, वहीं कुकर अंदर से काला भी नहीं पड़ेगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### एयरपोर्ट पर सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ अगुवाई की, सुमित अंतिल ने कहा, इस भव्य स्वागत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद

# पेरिस से स्वदेश लौटने पर पैरालंपिक पदक विजेताओं का शानदार स्वागत

एजेंसी। नयी दिल्ली

पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतने वाले भारत के पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया. सुबह जब खिलाड़ी हवाई अड्डे से बाहर निकले तो ढोल की थाप और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया. समर्थक, खेल प्रशासक और परिवार के लोग खिलाड़ियों का स्वागत करने पहुंचे. भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कहा, इस भव्य स्वागत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. सुमित ने 70.59 मीटर के प्रयास के साथ खेलों का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर एफ64 श्रेणी में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता. वह मौजूदा विश्व चैंपियन निशानेबाज अवनि लेखरा के बाद पैरालंपिक खिताब का बचाव करने वाला दूसरा भारतीय खिलाड़ी बना. अवनि ने टोक्यो खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस खेलों में भी इसी स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह अपनी स्पर्धाएं पूरी करने के बाद पिछले सप्ताह देश लौटी थीं. अंतिल ने 2015 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घुटने के नीचे अपना बायां पैर खो दिया था. दुर्घटना से पहले वह सक्षम खिलाड़ियों के वर्ग में पहलवान थे. दुर्घटना के बाद घुटने के नीचे उनका पैर काटना पड़ा था.



अंतिल ने कहा, जब आप अच्छी तरह से तैयारी करते हैं, तो आप अपने आप ही आत्मविश्वास महसूस करते हैं. मैं जल्द ही 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश करूंगा. मैंने कुछ दिनों से चाय नहीं पी है, मैं अपने परिवार के साथ चाय पीना चाहूंगा. पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहे तीरंदाज हरविंदर सिंह स्वागत से अभिभूत थे. बचपन में डेंगू के उपचार के दुष्प्रभावों के कारण उनके पैर खराब हो गए. वह तीन साल पहले टोक्यो में कांस्य पदक के साथ इस खेल में देश के पहले पदक विजेता बनने के बाद पेरिस में पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने. उन्होंने कहा, मुझे खुद को व्यस्त रखना पसंद है. इससे मुझे ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है, दिमाग कम भटकता है. कोई भी व्यक्ति जो परेशान या हारा हुआ महसूस करता है, वह पैरा खिलाड़ियों से प्रेरणा ले सकता है. समर्थकों ने हरविंदर और साथी तीरंदाज शीतल देवी पर फूलों की वर्षा की। बिना हाथों के पैदा हुई शीतल ने राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता जबकि वह व्यक्तिगत पदक से मामूली अंतर से चूक गई थीं.





शीतल ने कहा, मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा मैं बहुत खुश हूं कि भारत ने तीरंदाजी में दो पदक जीते। हमें अच्छा समर्थन मिला और इसीलिए हमने इतने सारे पदक जीते. भारत पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा. अपने छोटे कद के कारण एफ41 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप को उनके समर्थकों ने उठाया और उनके साथ जश्न मनाया. नवदीप ने 47.32 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता.भारत ने 84 खिलाड़ियों का दल भेजा था, जो खेलों के लिए देश का अब तक का सबसे बड़ा दल था. देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण पदक सहित कुल 29 पदक जीते.

---


### शर्मनाक स्थिति : अफगानिस्तान की टीम ने दोबारा ना आने की खाई कसम

# दूसरे दिन भी खेल शुरू नहीं हो पाया

## अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच नौ सितंबर से टेस्ट मैच शुरू होना था

एजेंसी। नयी दिल्ली

अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जो पहले शायद ही देखने को मिली हो. इन दोनों के बीच भारत में खेला जाने वाला टेस्ट मैच दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका. दोनों टीमें खेलने को तैयार हैं. मौसम भी साफ है, लेकिन नोएडा स्टेडियम की खराब तैयारी ने पूरा मैच खराब कर दिया है. टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे खराब स्थिति शायद ही कभी देखी गई हो, जब दो दिन से बारिश नहीं हुई हो और इसके बावजूद मैदान गीला होने के चलते खेल नहीं हो पा रहा है. अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच नौ सितंबर से टेस्ट मैच प्रस्तावित है. यह मैच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है. दोनों टीमें इसके लिए काफी पहले ही नोएडा आ चुकी हैं. लेकिन खेल नहीं हो पा रहा है. दरअसल, मैच शुरू होने के एक दिन पहले यहां बारिश हुई. रात में भी बूंदाबांदी होती रही. लेकिन जिस दिन (सोमवार) मैच शुरू होना था, उस दिन बिलकुल भी बारिश नहीं हुई. कुछ समय बादल जरूर छाए रहे और कुछ समय धूप खिली. लेकिन स्टेडियम की गीली आउटफील्ड और





घटिया जल निकासी के चलते पहले दिन का खेल एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा.

इससे भी ज्यादा शर्मनाक स्थिति तो दूसरे दिन देखने को मिली. मंगलवार को सुबह से ही धूप खिली और मौसम खेलने के लिए एकदम आइडियल था. लेकिन मैदान की तैयारियों ने फिर खेल खराब कर दिया. पिच के आसपास का मैदान इतना गीला था कि खेल हो पाना संभव नहीं था. इसके चलते दूसरे दिन भी बिना एक भी गेंद फेंके लंच ब्रेक ले लिया गया. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के एक अधिकारी ने सोमवार को ही कहा था, 'यहां बहुत गड़बड़ी है. हम यहां दोबारा कभी वापस नहीं आएंगे. सभी खिलाड़ी यहां की सुविधाओं से नाखुश हैं. हमने संबंधित लोगों से जब बात की थी तो हमें आश्वासन दिया था कि सारी तैयारी अच्छी है. लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं है.'

### एक भी गेंद नहीं फेंके गए और रद्द हो गए सात टेस्ट मैच

**नयी दिल्ली ।** क्रिकेट के इतिहास में तीनों फॉर्मेट को मिला दें तो कई ऐसे मुकाबले हैं. जो बिना एक भी गेंद फेंके ही खत्म हो गया हो. ऐसे ही टेस्ट मैच को भी रद्द करना पड़ा. ज्यादातर मुकाबले खराब बारिश के कारण रद्द हुए. अब तक कुल सात टेस्ट मैच हैं, जो खराब मौसम के कारण रद्द हुए हैं. इस लिस्ट में भारत का भी एक मैच है. सबसे पहला टेस्ट मैच जो बिना गेंद फेंके ही रद्द हो गया था. वह है इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया का. साल 1890 में ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड दौरे पर गई थी. दौरे का तीसरा टेस्ट बिना गेंद फेंके ही रद्द कर दिया गया था. बारिश के कारण यह मैच रद्द हो गया था. दूसरा मैच भी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का ही था. साल 1938 में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड दौरे पर गई थी. सीरीज का तीसरा टेस्ट बिना एक भी गेंद फेंके ही रद्द हो गया था.

**1938 के बाद से खराब मौसम की वजह से रद्द हुए टेस्ट मैच**

1. ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, तीसरा टेस्ट 1971 में
2. न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान, पहला टेस्ट, (1989 में)
3. वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड, दूसरा टेस्ट, (1990 में)
4. पाकिस्तान बनाम जिम्बाब्वे, तीसरा टेस्ट, (1998 में)
5. न्यूजीलैंड बनाम भारत, पहला टेस्ट, (1990 में)

**भारतीय टीम के साथ ऐसा वाकया हो चुका है :** साल 1990 में भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे पर गई थी. सीरीज का पहला टेस्ट खराब मौसम की वजह से रद्द हो गया था. भारतीय टीम को इस दौरे पर हार का सामना करना पड़ा था. पहला टेस्ट रद्द होने के बाद दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की टीम ने बाजी मारी थी.

तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा था. जिसके बाद न्यूजीलैंड यह सीरीज 1–0 से जीत गया. उस समय भारतीय टीम के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन थे. सचिन तेंदुलकर, नवजोत सिंह सिद्धू, अनिल कुंबले जैसे दिग्गज भी सीरीज का हिस्सा थे.

---

### विनेश फोगाट के फैसले से खफा हैं चाचा महावीर फोगाट


# अब मेरी बेटी संगीता फोगाट करेगी अधूरे काम पूरे : महावीर फोगाट

एजेंसी। नयी दिल्ली

पूर्व कुश्ती कोच और विनेश फोगाट के चाचा महावीर फोगाट ने विनेश के राजनीति में प्रवेश करने के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी संगीता फोगाट अब उनके सपने को आगे ले जाएगी. महावीर फोगाट ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए अपनी बेटी को तैयार करना शुरू कर दिया है. पिछले शुक्रवार विनेश ने टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया (संगीता के पति) के साथ कांग्रेस में शामिल हो गईं. वो जींद जिले के जुलाना से चुनावी मैदान में उतरेंगी. महावीर फोगाट ने आईएएनएस से कहा, विनेश को लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलना चाहिए था, लेकिन अब वह राजनीति में आ गई हैं. इसलिए हमने संगीता फोगाट को 2028 ओलंपिक के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है. वह भारत के लिए पदक लाएंगी. जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के कारण संगीता राष्ट्रीय चैंपियनशिप से चूक गई थीं. बबीता फोगाट घुटने की परेशानी से जूझ रही हैं, इसलिए उनके मैट पर वापस आने का कोई मतलब नहीं है.

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ने कहा कि वह विनेश के राजनीति में आने और अगले महीने हरियाणा चुनाव लड़ने के फैसले के खिलाफ हैं. वे चाहते थे कि विनेश 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक में हिस्सा लें और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें. महावीर फोगाट ने कहा, मैं चाहता था कि विनेश 2028 ओलंपिक के लिए खुद को तैयार करे.





विनेश ने चुनाव लड़ने का जो फैसला किया है, वह पूरी तरह से उनका और उनके पति का है. हम नहीं चाहते थे कि वह राजनीति में आएं. मैं उनके राजनीति में आने के फैसले से खुश नहीं हूं. पूरा देश उम्मीद कर रहा था कि विनेश 2028 में स्वर्ण पदक जीतेगी और मैं भी यही उम्मीद कर रहा था. वह राजनीति में आईं, विधायक या मंत्री भी बन सकती हैं, लेकिन अगर उन्होंने ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता होता तो उसे जीवन भर याद रखा जाता. उन्होंने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा पर विनेश फोगाट को राजनीति में लाने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया है. उन्होंने आगे कहा, 2024 ओलंपिक की निराशा से हर कोई निराश था. इसका फायदा उठाने के लिए भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा ने विनेश को राजनीति में धकेल दिया. शुरू में विनेश चुनाव नहीं लड़ना चाहती थीं. विनेश पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका काफी करीब से चूक गईं. इसके पीछे वजह रही उनके वेट कैटगरी से उनका 100 ग्राम अधिक वजन. इसलिए उन्हें ओलंपिक फाइनल से डिसक्वालीफाई कर दिया गया. इस तरह बाहर होने के बाद, विनेश ने कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की थी.

---

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

## स्टीव स्मिथ नंबर चार पर खेलेंगे, ऐसा हो सकता है बैटिंग ऑर्डर

**सिडनी ।** स्टीव स्मिथ के बैटिंग ऑर्डर को लेकर जो खबर सामने आई है, उसके मुताबिक स्टीव स्मिथ का बैटिंग ऑर्डर साफ कर दिया गया है. एसईएन रेडियो के मुताबिक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्टीव स्मिथ नंबर 4 पर खेलते दिख सकते हैं. इस पर हालांकि आधिकारिक मुहर तो नहीं लगी. लेकिन कहा यही जा रहा है. इससे पहले स्टीव स्मिथ के ओपनिंग में खेलने पर कयास लगाए जा रहे थे. दरअसल, डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने ओपनिंग को लेकर बड़ा सवाल था. सवाल ये कि उस्मान ख्वाजा के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ओपन कौन करेगा? ऐसे में स्टीव स्मिथ, ख्वाजा के जोड़ीदार बनने के बड़े दावेदार लग रहे थे. हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने पोजिशन को लेकर स्टीव स्मिथ ज्यादा चिंतित नहीं थे.

# विराट कोहली कई मायनों में ऑस्ट्रेलियाई हैं : स्टीव स्मिथ

एजेंसी। नयी दिल्ली

अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैदान पर विराट कोहली के दृष्टिकोण को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सोच तरह बताया है और उनका मानना है कि भारतीय दिग्गज बल्लेबाज अपने विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं. भारत और ऑस्ट्रेलिया 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे. दोनों देश क्रमशः पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में पांच मैचों की श्रृंखला में आमने-सामने होंगे. भारत ने क्रमशः 2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं. स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा ''एक्स'' पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मेरा मानना है कि विराट कोहली विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं. जिस तरह से वह लड़ाई में उतरते हैं, जिस तरह से वह



चुनौती का सामना करते हैं और विपक्ष पर हावी होने की कोशिश करते हैं. मैं कहूंगा कि वह संभवतः भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जैसी सोच रखते हैं. कोहली ने 29 टेस्ट शतकों सहित 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं और 113 टेस्ट मैचों में 49.16 की औसत से 8,846 रन बनाए हैं, जबकि स्मिथ ने 109 टेस्ट मैचों में 32 शतकों के साथ 56.97 की औसत से 9,685 रन बनाए हैं. स्मिथ ने आगे बताया कि दोनों खिलाड़ी अक्सर एक-दूसरे को बात करते हैं, और वो 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोहली का सामना करने के लिए उत्साहित हैं.


### यूएस मास्टर्स टी10 सीजन 2

# रैना, हरभजन और ब्रावो खेलेंगे

एजेंसी। लॉडरहिल

यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन से पहले फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमें चुन ली हैं, जिनमें ड्वेन ब्रावो, सुरेश रैना, शोएब मलिक, मिस्बाह उल हक, जेम्स नीशम, एंजेलो परेरा और आरोन फिंच जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो शीर्ष पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे.

टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए, यूएस मास्टर्स टी 10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए 500 से अधिक क्रिकेटरों ने रजिस्टर किया. कैलिफोर्निया बोल्ट्स ने प्लेयर ड्राफ्ट में जेम्स नीशम (न्यूजीलैंड), लियाम प्लंकेट (इंग्लैंडः प्लेटिनम ग्रेड), कॉलिन डी ग्रैंडहोम (न्यूजीलैंडः ग्लोबल सुपरस्टार), शेहान जयसूर्या (श्रीलंका), बिपुल शर्मा (भारत) और लाहिरू मिलंथा (यूएसए) के साथ पहले ही हस्ताक्षर कर लिए थे. उन्होंने मुनाफ पटेल (भारत), मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैंड),





मनप्रीत गोनी (भारत), समीउल्लाह शिनवारी (अफगानिस्तान), जॉन-रस जग्गेसर (वेस्टइंडीज), देवेंद्र बिशू (वेस्टइंडीज), क्रिस बेंजामिन (दक्षिण अफ्रीका), मयंक तेहलान (भारत), हुसैन तलत (पाकिस्तान), केसरिक विलियम्स (वेस्टइंडीज) और धम्मिका प्रसाद (श्रीलंका) को टीम में शामिल किया.

डेट्रॉइट फाल्कन्स ने तिषारा परेरा, अब्दुर रज्जाक (पाकिस्तानः प्लेटिनम ग्रेड), आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलियाः ग्लोबल सुपरस्टार), डेविड मलान (इंग्लैंड), रयाद एमरिट (वेस्टइंडीज) और एंजेलो परेरा (श्रीलंका) को सीधे तौर पर अपने साथ जोड़ा. इस तरह अन्य टीमों ने भी अपनी लिस्ट जारी की. टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है. हम इस विशेष यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं. इस साल आईसीसी टी20 विश्व कप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला. हम उस गति को बनाए रखना और इसे आगे ले जाना चाहते हैं.

**यूएस ओपन से जल्दी बाहर होने के बाद**

# कार्लोस अल्काराज डेविस कप के लिए तैयार

एजेंसी। मैड्रिड

कार्लोस अल्काराज का कहना है कि वह फिट हैं और इस सप्ताह के अंत में डेविस कप टेनिस के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, स्पेन का सामना कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य और फ्रांस से होगा, जिनके मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे. सोमवार को प्रेस से बात करते हुए, अल्काराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया, इससे पहले फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उनकी जीत हुई और अगस्त में ओलंपिक रजत पदक मिला. उन्होंने स्वीकार किया कि न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था, लेकिन उन्होंने कहा, उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा



चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें.

अल्काराज ने कहा कि कुछ दिनों के आराम और प्रशिक्षण के कारण बहुत तीव्र गर्मी के बाद उनमें तैयारी की कमी थी, जबकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अब वह घर पर डेविस कप खेलने के लिए अच्छा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं. उन्होंने आगे कहा, मानसिक रूप से मैं सुधार जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक और प्रेरित हूं और शारीरिक रूप से मैंने डेविस कप और जो आने वाला है उसका सामना करने के लिए इष्टतम स्तर पर रहने के लिए न्यूयॉर्क में हारने के बाद से अच्छा काम किया है.

---

### संन्यास का संकेत : ओलंपिक मेडल को लेकर ट्रोल हुईं सायना नेहवाल, दिया करारा जवाब, बोलीं

# ओलंपिक खेलों के स्तर के लायक तो बनें सभी खिलाड़ी

एजेंसी। नयी दिल्ली

ओलंपिक में मेडल जीतना कोई आसान बात नहीं है. भारत की ओर से ओलंपिक गेम्स में बैडमिंटन में पहला मेडल सायना नेहवाल ने जीता था. सायना ने 2012 ओलंपिक गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता था, जिसको लेकर हाल में उनकी ट्रोलिंग भी हुई. इस पर सायना ने अब एकदम कड़क जवाब दिया है. ओलंपिक गेम्स में मेडल जीतना कोई आसान बात नहीं होती है, चार सालों में एक बार ओलंपिक गेम्स खेला जाता है और इसमें क्वालिफाई करने के लिए ही काफी मशक्कत करनी पड़ती है. हाल में पेरिस ओलंपिक गेम्स में भारत के खाते में एक भी गोल्ड मेडल नहीं आया. भारत ने पेरिस ओलंपिक गेम्स में कुल छह मेडल जीते थे,





जिसमें एक सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे. पेरिस ओलंपिक गेम्स के दौरान सायना नेहवाल ने कुछ ऐसी बातें कही थीं, जिसको लेकर उनको जमकर ट्रोल किया गया था. दरअसल पेरिस ओलंपिक गेम्स में पहलवान विनेश फोगाट नेगोल्ड मेडल मैच के लिए क्वालिफाई कर लिया था, लेकिन 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के चलते उन्हें डिस्क्वॉलिफाई कर दिया गया था और वह कोई मेडल जीत नहीं पाई थीं. इस पर कमेंट करते हुए सायना ने कहा था कि इसके लिए विनेश खुद भी जिम्मेदार हैं.

एक निजी साक्षात्कार में बातचीत के दौरान सायना के पति और स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पारुपल्ली कश्यप ने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था, पेरिस ओलंपिक के दौरान सायना ने कुछ कहा था और कमेंट्स में लोग कहने लगे थे कि उसको तो ब्रॉन्ज मेडल गिफ्ट में मिला था. इस पर सायना ने तड़ाक से जवाब में कहा, ओलंपिक लेवल के लायक तो बनो आप. पहले ओलंपिक के लिए क्वलिफाई तो करके दिखाओ. 2012 ओलंपिक गेम्स में सायना का मुकाबला ब्रोन्ज मेडल के लिए चीन की वैन जिन से था. सायना ने पहला गेम 18-21 से गंवा दिया था और दूसरे गेम में वो 0-1 से पीछे चल रही थीं. उन्होंने संन्यास का हिंट भी दिया.

# डिवाइन, बेट्स रिकॉर्ड 9वीं बार खेलेंगी

## न्यूजीलैंड की टीम घोषित

**महिला टी20 विश्व कप**

एजेंसी। ऑकलैंड

न्यूजीलैंड ने अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स लगातार 9वीं बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा लेंगी. इस अनुभवी जोड़ी ने 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से महिलाओं के मेगा इवेंट के हर संस्करण में भाग लिया है. विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से हटने वाली डिवाइन टीम की अगुवाई करेंगी.

डिवाइन ने कहा, टी 20 विश्व कप महिलाओं के खेल के विकास और वृद्धि में एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है. मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं शुरुआत से ही इस टूर्नामेंट का हिस्सा रही हूं.

मैं विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर का इंतजार कर रही हूं. मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि विश्व कप टीम में शामिल होना एक विशेष अवसर है. सॉयर ने कहा, इस टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई. विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. मैं इस टीम से वास्तव में खुश हूं, मुझे लगता है कि ये हमारी सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित रूप से विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने में माहिर हैं.

न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है. वे चार अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने पहले ग्रुप मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेंगे. टीम टूर्नामेंट की तैयारी के लिए मैके और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलने के लिए 16 सितंबर को रवाना होगी.

**न्यूजीलैंड की टीम :** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेघ कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोजमेरी मेयर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू.

▼ ब्रीफ खबरें

## अक्षरा सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**खगड़िया।** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह गिरफ्तार हो सकती है. खगड़िया कोर्ट ने अक्षरा सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है. वहीं गैर-जमानती वारंट जारी होते ही अक्षरा सिंह की गिरफ्तार का आदेश जारी किया गया है. कोर्ट ने अक्षरा के मुंबई वाले पते पर गैर जमानती वारंट भेजा गया है. जानकारी के अनुसार, अक्षरा सिंह के वकील ने पूर्व में अग्रिम जमानत अर्जी खगड़िया कोर्ट में दाखिल की थी जिसे एडीजे पंचम की अदालत ने खारिज कर दिया था.

## नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पटनासिटी।** पटनासिटी में नर्सिंग स्कूल की छात्रा ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली. मामला खाजेकलां थाना क्षेत्र के गुरुगोविंद सिंह अस्पताल स्थित एलएचवी नर्सिंग स्कूल का है. छात्रा की पहचान रजनी के रूप में की गई है. वह इस्लामपुर की रहनेवाली थी. घटना की सूचना स्थानीय थाना को दे दिया गया है जिसके बाद पुलिस मौके बारदात पर पहुंच कर मामले की छानबीन में लगी हुई है. छात्रा इस्लामपुर की रहनेवाली बताई जा रही है. हालांकि छात्रा ने ऐसा कदम क्यों उठाया यह तो पुलिस के जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा.

## चल रही थी क्लास छात्रा को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में कोचिंग पढ़ने गई एक छात्रा को गोली मारी गयी है. इसके बाद कोचिंग छात्रा को गंभीर स्थिति में मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि छात्रा के साथ पढ़ने वाली ही एक छात्रा ने घटना को अंजाम दिया है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. दरअसल, पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के रामपुर कृष्णा पंचायत का है. जहां प्रतिदिन की तरह कोचिंग छात्रा आज भी कोचिंग पढ़ने गई थी और कोचिंग का क्लास चल रहा था. क्लास के दौरान छात्रा पर गोली चलाई गई.

# चिराग ने राहुल को घेरा, कहा- आरक्षण खत्म करने की सोचना भी अपराध

**संवाददाता। पटना**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण पर



अमेरिका में दिए बयान पर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने मंगलवार को बड़ा हमला बोला. चिराग ने कहा, आरक्षण समाप्त करना तो दूर, सोचना भी अपराध है राहुल गांधी जी ! उन्होंने सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में कहा, आज राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस पार्टी की मानसिकता का पर्दाफाश हुआ है. कांग्रेस चाहती है, और उनकी प्राथमिकताओं में यह रहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा दिए गए आरक्षण को समाप्त कर दिया जाए. संवैधानिक व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आरक्षण जरूरी है. ऐसे में आरक्षण को समाप्त करना तो दूर, कोई उस प्रावधान से छेड़छाड़ करने की भी नहीं सोच सकता. मैं विश्वास दिलाता हूं कि जबतक मैं, और मेरी पार्टी लोजपा (रामविलास) है तबतक न तो आरक्षण को कोई खतरा है और न ही संविधान को.

उन्होंने कहा कि कांग्रेसी मानसिकता वाले लोग जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे बयानों का इस्तेमाल करते आए हैं. आरक्षण का मुद्दा कांग्रेस का चुनावी जुमला है, जिससे हम सबको सावधान रहने की जरूरत है. केंद्र में लंबे अरसे तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ना तो जातीय जनगणना करा पाई और ना ही ओबीसी आरक्षण को ही लागू कर पाई. इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की सोच शुरू से आरक्षण विरोधी रही है. दोनों गठबंधनों में कितना फर्क है कि एक ओर नेता प्रतिपक्ष आरक्षण समाप्त करने की सोच रखते हैं तो दूसरी तरफ एनडीए के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरक्षण के सभी प्रावधान को वैसे ही लागू रखने के लिए कृतसंकल्प हैं.

दरअसल, राहुल गांधी ने कहा था कि अगर आप दलित, आदिवासी और ओबीसी को देखें तो वे 73 प्रतिशत हैं. जबकि 70 में मात्र एक आदिवासी, तीन दलित, तीन ओबीसी और एक अल्पसंख्यक हैं. भारत के 90 प्रतिशत लोगों को सरकार में मात्र 10 प्रतिशत जगह दी गई है. अगर आप वित्तीय आंकड़े देखें तो आदिवासियों को 100 रुपये में मात्र 10 पैसे, दलित को पांच रुपये और ओबीसी को भी इतने ही मिलते हैं. तो मुद्दे की बात यह है कि इन लोगों की सहभागिता नहीं हैं. राहुल गांधी ने कहा, समस्या यह है कि 90 प्रतिशत लोगों को हिस्सा ही नहीं मिल रहा है. भारत के बड़े व्यापारियों की सूची देखें तो शीर्ष 200 व्यापारियों में मात्र एक ओबीसी है, जबकि ये भारत की आबादी का 50 प्रतिशत हैं. हम सिस्टम को नहीं समझ रहे हैं, यही समस्या है. उन्होंने कहा, अब ये सिर्फ एकमात्र तरीका नहीं है, दूसरे तरीके हैं. लेकिन जब भारत एक निष्पक्ष देश होगा तब हम आरक्षण को ख़त्म करने का सोचेंगे. और भारत निष्पक्ष देश नहीं है.

### मानसिक संतुलन खो बैठे हैं कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी : मंगल पांडेय

**पटना।** स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने अमेरिका में दिए राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा की है. उन्होंने राहुल गांधी को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाते हुए कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी विपक्ष के नेता थे,



तो उन्होंने कभी देश की छवि खराब करने की कोशिश नहीं की. राहुल विपक्ष के नेता हैं और विपक्ष का पद एक जिम्मेदारी वाला पद होता है. मगर उनकी नीति और नीयत देश की छवि धूमिल करने की है. यही वजह है कि अक्सर विदेशी धरती पर वो भारत का अपमान कर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं. वहीं दूसरी ओर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी कार्यकुशलता से भारत का नाम दुनिया में रौशन कर रहे हैं.मंगल पांडेय ने कहा कि राहुल झूठ बोलते हैं. वो नफरत की दुकान संचालित करते हैं. उनकी पार्टी विध्वंसकारी और विभाजनकारी नीति की जनक रही है. वहीं आज पीएम मोदी के कार्यकाल में दुनिया भारत की ओर उम्मीद की निगाह से देख रही है.

### समस्तीपुर से शुभारंभ : सीधे कार्यकर्ताओं से होंगे रूबरू

# तेजस्वी की आभार यात्रा शुरू

**संवाददाता। समस्तीपुर**

बिहार में विपक्ष के नेता और प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को समस्तीपुर से 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' की शुरुआत कर दी है. इस यात्रा के दौरान तेजस्वी सीधे कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन करेंगे. कार्यक्रम का पहला चरण 10 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा. इस दौरान तेजस्वी यादव समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे. कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी अपने 17 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जानकारी देंगे, ताकि कार्यकर्ता राजद के कामों की उपलब्धियां जनता तक पहुंचा सकें.तेजस्वी यादव कार्यकर्ताओं में उत्साह भी भरेंगे. कार्यकर्ता आभार यात्रा' के दौरान वे बिहार की गिरती कानून व्यवस्था को भी उठायेंगे तथा सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे. इस यात्रा का मकसद संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करना और फीडबैक लेना है.

**पहला चरण मुजफ्फरपुर में होगा खत्म :** तेजस्वी यादव की 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' के पहला चरण की शुरुआत समस्तीपुर से हो रही है, जहां वो आज और कल (11 सितंबर) को रुकेंगे. इसके बाद 12 और 13 सितंबर को तेजस्वी दरभंगा के कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे. वहीं 14 और 15 सितंबर को वे मधुबनी में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे. पहले चरण का आखिरी पड़ाव मुजफ्फपुर में होगा, जहां 16 और 17 सितंबर को तेजस्वी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे. अगले चरण का शेड्यूल बाद में तय किया जायेगा.

**सभी मुद्दों को संबोधित करना व संगठन को मजबूत करना उद्देश्य :** 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' शुरू करने से पहले समस्तीपुर के टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद नेता ने कहा कि हमारा लक्ष्य पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर जमीनी हकीकत को समझना है. खासकर बिहार के लोगों के सामने आने वाले स्थानीय मुद्दों को.



समस्तीपुर में संबोधित करते तेजस्वी यादव.

### बिहार का व्यापक दौरा करेंगे तेजस्वी : लालू

तेजस्वी यादव की 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' लेकर आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव की यात्रा शुरू हो गयी है. वह बिहार का व्यापक दौरा करेंगे. बता दें कि बिहार में अगले साल (नवंबर 2025) में विधानसभा चुनाव होने हैं. पिछले बिहार चुनाव में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी. लेकिन आरजेडी के नेतृत्व वाला महागठबंधन बहुमत से चूक गया था. आरजेडी इस बार चुनावी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती. इसलिए अभी से पार्टी तैयारियों में जुट गयी है.

### तेजस्वी यादव पर भड़के अनंत सिंह

**मोकामा।** मंगलवार को मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से मिलने पहुंचे. इस दौरान अनंत सिंह तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला. दरअसल, अनंत सिंह पटना में ललन सिंह से मिलने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव भले यात्रा कर रहे हैं लेकिन उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव में इसका फायदा नहीं मिलेगा. तेजस्वी को केवल 8 सीट मिलेगी. वहीं तेजस्वी ने कहा था कि सीएम नीतीश अपराधी को सीएम आवास बुला रहे हैं और अपराधियों से मिलने उनके घर जा रहे हैं. चुनाव अगले साल है, इसलिए अब सभी दल के नेता एक –दूसरे पर तीखी टिप्पणी कर रहे हैं. सियासी माहौल गर्म है.

# नदी में डूबने से मां-बेटे सहित तीन की मौत

**संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में नदी में डूबने से मां-बेटे सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है. घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया है. घटना सिलाव और एकंगरसराय थाना क्षेत्र का है. पहली घटना सिलाव थाना क्षेत्र के कहटैन घेरवा खंधा में मां-बेटे की नदी में तैरता शव मिलने से इलाक़े में सनसनी फैल गई. घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि छबिलापुर थाना क्षेत्र केसरी बिगहा गांव निवासी कमलेश प्रसाद की 49 वर्षीय पत्नी सबिता देवी अपने 12 वर्षीय पुत्र बंटी कुमार उर्फ़ सौरभ के साथ बीती दोपहर को हर रोज़ की तरह नदी पार कर खेत में धान रोपनी के लिए हर रोज़ की तरह कल भी गए थे, तभी मां बेटा एक साथ नदी में डूब गए. घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल कर कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

वहीं, दूसरी घटना एकंगरसराय थाना क्षेत्र अमनार खाड़ गांव के सड़क किनारे नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव मिला. जब गांव के लोग शौच के लिए गए तो नदी में तैरता मिला. जिसके बाद व्यक्ति की पहचान के लिए भीड़ जुट गई और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज गया. फिलहाल पुलिस शव के पहचान में जुटी है. फ़िलहाल पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है.

### पोखर में नहाने गयीं पांच बच्चियां डूबीं, चार शव बरामद

**बांका।** बांका के चांदन प्रखंड में एक साथ परिवारों पर कहर टूट पड़ा. यहां एक पोखर में स्नान को गईं पांच लड़कियों के अचानक से गहरे पानी में चले जाने से वे सब डूब गईं. बांका के चांदन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आनंदपुर थाना क्षेत्र के चांदवारी पंचायत के बेहरार गांव में हुआ. बच्चियों के डूबने से कोहराम मच गया. आनन फानन में राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया. चार लड़कियों के शव बरामद हुए हैं. वहीं, एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है. बच्ची को परिजन इलाज के लिए सिमुलतला के अस्पताल ले गए हैं.

### माले नेता की गोली मारकर हत्या

**अरवल।** बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद है. बेखौफ अपराधी एक के बाद आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. राजधानी पटना में भाजपा नेता की छिनतई का विरोध करने पर गोली मारकर हत्या कर दी थी. अब अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के इमामगंज-करपी पथ पर कोचहासा गांव के समीप का है. जहां देर रात्रि अपराधियों ने गोली मारकर सुनील चंद्रवंशी की हत्या कर दी. इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. किंजर थाना अविलंब घटनास्थल पर पहुंच कर घटना स्थल की जांच की.

## डॉक्टर के क्लिनिक पर जमीन माफिया का हमला, पांच धराए

**संवाददाता। पटना**

पटना के एसके पूरी थाना क्षेत्र के बेहद पॉश इलाका बोरिंग रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास के एक निजी अस्पताल में अपराधियों ने हमला बोला. हथियारों से लैस दर्जनों अपराधियों ने दिनदहाड़े अस्पताल में तोड़फोड़ करते हुए डॉक्टर पिता-पुत्र को जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना की सूचना पर एसके पूरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना में शामिल भाग रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. अपराधियों ने डॉक्टर जगदानंद प्रसाद और डॉक्टर अंशुमान प्रियदर्शी पर जानलेवा हमला किया है. इस पूरी घटना की जानकारी देते हुए डॉक्टर अंशुमान प्रियदर्शी ने बताया कि हमलावर जमीन माफिया हैं. जिनकी मंशा मेरे जमीन पर जबरन कब्जा करने का है. पुलिस ने घटना स्थल से घटना में शामिल संजीत कुमार, मंगरू कुमार,अमोलक और परमजीत सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार किया.

## कारोबार

### 35 रुपये से टूटकर 6 रुपये पर आया शेयर

**नयी दिल्ली।** ईस्ट वेस्ट फ्रेट कैरियर्स के शेयर फोकस पर हैं. कंपनी के शेयर 4.1% बढ़कर ₹7.08 के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया. हालांकि, बाद में कुछ मुनाफावसूली हुई और यह 6.82 रुपये पर आ गया था. शेयरों मेंयह तेजी वित्त वर्ष 2024 की सालाना रिपोर्ट जारी होने के बाद देखी गई है. मंगलवार की तेजी के बावजूद, स्मॉलकैप स्टॉक अपने 52-सप्ताह के उच्चतम ₹11.47 से 38.3% नीचे है. पिछले साल अक्टूबर में अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर ₹4.65 से 52% से अधिक उछल गया है.

### 172 रुपये का इश्यूप्राइस 13 से खुल रहा आईपीओ

**नयी दिल्ली।** आईपीओ पर दांव लगाने वाले ध्यान दें. लॉजिस्टिक्स कंपनी वेस्टर्नकैरियर्स (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ लॉन्च होनेवाला है. इस आईपीओ का इश्यूप्राइस 163-172 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. यह आईपीओ 13 सितंबर को खुलेगा और 18 सितंबर को बंद होगा. बड़े (एंकर ए ) निवेशक 12 सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा पाएंगे. आईपीओ 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों और 54 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है. नए इश्यू से हासिल 163.5 करोड़ का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा.

### एग्रोकेमिकल को मेक इन इंडिया का फायदा

**नयी दिल्ली।** भारत की एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री में हाल के वर्षों में तेज वृद्धि देखने को मिली है. इस कारण निर्यात अगले 4 वर्षों में 80,000 करोड़ रुपये को पार कर सकता है. नयी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी. केंद्र सरकार की ''मेक इन इंडिया'' पहल के तहत कंपनियों को समय पर फ्रेमवर्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे भारत मैन्युफैक्चरिंग और एग्रोकेमिकल निर्यात का हब बन सकता है. भारत की एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उद्योग कम कीमत में अच्छी गुणवत्ता वाले केमिकल उपलब्ध करा रही है. इस कारण भारत की एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री के उत्पाद दुनिया के किसानों में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं.

**नौकरियों की भरमार आएगी :** मैनपावर ग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वे 2024 चौथी तिमाही की रिपोर्ट

# भारत नेट एंप्लॉयमेंट में सबसे मजबूत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

2024 की चौथी तिमाही में वैश्विक स्तर पर भारतीय कॉरपोरेट जगत में नियुक्ति की धारणा सबसे मजबूत है. यानी नौकरियों की भरमार आने वाली है. कंपनियां देश की आर्थिक स्थिति को लेकर उत्साहित हैं और 37 प्रतिशत नियोक्ता अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं. मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात सामने आई. मैनपावर ग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वे 2024 चौथी तिमाही के अनुसार, इसके अनुसार भारत में नेट एंप्लॉयमेंट सिनेरियो 37 प्रतिशत के साथ दुनिया भर में सबसे मजबूत है. इसके बाद कोस्टा रिका 36 प्रतिशत और अमेरिका 34 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं.

**रिपोर्ट में क्या है :** नेट एंप्लॉयमेंट सिनेरियो (एनईओ) की गणना कर्मचारियों की संख्या में कटौती की आशंका रखने वाले नियोक्ताओं के प्रतिशत से नियोक्ताओं को काम पर रखने की मंशा रखने वाले नियोक्तओं के प्रतिशत को घटाकर की जाती है. चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए भारत का रोजगार परिदृश्य 37 प्रतिशत रहा, जो तीसरी तिमाही से सात प्रतिशत अधिक है. पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह अपरिवर्तित है.

मैनपावर ग्रुप (भारत व पश्चिम एशिया) के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि नियोक्ताओं की नियुक्ति की मंशा देश की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाती है.

**इस क्षेत्र में है सबसे अधिक डिमांड :** सर्वे के अनुसार भारत का उत्तरी क्षेत्र 41 प्रतिशत की संभावना के साथ नौकरी की मांग में सबसे आगे है. इसके बाद 39 प्रतिशत के साथ पश्चिमी क्षेत्र का स्थान है. भारत, सिंगापुर और चीन में रोजगार परिदृश्य मजबूत बना है. हांगकांग में नियोक्ता रोजगार को लेकर सबसे अधिक सतर्क रहे. सर्वे एक से 31 जुलाई 2024 के बीच मिले के जवाबों पर आधारित है.

### खास बातें

- 37% कंपनियां कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे
- भारत के बाद कोस्टा रिका व फिर अमेरिका का नंबर

## भारत का हायरिंग आउटलुक दुनियाभर में सबसे मजबूत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत का हायरिंग आउटलुक 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दुनिया में सबसे मजबूत है. इसमें जुलाई-सितंबर तिमाही के मुकाबले 7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है. मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. मैनपावरग्रुप के एम्प्लॉयमेंट आउटलुक सर्वे में कहा गया, त्योहारी सीजन को देखते हुए सभी नियोक्ताओं की ओर से हायरिंग पर जोर दिया जा रहा है. 47 प्रतिशत के साथ फाइनेंशियल और रियल एस्टेट इंडस्ट्री का आउटलुक सबसे मजबूत है. इसके बाद आईटी (46 प्रतिशत), इंडस्ट्रियल और मटेरियल (36 प्रतिशत), कंज्यूमर गुड्स और सर्विसेज (35 प्रतिशत) है.

रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तर भारत ग्रोथ आउटलुक के मामले में 41 प्रतिशत के साथ लगातार शीर्ष पर है. पश्चिम 39 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है. मैनपावरग्रुप इंडिया और मिडिल ईस्ट के प्रबंधक निदेशक, संदीप गुलाटी की ओर से कहा गया कि हायरिंग में तेजी दिखाती है कि देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति मजबूत है. बड़े स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेपलवमेंट और विदेश नीतियों में मल्टीलेटरल अप्रोच से निर्यात बढ़ा है. गुलाटी ने कहा, डेमोग्राफिक डिविडेंड के कारण वैश्विक बाजारों में भारत में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है. रिपोर्ट में कहा गया, बाजार की मांग को पूरा करने के लिए सरकार ने स्किल डेवलपमेंट पर फोकस बढ़ाया है. इस कारण भारत आर्थिक समृद्धि के साथ तेजी से बेरोजगारी दर को कम कर पाएगा. इससे उभरती हुई इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा करने के लिए निपूर्ण वर्कफोर्स भी तैयार होगी. पिछली तिमाही के मुकाबले केवल हेल्थकेयर और लाइफ साइंस इंडस्ट्री का आउटलुक -6 प्रतिशत है. बाकी अन्य सभी सेक्टर्स का आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है. रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मांग और आपूर्ति के बीच टैलेंट की कमी का अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है.

### ईवी से मिलेगी भारत की ऑटो इंडस्ट्री को रफ्तार

**नयी दिल्ली।** इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक भारत की घरेलू ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री वित्त वर्ष 24 में 20 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 1.6 ट्रिलियन डॉलर (134 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकती है. ऑटो इंडस्ट्री के तेजी से बढ़ने की वजह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चलन में इजाफा बताया जा रहा है. डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस में इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने कहा कि देश में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री तेज वृद्धि के लिए तैयार है और 2047 तक 32 ट्रिलियन के जीडीपी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी. नई दिल्ली में हुए ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) इवेंट में गोयनका ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री का योगदान 2047 तक 1.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है. आने वाले समय में ऑटो इंडस्ट्री की जीडीपी में हिस्सेदारी मौजूदा 6.8 प्रतिशत से अधिक होगी, क्योंकि पिछले दो दशक से ऑटो इंडस्ट्री करीब 17 प्रतिशत के सीएजीआर से लगातार बढ़ रही है. देश में ऑटो सेक्टर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार में बड़ी भूमिका निभाता है.

- 2047 तक 134 लाख करोड़ पहुंच सकता है आकार

### मानुषी का किलर अंदाज...




मुंबई में वेल्ला प्रोफेशनल्स हेयर केयर के लॉन्च इवेंट के दौरान बॉलीवुड की अभिनेत्री और पूर्व विश्व सुंदरी मानुषी छिल्लर.

**शुरुआत** आईफोन 16 सीरीज लॉन्च से व्यापार में बढ़ोतरी संभव

# भारत में एप्पल के कारोबार में दिखेगी वृद्धि

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिग्गज टेक कंपनी एप्पल द्वारा वैश्विक स्तर पर नए आईफोन 16 के लॉन्च से भारत में कंपनी की आय में 2024 में सालाना 18 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है. साथ ही आईफोन के निर्यात में भी इजाफा देखने को मिल सकता है. इंडस्ट्री एनालिस्ट्स ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी. एप्पल की ओर से आईफोन 16 की नई सीरीज को लॉन्च कर दिया गया है. इसमें एप्पल इंटेलिजेंस, बड़ी डिस्प्ले और कैमरा कंट्रोल के साथ कई नए फीचर हैं. जानकारों का कहना है कि एप्पल द्वारा प्रो वर्जन को पिछले साल की अपेक्षा सस्ता रखा गया है. यह कंपनी का भारत में मार्केट शेयर बढ़ाने में मदद करेगा. काउंटरपॉइंट रिसर्च के डायरेक्टर तरुण पाठक ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, एप्पल भारत में मार्केट शेयर वॉल्यूम में 6 प्रतिशत और वैल्यू में 16 प्रतिशत है. ऐसे में दोहरे अंक में वृद्धि दर जारी रह सकती है. कंपनी की आय देश में 2025 में 10 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है.



आईफोन 16 सीरीज 20 सितंबर से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी. एनालिस्ट ने आगे कहा कि भारत में आईफोन की ज्यादातर ग्रोथ पहली बार आईफोन का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स की ओर से आएगी. एप्पल की ओर से देश में लगातार विस्तार किया जा रहा है. इससे कंपनी को वृद्धि हासिल करने में मदद मिलेगी.

पाठक ने आगे कहा, एप्पल भारत में एक एस्पिरेशनल ब्रांड है और केवल प्रीमियम कैटेगरी में ही उपलब्ध है. इसको खरीदने में सबसे बड़ी समस्या बस केवल अधिक कीमत का होना है. बाजार में आज के समय में कई अच्छी फाइनेंस स्कीम उपलब्ध हैं, जो कि आईफोन को ग्राहकों के लिए किफायती बनाती हैं. ताजा कंज्यूमर रिसर्च के मुताबिक 10 में से 6 प्रीमियम स्मार्टफोन यूजर फाइनेंस स्कीम के जरिए फोन खरीदना पसंद करते हैं.

वैश्विक निवेश फर्म जेफरीज के मुताबिक, सरकार की ''मेक इन इंडिया'' पहल और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण आईफोन का प्रोडक्शन भारत में एप्पल की कुल शिपमेंट का 2023 में 10 प्रतिशत रहा, जो कि 2017 में एक प्रतिशत से भी कम था. कंपनी की योजना 2025 में इसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक करने की है.

# शेयर बाजार में बढ़त, निफ्टी 25000 के पार

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ. यह लगातार दूसरा दिन था, जब बाजार में बढ़त हुई. कारोबार के अंत में सेंसेक्स 361 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,921 और निफ्टी 104 अंक या 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,041 पर था. लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक खरीदारी हुई. निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 691 अंक या 1.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,039 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 220 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,317 पर था. बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 6.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.36 पर बंद हुआ था, जो दिखाता है कि बाजार में स्थिरता है.



एनएसई पर आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा सबसे अधिक बढ़ने वाले इंडेक्स थे. केवल ऑयल गैस, पीएसयू बैंक और फिन सर्विस ही लाल निशान में बंद हुए हैं. सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, विप्रो, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टीसीएस, टाइटन, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे. बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एसबीआई और रिलायंस टॉप लूजर्स थे. बाजार के जानकारों का कहना है कि पिछले हफ्ते हुई गिरावट के बाद बाजार में तेजी देखने को मिल रही है. इसकी वजह अच्छे मानसून और त्योहारी सीजन के चलते मजबूत मांग का बने रहना है. हालांकि, अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती जैसे बड़े इवेंट के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी. सुबह 9:22 बजे सेंसेक्स 139 अंक या 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,698 और निफ्टी 52 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,988 पर था.

## न्यूज अपडेट

### ट्रेन को डिरेल करने की साजिश नाकाम

**अजमेर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के बाद राजस्थान के अजमेर में ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश को नाकाम कर दिया गया है. अजमेर के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर सोमवार रात को सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो जगहों पर रेलवे ट्रैक पर लगभग एक क्विंटल वजनी सीमेंट ब्लॉक रखा गया था, ताकि ट्रेन को पटरी से उतारा जा सके. हालांकि, बड़ी दुर्घटना होने से बच गई. ट्रेन, रेलवे ट्रैक पर रखे सीमेंट ब्लॉक को तोड़ते हुए आगे निकल गई. राहत की बात यह रही कि ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुई.

### गाजा में इसराइल के हमले में 40 मरे

नयी दिल्ली। हमास संचालित प्रशासन ने कहा है कि ग़ाज़ा पट्टी में इसराइल के ताज़ा हवाई हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है. हमास संचालित सिविल डिफ़ेंस प्रशासन ने कहा है कि ये हमला मानवीय मदद के लिए निर्धारित इलाक़े में हुआ और कई अन्य लोगों के घायल होने की आशंका है. इसराइली सेना ने कहा कि 'उसके लड़ाकू विमानों ने ख़ान युनिस में हमास के लड़ाकों के एक संचालन केंद्र पर हमला किया और इस अभियान में नागरिकों को नुकसान से बचाने के उपाय किए गए थे.'

### शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के ख़िलाफ़ दिल्ली हाई कोर्ट के समन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है. वेबसाइट बार एंड बेंच के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कथित तौर पर "शिवलिंग पर बिच्छू" वाले उनके बयान के लिए उनके ख़िलाफ़ मानहानि का मुक़दमा दायर किया गया था. इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने शशि थरूर को समन जारी किया था. दिल्ली हाई कोर्ट ने 29 अगस्त को निचली अदालत में थरूर के ख़िलाफ़ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था.

### बहराइच में पांचवां भेड़िया पकड़ा गया

**बहराइच।** वन विभाग ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में आतंक का सबब बने एक और भेड़िये को पकड़ लिया है. अधिकारियों के अनुसार, पांच भेड़ियों को पकड़ा जा चुका है और एक और भेड़िये को पकड़ा जाना है. सोमवार की रात रेस्क्यू अभियान चलाया गया. डीएफ़ओ अजीत प्रताप सिंह ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "छह भेड़ियों को पकड़ने की बात थी, जिसमें पांच को पकड़ लिया गया है. एक अब भी लापता है, उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा." उन्होंने कहा कि वन विभाग की एक पूरी टीम लगी है .

### स्कूल के हॉस्टल से तीन छात्राएं लापता

**गाजियाबाद।** नोएडा में लापता हुए दो छात्रों के वापस आने के बाद, अब गाजियाबाद के एक स्कूल के हॉस्टल से तीन छात्राओं के लापता होने की खबर सामने आई है. जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के ब्लॉक रजापुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से सोमवार रात तीन छात्राएं लापता हो गईं. इसमें एक छात्रा सातवीं और दो छात्रा आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं. सोमवार रात तीनों हॉस्टल में मौजूद थीं और अपने-अपने कमरों में सोई थीं. मंगलवार सुबह तीनों छात्राएं लापता पाई गईं.

### सोने की तस्करी का मास्टरमांइड धराया

**नयी दिल्ली।** देश में सोने की तस्करी के लिए वांछित मुनियाद अली खान को सुरक्षा एजेंसियां यूएई से गिरफ्तार कर भारत ले आई हैं. मुनियाद अली खान को 2020 में जयपुर हवाई अड्डे पर एनआईए ने पकड़ा था. खान सोने की तस्करी के मामले में मास्टरमाइंड था. एनआईए ने उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया था. जांच के दौरान पाया गया कि मुख्य साजिशकर्ता मुनियाद अली खान ही था. उसने ही सऊदी अरब के रियाद शहर से भारत में सोने की छड़ों को स्मगल करने की योजना बनाई थी.

### दिल्ली में राष्ट्रपति शासन पर घमासान

**नयी दिल्ली।** भाजपा विधायकों की ओर से दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र पर सियासी घमासान जारी है. मंगलवार को दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली की चुनी हुई सरकार को चोर दरवाजे से बर्खास्त करना चाहती है. आतिशी ने कहा कि भाजपा का एकमात्र काम चुनी हुई विपक्ष की सरकारों को गिराना है. भाजपा दिल्ली में आप के विधायकों को नहीं खरीद पाई, इसलिए अब वह दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए षड्यंत्र कर रही है.

### अमेरिकी व ब्रिटिश विदेश मंत्री जाएंगे यूक्रेन

**कीव।** पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटेन के उनके समकक्ष डेविड लैमी इस हफ्ते एकसाथ यूक्रेन का दौरा करेंगे. दोनों ने कहा कि रूस के ख़िलाफ़ यूक्रेन का साथ देने के लिए यह नाज़ुक पल है.डेविड लैमी ने कहा कि दशकों में पहला ऐसा दौरा होगा. ये यूक्रेन के प्रति पश्चिमी देशों की प्रतिबद्धता दिखाएगा. वहीं ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की प्राथमिकता यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर उसकी सहायता करना है.

### लेफ्टिनेंट बन गांव लौटी किसान की बेटी

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में एक किसान की बेटी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है. बुधवार को उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा. सीमावर्ती इलाके गुलपुर सिंबली गांव की रहने वाली पल्लवी ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उसके परिवार ने अहम भूमिका निभाई. लेफ्टिनेंट पल्लवी ने पठानकोट से 12वीं की पढ़ाई की है. उन्होंने चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन किया है और कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा में पूरे देश में छठा स्थान (एआईआर-6) हासिल किया है.

**अमेरिका :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बोले- मैं इस बार के चुनाव को स्वतंत्र नहीं मानता, यह नियंत्रित चुनाव था

# राहुल गांधी के बयान पर सियासी घमासान

**लगातार न्यूज नेटवर्क। वॉशिंगटन**

अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कई मुद्दों पर विस्तार से बात कर रहे हैं. उनके बयानों पर भारत में सियासी घमासान जारी है. इसी कड़ी में उन्होंने जार्जटाउन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के साथ भी संवाद किया. अभी तक लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेराजगारी पर बात कर रहे थे, लेकिन अब अपने बयान में उन्होंने चुनाव आयोग को भी निशाने पर ले लिया. इसके साथ ही उन्होंने आरक्षण और अल्पसंख्यकों को लेकर भी बयान दिया, जिसको लेकर उन पर विपक्षी दलों ने निशाना साधा.

राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर टिप्पणी की. इसके अलावा उन्होंने व्यापार, आरएसएस, मीडिया और संविधान जैसे मुद्दों पर भी बात की. राहुल गांधी ने कहा, "चुनाव से पहले हमें इस बात की चिंता थी कि संस्थानों पर कब्ज़ा कर लिया गया है... हमारे लिए यह फ़ेयर गेम नहीं था. शिक्षा व्यवस्था पर आरएसएस ने कब्ज़ा कर लिया है. मीडिया और जांच एजेंसियों पर कब्ज़ा है. हम यह लोगों को बता रहे थे लेकिन वे इस बात को नहीं समझ पा रहे थे..." "इसके बाद मैंने संविधान को अपने साथ रखना शुरू कर दिया और लोगों को सब समझ में आने लगा... भारत के ग़रीब और पीड़ित लोगों को समझ में आ गया कि अगर संविधान गया तो सबकुछ चला जाएगा. ग़रीब लोगों को यह समझ में आ गया कि ये लड़ाई संविधान को बचाने वालों और इसे ख़त्म करने वालों के बीच है." हुल गांधी ने कहा, "जातिगत जनगणना का मुद्दा भी बड़ा हुआ. ये सब चीज़ें अचानक से साथ हो गईं."

उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि एक निष्पक्ष चुनाव में भाजपा 246 सीट तक भी जीत सकती थी. उनके पास वित्तीय सहायता थी, उन्होंने हमारे बैंक अकाउंट लॉक कर दिए. चुनाव आयोग वही कर रहा था जो वो चाहते थे." "पूरा चुनाव अभियान इस तरह से तैयार किया गया कि नरेंद्र मोदी पूरे देश में अपना काम कर सकें. जिन राज्यों में वे कमज़ोर थे उन्हें अलग तरीके से डिज़ाइन किया गया, जहां वे मजबूत थे वहां अलग तरीके से डिज़ाइन किया गया. मैं इसे स्वतंत्र चुनाव नहीं मानता. मैं इसे नियंत्रित चुनाव मानता हूं." उन्होंने कहा, "सरकार और दो या तीन बड़े बिजनेस के बीच बड़ी सांठगांठ है. ओबीसी और दलितों को धोखा दिया जा रहा है."




### 'जब भारत एक निष्पक्ष देश होगा तब हम आरक्षण खत्म करने पर सोचेंगे'

राहुल गांधी ने मंगलवार को अमेरिका के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में आरक्षण को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा था, "अगर आप दलित, आदिवासी और ओबीसी को देखें तो वे 73 प्रतिशत हैं. जबकि 70 में मात्र एक आदिवासी, तीन दलित, तीन ओबीसी और एक अल्पसंख्यक हैं. भारत के 90 प्रतिशत लोगों को सरकार में मात्र 10 प्रतिशत जगह दी गई है." "अगर आप वित्तीय आंकड़े देखें तो आदिवासियों को 100 रुपये में मात्र 10 पैसे, दलित को पांच रुपये और ओबीसी को भी इतने ही मिलते हैं. तो मुद्दे की बात यह है कि इन लोगों की सहभागिता नहीं हैं." राहुल गांधी ने कहा, "समस्या यह है कि 90 प्रतिशत लोगों को हिस्सा ही नहीं मिल रहा है. भारत के बड़े व्यापारियों की सूची देखें तो शीर्ष 200 व्यापारियों में मात्र एक ओबीसी है, जबकि ये भारत की आबादी का पचास प्रतिशत हैं. हम सिस्टम को नहीं समझ रहे हैं, यही समस्या है." कहा, "अब ये सिर्फ एकमात्र तरीका नहीं है, इसके अलावा भी दूसरे तरीके हैं. लेकिन जब भारत एक निष्पक्ष देश होगा तब हम आरक्षण को ख़त्म करने के बारे में सोचेंगे. और भारत निष्पक्ष देश नहीं है." "इससे समस्या भी खड़ी होती है. क्योंकि सवर्ण जाति से आने वाले बहुत से लोग सवाल उठाते हैं कि हमने क्या गलत किया, हमें क्यों सज़ा दी जा रही है. इसीलिए आप इन सब चीज़ों की आपूर्ति को बढ़ाने के बारे में सोचते हैं. आप सत्ता के विकेंद्रीकरण के बारे में सोचते हैं. आप अपने देश की शासन प्रणाली में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को शामिल करने के बारे में सोचते हैं."

### मायावती ने आरक्षण पर कांग्रेस को घेरा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा है. उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री का कहना है कि कांग्रेस वर्षों से आरक्षण को खत्म करने के षड़्यंत्र में लगी है. मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट कर कहा, ''केंद्र में काफी लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया



और न ही देश में जातीय जनगणना कराने वाली यह पार्टी अब इसकी आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है. इनके इस नाटक से सचेत रहें जो आगे कभी भी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी.' उन्होंने कहा, 'अब कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सतर्क रहें, जिसमें उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहतर स्थिति में होगा तो हम एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे. इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षड़्यंत्र में लगी है.'' इन वर्गों के लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिए गए इस घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केंद्र की सत्ता में आते ही, अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी. ये लोग संविधान व आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से जरूर सजग रहें. जबकि, सच्चाई में कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण-विरोधी सोच की रही है. केंद्र में रही इनकी सरकार में जब इनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब इस पार्टी से इनको इंसाफ ना मिलने की वजह से ही डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था.

## राहुल गांधी के बयानों पर भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया

**नयी दिल्ली।** आरएसएस और पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी के बयानों को 'देश विरोधी' बताया है. वहीं बीजेपी नेता आरपी सिंह ने एएनआई से कहा, "कांग्रेस की सरकार के रहते सिखों की पगड़ी उतारी जाती थी, चेकिंग होती थी, उनके केश काटे गए, जलाया गया. कांग्रेस के रहते दिल्ली के अंदर 3000 सिखों का कत्लेआम हुआ." उन्होंने कहा, "आज देश के अंदर सभी धर्मों को एक समान देखा जाता है, कोई भेदभाव नहीं है. विदेश में जाकर वैमनस्य फैलाना गलत है. मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूँ, वो सिखों को लेकर जो बयान विदेश में दे रहे हैं, वही बयान भारत में दें और मैं उनके ख़िलाफ़ मुकदमा करूंगा."

शिवराज सिंह ने कहा, "राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं. ये ज़िम्मेदारी का पद है. मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूँ कि जब अटल बिहारी वाजपेयी नेता प्रतिपक्ष थे, नरसिम्हा राव जी प्रधानमंत्री हुआ करते थे, तब कई मामलों में वाजपेयी जी बाहर देश का प्रतिनिधित्व करते थे. देश के बाहर कभी भी नेता प्रतिपक्ष ने देश की छवि खराब करने की कोशिश नहीं की." कहा, "लेकिन राहुल कुंठाग्रस्त हैं. लगातार तीसरी बार हारने के कारण वो बीजेपी, संघ और मोदी के अंधविरोधी हो गए हैं. और वो ये विरोध करते करते देश का ही विरोध करने लगे हैं. वे लगातार देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं." कहा, "ये देशद्रोह के अंतर्गत ही आता है. इमरजेंसी किसने लगाई? राहुल भारत जोड़ो यात्रा करते हैं पर वो ना भारत से जुड़ पाए, ना भारत के लोगों से जुड़ पाए."



### राहुल गांधी ने सिर्फ देश के मौजूदा हालात पर की है बात : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए भाषण, नागपुर हिट एंड रन केस समेत कई मुद्दों पर खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी. कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका की यात्रा के दौरान भाजपा सरकार और आरएसएस पर दिए गए बयान व चीन की तारीफ के बारे में उन्होंने कहा कि राहुल ने कुछ भी गलत नहीं कहा, उन्होंने सिर्फ देश के मौजूदा हालात के बारे में बताया है. भारत में भाजपा और आरएसएस के लोग धर्म और जाति की राजनीति कर रहे हैं. राहुल गांधी ने केवल लोगों के मन की बात कही है.

बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी 'डर का माहौल' बना रहे हैं. डर उन लोगों को लगता है जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, घोटाले कर रहे हैं. लेकिन देश में ऐसा एक भी व्यक्ति नहीं है जो कहे की उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डर लगता है. राहुल गांधी ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री की लोकप्रियता लोगों के सर चढ़ कर बोल रही है.

## केदारनाथ धाम मार्ग पर भूस्खलन में दबने से पांच श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी। रूद्रप्रयाग**

केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के चलते सोनप्रयाग के समीप हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई. हादसे में तीन लोग घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है. राहत एवं बचाव कार्य जारी है. अपर ज़िलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया, "सोमवार शाम क़रीब साढ़े सात बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ यात्री मलबे में दब गए." "ये यात्री भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से गुज़रते हुए गौरीकुंड से सोनप्रयाग की ओर आ रहे थे."

सूचना मिलने पर पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की ओर से संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया गया. ज़िलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने कहा, "रेस्क्यू के दौरान देर रात



को इस स्थान से तीन लोग घायल अवस्था में निकाले गए जबकि एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला जिसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया." "बीती रात के समय ख़राब मौसम और लगातार पहाड़ से मलबा-पत्थर आने के कारण रेस्क्यू टीमों को अपना कार्य करने में दिक्कतें आईं और रेस्क्यू कार्य रोकना पड़ा." "जनपद पुलिस के स्तर से यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाम के 06:30 बजे के बाद आवाजाही बिल्कुल बंद कर दी गई थी.

## भाजपा नेता पुत्र की ऑडी ने वाहनों को मारी टक्कर

**पूरे मामले को लेकर विपक्ष आक्रामक, नेता पुत्र को बचाने के लिए ड्राइवर को फंसाने की खबर**

**एजेंसी। नागपुर**

महाराष्ट्र के नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने अलग-अलग जगहों पर कई वाहनों को टक्कर मार दी. पुलिस ने चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. रिपोर्ट के अनुसार, ऑडी कार महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे के नाम पर पंजीकृत होने की जानकारी सामने आई है. यह घटना नागपुर के रामदासपेठ इलाके की है. सीताबल्डी थाने में मामला दर्ज किया गया है. गिरफ्तार लोगों की पहचान चालक अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि शराब के नशे की वजह से ये घटना हुई है. पुलिस ने दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच भी कराई है. रिपोर्ट का इंतजार है.

ऐसी खबर है कि नेता के बेटे को बचाने के लिए ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. सीताबल्डी थाने की इंस्पेक्टर अनामिका मिर्झापुरे ने कहा कि यह घटना रात में सेंटर प्वाइंट होटल के सामने हुई है. एक तेज रफ्तार कार दो कार और एक बाइक को टक्कर मारके भाग गई थी. दो आरोपियों अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है. उनकी मेडिकल जांच कराई गई है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है. सीताबल्डी थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ऑडी ने पहले शिकायतकर्ता जितेंद्र सोनकांबले की कार को देर रात एक बजे टक्कर मारी थी. इसके बाद एक मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए. हालांकि, यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई. इस पूरे मामले पर को लेकर विपक्ष आक्रामक है. चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि कार मेरे बेटे के नाम पर है, घटना की निष्पक्ष जांच की जाए, जो दोषी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए.

### संजय राउत बोले- ड्राइवर की अदला-बदली की गई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने नागपुर हिट एंड रन मामले पर उन्होंने कहा कि एक अमीर आदमी का बेटा शराब के नशे में सड़क पर लोगों को कुचल रहा है, लेकिन उस अमीर आदमी के बेटे का नाम एफआईआर में नहीं है. अगर इस राज्य में कानून एक जैसा है, तो यह बताया जाना चाहिए कि नागपुर में हिट एंड रन का क्या मामला है. उस मामले में कार किसकी है? किसके नाम पर है? कार कौन चला रहा था? उन्होंने कहा कि ड्राइवर की अदला-बदली की गई, ये सब रिकॉर्ड में है. गाड़ी की नेम प्लेट क्यों हटाई गई? अगर बावनकुले के परिवार का इस दुर्घटना से कोई लेना-देना नहीं है, तो इसे क्यों छिपाया जा रहा है? कार चलाने वाला राजकुमार नशे में था और उसे बचाया जा रहा है.

## हरियाणा : भाजपा ने पेहोवा से बदला उम्मीदवार

**एजेंसी। चंडीगढ़**

भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर 21 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में भाजपा ने पेहोवा से अपना उम्मीदवार बदल कर जय भगवान शर्मा (डीडी शर्मा) को प्रत्याशी घोषित किया है. दरअसल, भाजपा ने अपनी पहली सूची में पेहोवा से सरदार कमलजीत सिंह अजराना को उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पार्टी ने इस सीट से नए उम्मीदवार को मैदान में उतारा है. पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट में मुस्लिम उम्मीदवारों को भी मैदान में उतारा है. भाजपा ने मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में नारायणगढ़ से पवन सैनी, पुंडरी से सतपाल जाम्बा, असंध से योगेंद्र राणा, गनौर से देवेंद्र कौशिक, राई से कृष्णा गहलावत, बरौदा से प्रदीप सांगवान, जुलाना से कैप्टन योगेश बैरागी, नरवाना से कृष्ण कुमार बेदी, डबवाली से सरदार बलदेव सिंह मांगीयाना, ऐलनाबाद से अमीर चंद मेहता, रोहतक से मनीष ग्रोवर, नारनौल से ओम प्रकाश यादव, बावल से कृष्ण कुमार, पटौदी से बिमला चौधरी, नूंह से संजय सिंह, फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद को उम्मीदवार बनाया है.

### 'आप' ने जारी की दूसरी लिस्ट, 9 उम्मीदवारों को दिया टिकट

नयी दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी. पार्टी ने दूसरी लिस्ट में 9 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है. अब तक ''आप'' 29 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुका है. आम आदमी पार्टी ने साढौरा से रीता बामनिया, थानेसर से कृष्ण बजाज को चुनावी मैदान में उतारा है. इसके अलावा पार्टी ने इंद्री से हवा सिंह, रतिया से मुख्तियार सिंह बाजीगर, आदमपुर से एडवोकेट भूपेंद्र बेनीवाल को अपना उम्मीदवार बनाया है. आप ने बरवाला से प्रोफेसर छत्रपाल सिंह, बावल से जवाहर लाल, फरीदाबाद से प्रवेश मेहता और तिगांव से अबाश चंदेला को टिकट दिया है. आप ने सोमवार को अपनी पहली लिस्ट जारी की थी.

### वियतनाम में यागी तूफान ने छोड़े तबाही के निशान, अब तक 82 लोगों की मौत



यागी तूफान की वजह से वियतनाम में आए भूस्खलन के बाद से अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है. -एजेंसी

**अच्छी पहल** ऑस्ट्रेलिया सरकार डिजिटल प्लेटफार्मों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने का कानून बनाएगी

# ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर लगेगा बैन

**एजेंसी। कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की. समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार 2024 में सोशल मीडिया और अन्य संबंधित डिजिटल प्लेटफार्मों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने का कानून पेश करेगी. प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, ''हम जानते हैं कि सोशल मीडिया सामाजिक नुकसान पहुंचा रहा है. यह बच्चों को असली दोस्तों और असली अनुभवों से दूर कर रहा



है.' इस कानून को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार किया जाएगा, लेकिन उनकी प्राथमिकता न्यूनतम आयु 16 वर्ष निर्धारित करने की है.

अगस्त में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के एक सर्वे के अनुसार, 61 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने 17 साल से कम आयु के लोगों तक सोशल मीडिया की पहुंच को प्रतिबंधित करने का समर्थन किया. दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर पीटर मालिनौस्कास ने पूर्व संघीय न्यायाधीश रॉबर्ट फ्रेंच को 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करने के लिए कानूनी रास्ते तलाशने का काम सौंपा. पीएम ने कहा कि संघीय सरकार कानून का मसौदा तैयार करते समय रॉबर्ट फ्रेंच की समीक्षा पर विचार करेगी.

बता दें कि कई अध्ययनों में सोशल मीडिया के उपयोग और अवसाद के बीच घनिष्ठ संबंध पाया गया है. एक अध्ययन के अनुसार, मध्यम से गंभीर अवसाद लक्षण वाले युवाओं में सोशल मीडिया का उपयोग करने की संभावना लगभग दोगुनी थी.

### सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव और अभिभावकों के लिए सलाह

**शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं :** सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के परिणामस्वरूप स्वास्थ्यप्रद, वास्तविक दुनिया की गतिविधियों पर कम समय व्यय किया जाता है. सोशल मीडिया फीड्स को स्क्रॉल करते रहने की आदत-जिसे 'वैम्पिंग' कहा जाता है, के कारण नींद की कमी की समस्या उत्पन्न होती है.

**सामाजिक संबंध :** किशोरावस्था सामाजिक कौशल विकसित करने का एक महत्वपूर्ण समय होता है, लेकिन, चूंकि किशोर अपने दोस्तों के साथ आमने-सामने कम समय बिताते हैं, इसलिये उनके पास इस कौशल के अभ्यास के कम अवसर होते हैं. जानकार मानते हैं कि तकनीक के दो पहलू हैं. जहां वो जानकारी का एक बड़ा स्रोत बन सकता है, वहीं इसके दुष्परिणाम भी हैं. ऐसे में इसका संतुलित इस्तेमाल होना बेहद ज़रूरी है.

**अभिभावकों को सलाह :** छोटे बच्चों को स्मार्टफ़ोन से दूर रखें. बच्चे को स्मार्टफ़ोन या टैबलेट देने की उम्र तय करें. अगर बच्चा किसी और दूसरे दोस्त के पास स्मार्टफ़ोन होने का तर्क दे तो उससे बात करें और समझाएं. अगर बच्चों को अपने दोस्तों से कनेक्टेड रहना ही है तो घर में लैंडलाइन लगाएँ या केवल ऐसा मोबाइल फ़ोन दें जिससे केवल बात और मैसेज किया जा सके. अगर बच्चे की पढ़ाई के लिए मोबाइल ज़रूरी है तो स्क्रीन टाइम को नियंत्रित कीजिए. स्कूलों में असाइनमेंट ऑनलाइन दिए जाते हैं तो ऐसे में आप एक प्रिंटर ख़रीदिए क्योंकि ये आपके लिए बच्चे पर होने वाले नुक़सान से सस्ता होगा. इस रिपोर्ट में ये कहा गया है कि जितनी देरी से बच्चों को स्मार्टफ़ोन मिलता है, उतना ही कम उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर होता है.

## देश में बीते 15 महीने के दौरान पहली बार घटी बिजली की मांग

- रिसर्च एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट- हाइड्रो एनर्जी का उत्पादन बढ़ा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत में बिजली की अधिकतम मांग अगस्त महीने में घटकर 217 गीगावाट रह जाने का अनुमान है, जो एक साल पहले 238 गीगावाट थी. मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. रिसर्च एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अगस्त में बिजली की मांग सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत गिरकर 144 बिलियन यूनिट्स (बीयू) रह गई है. बिजली की मांग में कमी ऐसे समय पर देखने को मिल रही है, जब अगस्त में औसत से 7 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है.

बीते महीने जुलाई में बिजली की मांग में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी. अप्रैल से अगस्त अवधि के दौरान सालाना आधार पर बिजली की मांग में 7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. अगस्त 2024 में बिजली का अनुमानित उत्पादन 155 बीयू का रहा है. इसमें सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की गिरावट हुई है. इसके अलावा कोयला और रिन्यूएबल एनर्जी में क्रमशः 3 और 13 प्रतिशत की गिरावट हुई है. हालांकि, बारिश अच्छी होने के कारण हाइड्रोपावर जनरेशन में 7.6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है. बारिश कम होने के कारण इससे पहले दो महीने लगातार हाइड्रोपावर उत्पादन में कमी हुई थी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)